* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

27 अप्रैल, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 187

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

दिल्ली मेयर चुनावः आप की शैली ओबेरॉय निर्विरोध मेयर चुनी गयीं, भाजपा ने वोटिंग से पहले शिखा राय का नाम वापस लिया।



# छत्तीसगढ़ में नक्सली हमला पुलिस के 10 जवान शहीद

आजाद सिपाही संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बुधवार को नक्सली हमले में 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गये। ये जवान डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) यूनिट के थे। इनके अलावा इनकी गाड़ी के ड्राइवर की भी हमले में मौत हुई है। इनकी टीम बारिश में फंसे सुरक्षा बलों को रेस्क्यू करने जा रही थी। इसी दौरान नक्सलियों ने आइइडी ब्लास्ट में पुलिसकर्मियों का वाहन उड़ा दिया। जानकारी के मुताबिक हमला दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र में अरनपुर-समेली के बीच हुआ। वाहन को 50 किलो विस्फोटक से ब्लास्ट किया गया। सूत्रों के मुताबिक यहां पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसी दौरान नक्सलियों ने वाहन पर बम भी फेंका। आइजी सुंदरराज पी ने कहा कि मौके पर सीनियर ऑफिसर्स भेजे गये हैं। इलाके में सर्चिंग ऑपरेशन जारी है।

नक्सली हमले में शहीद होनेवालों में प्रधान आरक्षक जोगा सोढ़ी, मुन्ना राम कड़ती, संतोष तामो, नव आरक्षक दुल्गो मंडावी, लखमू मरकाम, नव आरक्षक जोगा कवासी, नव आरक्षक हरिराम मण्डावी, गोपनीय सैनिक राजू राम करटम, जयराम पोड़ियाम जगदीश कवासी और गाड़ी के ड्राइवर धनीराम यादव शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक बस्तर में नक्सलियों का टैक्टिकल काउंटर अफेंसिव कैंपेन (टीसीओसी) चल रहा है। नक्सली इस दौरान अकसर कई बड़ी घटनाओं को अंजाम देते हैं। टीसीओसी को देखते हुए फोर्स भी अलर्ट मोड पर है। बस्तर के सभी जिलों में जवानों को सर्चिंग के लिए भेजा जा रहा है। पांच दिन पहले सुकमा जिले में सुरक्षाब लों ने नक्सलियों का कैंप ध्वस्त कर दिया था। भारी मात्रा में विस्फोटक समेत नक्सलियों के दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया था। बताया जा रहा है कि इस कैंप में करीब 25 से 30 की संख्या में नक्सली मौजूद थे। जवानों के आने की खबर मिलते ही सभी नक्सली भाग गये थे।

## गाड़ी को 50 किलो विस्फोटक से उड़ाया



## पीएम और सीएम ने दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। मोदी ने कहा कि दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हम हमले में शहीद हुए बहादुर जवानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जायेगा। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। वहीं, बघेल ने दुख जताते हुए कहा कि शहीदों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। नक्सलियों को बख्शा नहीं जायेगा।

## सीएम हेमंत सोरेन ने भी दुख व्यक्त किया

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छत्तीसगढ़ में नक्सली हमले पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखाः छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सल हमले में वीर जवानों के शहीद होने का दु:खद समाचार मिला। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

## जमीन घोटाला : मास्टरमाइंड विपिन सिंह से दिल्ली में इडी कर रही पूछताछ

# रांची और जमशेदपुर के पांच ठिकानों पर इडी का छापा, 30 लाख नगद बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची। रांची में अधिकारियों की मिलीभगत से हुए करोड़ों के जमीन घोटाले की जांच कर रही इडी की टीम ने बुधवार की सुबह रांची और जमशेदपुर के पांच ठिकानों पर छापेमारी की। इसमें 30 लाख रुपये नगद और जमीन के फर्जी दस्तावेज मिले हैं। इस क्रम में इडी ने आधा दर्जन से अधिक मोबाइल भी जब्त किये हैं। जब इडी की टीम विपिन सिंह के फ्लैट पर पहुंची, तो पता चला कि परिवार सहित वह घर से बाहर हैं। इसके बाद दिल्ली से खबर आयी कि विपिन सिंह को दिल्ली में इडी की टीम हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बुधवार को रांची और जमशेदपुर में इडी की अलग-अलग टीम जमीन कारोबारियों और बिल्डर के यहां दबिश देने पहुंची। सबसे पहले इडी की टीम विपिन सिंह के बोड़ेया रोड स्थित सतेंदु अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 402 में पहुंची। उस समय सुबह के लगभग सात बज रहे थे। फ्लैट में ताला बंद था।

इडी ने सुरक्षा गार्ड ब्रजेश सिंह मुंडा से विपिन सिंह और उनके परिवार के बारे में जानकारी ली। उसने इडी को बताया कि यह फ्लैट प्रभात कुमार पांडेय का है। सुरक्षा गार्ड ने ही इडी को प्रभात कुमार पांडेय का फोन नंबर दिया। इडी के एक अधिकारी ने उस नंबर पर कॉल किया। फोन पांडेय ने ही उठाया। उन्हें फ्लैट में बुलाया गया। पांडेय ने अधिकारियों को बताया है कि यह फ्लैट उनका ही है, लेकिन बिपिन सिंह को भाड़े पर दिया है। बिपिन सिंह के कारोबार के बारे में पांडेय ने इडी को कोई जानकारी नहीं दी। इडी को प्रभात कुमार पांडेय ने बिपिन सिंह का मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया। उस नंबर पर बिपिन सिंह से बात हुई। उन्होंने जवाब दिया कि वह दिल्ली में हैं। इस सूचना पर इडी की टीम दिल्ली में ही उनसे पूछताछ कर रही है। उनके फ्लैट को सील कर एक नोटिस चिपका दिया गया है। उनके रांची लौटने के बाद उस फ्लैट को सर्च किया जायेगा। इडी की एक टीम होटवार के गाड़ी गांव पहुंची। वहां उसने शेखर कुशवाहा के घर पर छापा मारा। उनके घर से दस लाख रुपये नगद और जमीन से ढेर सारे दस्तावेज मिले हैं। इडी ने उनके परिवार के कई सदस्यों से पूछताछ भी की। उसके बाद इडी की टीम कोकर के बैंक कॉलोनी पहुंची। यहां प्रियरंजन सहाय के घर को सर्च किया गया। इनके यहां से भी जमीन के ढेर सारे दस्तावेज मिले हैं।

(शेष पेज 3 पर...)

## विपिन सिंह का रांची का फ्लैट सील




## पंकज मिश्रा और प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से झटका

रांची (आजद सिपाही)। अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में बंद पंकज मिश्रा और प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को हुई सुनवाई के बाद दोनों की जमानत याचिका को खारिज कर दिया गया। प्रेम प्रकाश और पंकज मिश्रा जुलाई 2022 से ही रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद है। इडी ने पंकज मिश्रा को 18 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और प्रेम प्रकाश पर साहिबगंज में 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन कराने का गंभीर आरोप है। इडी ने इस मामले में साहिबगंज, बरहड़वा, मिर्जाचौकी, राजमहल, उधवा और बरहेट स्थित 18 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी में पंकज मिश्रा के साहिबगंज स्थित आवास से 5.34 करोड़ रुपये के निवेश संबंधी कई दस्तावेज और कैस भी भी जब्त किये गये थे।

# सीएम की संवेदनशीलताः बेहतर इलाज के लिए दी एयर एंबुलेंस की सुविधा

- हेमंत सोरेन 28 अप्रैल को जनता को समर्पित करेंगे सेवा
- एसिड अटैक, घायल ओपी प्रभारी और जवान को भी एयर एंबुलेंस से भेजा दिल्ली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरकार गठन के बाद से ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीर रूप से बीमार राज्यवासियों के प्रति संवदेनशील रहे हैं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री के संज्ञान में आते ही ऐसे गंभीर रूप से बीमार लोगों को सरकार ने बेहतर इलाज के लिए दिल्ली, मुंबई या किसी अन्य जगह भेजने के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की। इसमें आम लोगों के साथ-साथ खास लोग शामिल रहे। इस कड़ी में झारखंड के इतिहास में पहली बार 28 अप्रैल को राज्य की जनता के लिए मुख्यमंत्री एयर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ करेंगे।



### बच्चियों को भेज कराया इलाजः

कोरोना संक्रमण काल में मुख्यमंत्री को जानकारी प्राप्त हुई कि रांची निवासी सृष्टि सिंह को लीवर के इलाज के लिए दिल्ली भेजना जरूरी है। तत्काल मुख्यमंत्री ने बच्ची को एयर एंबुलेंस से दिल्ली भेजा। ऐसे ही मुख्यमंत्री के आदेश के बाद एसिड अटैक में घायल चतरा निवासी बच्ची को बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से 30 अगस्त 2022 को दिल्ली शिफ्ट किया गया।

### घायल थाना प्रभारी और जवान का रखा ध्यान

धनबाद के सिंदरी में हुई हिंसक झड़प में गंभीर रूप से घायल भौंरा ओपी प्रभारी हिमांशु कुमार को एयर एंबुलेंस से 12 सितंबर 2022 को दिल्ली एम्स भेज गया। वहीं, 7 फरवरी 2023 को पश्चिमी सिंहभूम के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबुरु जंगल में आइइडी विस्फोट में सीआरपीएफ का जवान संजीव कुमार घायल हुआ था। जवान को मुख्यमंत्री के आदेश पर बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर दिल्ली भेजा गया था। इस तरह जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आम लोगों को भी विभिन्न राज्यों में बेहतर इलाज के लिए राज्य सरकार द्वारा एयर एंबुलेंस की सुविधा दी गयी।

## बादल के निधन पर पीएम मोदी और सीएम हेमंत ने शोक व्यक्त किया

**अमृतसर/रांची (आजाद सिपाही)।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए चंडीगढ़ स्थित अकाली दल के कार्यालय में रखा गया था। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। अंतिम दर्शन के बाद उनका शव पैतृक गांव ले जाया गया, जहां गुरुवार को दोपहर 1 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। बादल का मंगलवार रात को 95 साल की उम्र में निधन हो गया था। उधर, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर स्व. प्रकाश सिंह बादल के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने लिखा कि देश और पंजाब ने अपना एक संघर्षशील नेता खो दिया। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल सुखबीर सिंह बादल और उनके परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

# 'मन की बात@100' कॉन्क्लेव का आयोजन

- स्मारक सिक्का, डाक टिकट और कॉफी टेबल बुक जारी किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो प्रोग्राम मन की बात का 100वां एपिसोड रविवार 30 अप्रैल को प्रसारित होगा। कार्यक्रम की शुरूआत 3 अक्टूबर, 2014 को हुई थी। प्रसार भारती ने 100वें एपिसोड का जश्न मनाने के लिए बुधवार को 'मन की बात@100' कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इस मौके पर एक स्मारक सिक्का, डाक टिकट और कॉफी टेबल बुक जारी की गयी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर गेस्ट ऑफ ऑनर थे। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड एक्टर आमिर खान और रवीना टंडन और इंडियन पैरा एथलीट दीपा मलिक भी शामिल हुईं। आमिर खान समेत सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की।

**देशभर के 100 लोग हुए शामिलः** कॉन्क्लेव में आमिर खान, रवीना टंडन और दीपा मलिक के अलावा पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी, संगीतकार रिकी केज, खिलाड़ी निखत जरीन, कहानीकार नीलेश मिश्रा, बिजनेसमैन संजीव भीखचंदानी, टी वी मोहनदास पई भी मौजूद रहे।




### आमिर ने कहा- पीएम का इनिशिएटिव बेहतरीन

मन की बात कॉन्क्लेव में एक्टर आमिर खान ने पीएम मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मन की बात प्रोग्राम संवाद का बेहतरीन तरीका है। इस प्रोग्राम का जनता पर बहुत प्रभाव पड़ता है। संवाद के जरिए नेतृत्व कैसे किया जाता है, ये मन की बात सुन कर पता चलता है। इसके जरिए पीएम जनता से अहम मुद्दों पर चर्चा करते हैं, अपने विचार रखते हैं और उन्हें सलाह भी देते हैं। इस तरह आप बातचीत के जरिए नेतृत्व करते हैं। आप बताते हैं कि भविष्य को आप कैसे देखते हैं और उसमें किस तरह जनता का सहयोग चाहते हैं।

मन की बात के पहले एपिसोड से अबतक समाज में काफी बदलाव हुआ है। देश के आर्टिस्ट, स्मॉल इंडस्ट्रीज की कहानियां भी लोगों तक पहुंची हैं। पीएम हर रविवार को देश के अनसंग हीरोज के बारे में बताते हैं।- *रवीना टंडन, अभिनेत्री*

अगर आप देश के विकास में योगदान करेंगे तो पीएम मोदी आपका सपोर्ट करेंगे। इसके लिए इंजीनियर बनने की जरूरत नहीं है, आप किसी भी फील्ड में रहकर देश के विकास में अपनी भूमिका निभाएंगे तो पीएम आपकी तारीफ करेंगे।- *दीपा मलिक पैरा एथलीट*

ये असली लीडरशिप की निशानी होती है, जो लोगों के साथ जुड़ता है। वे लोगों को इंस्पायर करते हैं, अच्छा काम करने वाले लोगों की तारीफ भी करते हैं। मन की बात में बहुत सारी लीडरशिप क्वालिटी छिपी हुई हैं।- *किरण बेदी, पूर्व राज्यपाल*



आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 79,000 रु./प्रति किलो |



### कृष्णैया हत्याकांड के सजायाफ्ता आनंद मोहन पर नीतीश कुमार क्यों हुए मेहरबान

# बिहार ही नहीं, देश भर के पिछड़ों में गया है गलत संदेश

**बिहार की नीतीश कुमार सरकार के एक फैसले के कारण गोपालगंज के तत्कालीन डीएम जी कृष्णैया की हत्या के दोषी बाहुबली पूर्व सांसद आनंद मोहन सहित 27 कैदियों की रिहाई होने वाली है। राजनीतिक रूप से इस बेहद संवेदनशील फैसले के बाद से बिहार की राजनीति में बयानों का दौर जारी है। सत्तारूढ़ राजद और जदयू ने जहां पूर्व सांसद की रिहाई का स्वागत किया है, वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा इस मामले पर हमलावर तो जरूर है, लेकिन जातीय समीकरण को ध्यान में रखते हुए संभल कर बयान दे रही है। इस राजनीतिक बयानबाजी से अलग कृष्णैया की विधवा और आइएएस एसोसिएशन ने नीतीश सरकार के फैसले पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि इससे लोक सेवकों के मनोबल पर असर पड़ेगा। लेकिन इस फैसले का सियासी असर यह है कि देश भर के पिछड़े समुदाय में इसका गलत संदेश गया है। चूंकि कृष्णैया पिछड़ा वर्ग से आते थे, इसलिए इस वर्ग के नेताओं का कहना है कि बिहार सरकार ने जो काम किया है, उसे समाज कभी माफ नहीं करेगा। जिन लोगों को रिहा किया जा रहा है, उसमें कैसे-कैसे लोग और कौन-कौन लोग हैं, यह सबको मालूम है। इन तीन तरह की प्रतिक्रियाओं को देखने के बाद यह तो साफ हो गया है कि आनंद मोहन की रिहाई का सियासी मतलब भी है और इस पर आगे भी सियासत होगी, लेकिन सबसे अहम सवाल यह है कि नीतीश कुमार जैसे अनुभवी राजनेता ने ऐसा फैसला क्यों लिया, जो उनके लिए उल्टा पड़नेवाला है। इसके पीछे का कारण जानने के लिए बिहार के सियासी इतिहास पर नजर डालनी जरूरी है। बिहार का राजनीतिक इतिहास बताता है कि यहां राजपूत वोटर का अधिकांश हिस्सा हमेशा राजद के साथ रहा है। कुछ सीटों और उम्मीदवारों को ध्यान में रखते हुए इस जाति के लोग भाजपा को भी वोट देते हैं। इसके अलावा राजपूतों की राजद के 'माइ' समीकरण (मुस्लिम-यादव) के साथ इसलिए भी जुगलबंदी रही है, क्योंकि भाजपा और कांग्रेस में पहले से ही ब्राह्मण और भूमिहारों ने अपनी पैठ बना ली थी। राजद ने भी इस जाति के नेताओं को खास तवज्जो दिया है। ऐसे में नीतीश कुमार के इस फैसले के पीछे की राजनीति बहुत हद तक समझ में आती है। आनंद मोहन की रिहाई के पीछे की इसी राजनीति को सामने ला रहे हैं *आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

2024 के आम चुनावों की हलचल के बीच विपक्षी एकता की धुरी के रूप में उभर रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक फैसले से बिहार के एक बाहुबली पूर्व सांसद आनंद मोहन एक दो दिनों में जेल से निकलनेवाले हैं। आनंद मोहन गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी कृष्णैया की हत्या के मामले में दोषी थे और आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। बात पांच नवंबर 1994 की है। तब बिहार के गोपालगंज में जी कृष्णैया जिलाधिकारी हुआ करते थे। कृष्णैया युवा आईएएस अधिकारी थे और तेलंगाना के महबूबनगर से थे। कृष्णैया दलित थे। वह माफिया कौशलेंद्र शुक्ला उर्फ छोटन शुक्ला के अंतिम संस्कार में पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे थे। कौशलेंद्र की एक दिन पहले हत्या हो गई थी। उन दिनों राज्य में अगड़ा-पिछड़ा संघर्ष चल रहा था। एक तरफ लालू यादव थे तो दूसरी ओर आनंद मोहन थे। कौशलेंद्र शुक्ला आनंद मोहन का करीबी बताया जाता था। बताया जाता है कि उसके अंतिम संस्कार में अचानक भीड़ आगबबूला हो गई। भीड़ ने तत्कालीन डीएम कृष्णैया पर हमला कर दिया और पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी।

भीड़ को उकसाने का आरोप आनंद मोहन पर लगा। मुजफ्फरपुर के खबरा इलाके में हुई इस हिंसा के बाद आनंद मोहन को अदालत से फांसी की सजा सुनायी गयी। बाद में उसे आजीवन कारावास में बदल दिया गया। पिछले 15 साल से वह बिहार की सहरसा जेल में सजा काट रहे हैं। जेल में रहने के बावजूद आनंद मोहन एक ताकतवर राजपूत नेता बने रहे। उनकी पत्नी लवली आनंद भी सांसद भी बनीं।



**आइएएस एसोसिएशन ने भी जतायी है रिहाई पर आपत्ति**

## आनंद मोहन की रिहाई के लिए कानून में बदलाव

आनंद मोहन की रिहाई के लिए बिहार सरकार ने अपने कानून तक में बदलाव किया है। उसने जेल नियमों में संशोधन कर दिया है। इस संशोधन के चलते आनंद मोहन की रिहाई का रास्ता साफ हो गया है। इसी का विपक्ष के नेता विरोध कर रहे हैं। वैसे कहा जा रहा है कि आनंद मोहन की रिहाई विधिसम्मत तरीके से की गयी है। इतने दिनों तक वह जेल में थे।

## बिहार की राजनीति में आनंद मोहन की ताकत

आनंद मोहन बिहार के सहरसा जिले के पचगछिया गांव से आते हैं। उनके दादा राम बहादुर सिंह एक स्वतंत्रता सेनानी थे। 1974 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति के दौरान आनंद मोहन की राजनीति में एंट्री हुई थी। उस वक्त वह महज 17 साल के थे।

राजनीति में कदम रखने के बाद आनंद मोहन ने कॉलेज की पढ़ाई छोड़ दी थी। इमरजेंसी के दौरान पहली बार दो साल जेल में रहे। आनंद मोहन का नाम उन नेताओं में शामिल है जिनकी बिहार की राजनीति में 1990 के दशक में तूती बोला करती थी। जेपी आंदोलन के जरिए ही आनंद मोहन बिहार की सियासत में आए और 1990 में सहरसा जिले की महिषी सीट से जनता दल के टिकट पर चुनाव जीते। तब बिहार के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव थे। 1993 में उन्होंने बिहार पीपल्स पार्टी बना ली। आनंद मोहन उन दिनों लालू यादव के सबसे बड़े विरोधी थे।

उस दौर में बिहार में जाति की लड़ाई चरम पर थी। अपनी-अपनी जातियों के लिए राजनेता भी खुलकर बोलते दिखते थे। उसी दौर में आनंद मोहन लालू के घोर विरोधी के रूप में उभरे। तब आनंद मोहन पर हत्या, लूट, अपहरण, फिरौती, दबंगई समेत दर्जनों मामले दर्ज हुए। अगड़ी जातियों में उनकी धमक का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 1996 में जेल में रहते हुए ही आनंद मोहन ने शिवहर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। 1998 में आनंद मोहन शिवहर लोकसभा क्षेत्र से दोबारा सांसद चुने गये थे। आनंद मोहन बिहार में सवर्णों के बड़े नेता माने जाते हैं। खासतौर पर राजपूत वर्ग में उनकी काफी अधिक लोकप्रियता रही। बिहार में राजपूत वोटर्स की आबादी छह से सात प्रतिशत है। सूबे में 30 से 35 विधानसभा सीटों और छह से सात लोकसभा सीटों पर राजपूत वोटर्स निर्णायक स्थिति में हैं। सूबे में 30 से 35 विधानसभा सीटों और छह से सात लोकसभा सीटों पर राजपूत वोटर्स निर्णायक स्थिति में हैं। आनंद मोहन 1990 में पहली बार महिषी सीट से जनता दल के टिकट पर विधायक चुने गये थे। इसी दौरान उन्होंने मंडल कमीशन का विरोध भी किया था। इसके कारण राजपूतों में उनकी पैठ बनती गयी। उनकी पत्नी लवली आनंद ने 1994 के लोकसभा उपचुनाव में वैशाली से राजद उम्मीदवार को हरा दिया था। इसके बाद आनंद मोहन 1996 और 1998 के लोकसभा चुनाव में शिवहर से सांसद बने। आनंद मोहन की ताकत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने सत्येंद्र नारायण सिंह जैसे कद्दावर नेता की बहू को चुनाव में हरा दिया था।

## आनंद मोहन की रिहाई का कितना लाभ

आनंद मोहन वैसे तो पुराने दौर के नेता रह चुके हैं। उम्र में वह नीतीश कुमार से बड़े हैं। उनकी सियासी प्रासंगिकता को एक परीक्षण से गुजरना पड़ेगा। पुराने लोगों में भले ही उनकी पैठ अभी भी हो, लेकिन नये दौर के नेता और खासकर युवा उनके बारे में क्या सोचते हैं, यह कहना अभी जल्दबाजी होगी। बिहार की सियासत को नजदीक से जाननेवालों का मानना है कि लोकसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ जैसे राजपूत के उभरते हुए नेता के कारण भाजपा को भले ही वोट मिल जाये, लेकिन विधानसभा में राजपूत अपना समर्थन राजद को देंगे। लेकिन सवाल यह भी है कि 'आर' (राजपूत) फैक्टर से 'एम' (महागठबंधन) को कितना फायदा या नुकसान होनेवाला है। इस बात में कोई संदेह नहीं कि आनंद मोहन की राजपूतों में अच्छी पकड़ है। उनकी रिहाई से महागठबंधन को काफी फायदा होने की संभावना है। लेकिन बिहार सरकार के इस फैसले से ओबीसी समुदाय खासा नाराज दिख रहा है। चूंकि कृष्णैया ओबीसी थे और उनकी पत्नी के अलावा आइएएस एसोसिएशन ने बिहार सरकार के इस फैसले पर जिस तरह आपत्ति की है, उससे साफ लगता है कि नीतीश कुमार के लिए यह दांव उल्टा न पड़ जाये।

## भाजपा ने किया विरोध तो होगा नुकसान

आनंद मोहन की रिहाई के फैसले के मुद्दे पर भाजपा दुविधा में है। ऐसी संभावना है कि आनंद मोहन 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर जहां-जहां बिहार में प्रचार करेंगे, वहां राजपूत समाज महागठबंधन के पक्ष में लामबंद हो सकता है। कोसी क्षेत्र में राजपूत समाज आनंद मोहन के लिए एकतरफा वोट करेगा। भाजपा खुलकर आनंद मोहन का विरोध इसलिए नहीं कर रही है, क्योंकि आनंद मोहन की राजपूत समाज में अच्छी पैठ है। भाजपा विरोध करेगी, तो उसे नुकसान हो सकता है। यही कारण है कि सुशील मोदी को छोड़ कर बिहार भाजपा के अधिकांश नेताओं ने इस रिहाई का एक तरह से स्वागत ही किया है।

## उठ रहा सवाल

अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या 2024 के लोकसभा चुनाव में महागठबंधन सरकार ने राजपूत समाज को अपनी तरफ लामबंद करने के लिए आनंद मोहन की रिहाई का दांव चला है। बिहार के राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि आनंद मोहन की रिहाई से महागठबंधन को 2024 के लोकसभा चुनाव में फायदा होगा। राजपूत समाज महागठबंधन के पक्ष में लामबंद हो सकता है। लेकिन उन 12 सीटों पर महागठबंधन को नुकसान होगा, जहां ओबीसी मतदाता अधिक हैं। लेकिन मुख्य बात यही है कि हाल के दिनों में 2024 के लिए विपक्षी एकता की धुरी बने नीतीश कुमार ने आनंद मोहन की रिहाई करनेवाला महंगा फैसला क्यों किया, जबकि वह जानते थे कि ओबीसी समाज में इसका गलत संदेश जायेगा। बहरहाल इस फैसले का वास्तविक असर जानने के लिए 2024 का इंतजार तो करना ही होगा।

---

### 30 अप्रैल तक हैंडओवर होगी हाइकोर्ट की नयी बिल्डिंग

# गर्मी की छुट्टी के बाद झारखंड हाइकोर्ट की नयी ग्रीन बिल्डिंग में होगी सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट की नयी बिल्डिंग तैयार हो गयी है। 30 अप्रैल तक राज्य सरकार नव निर्मित बिल्डिंग झारखंड हाइकोर्ट को आधिकारिक रूप से सौंप देगी। इसके बाद गर्मी की छुट्टी में हाइकोर्ट के पुराने भवन से आवश्यक दस्तावेज और कागजात नये भवन में शिफ्ट किये जायेंगे। गर्मी की छुट्टी के बाद हाइकोर्ट की नयी बिल्डिंग में कोर्ट फैसले सुनायेगी। झारखंड हाइकोर्ट परिसर के लिए राज्य सरकार ने 165 एकड़ जमीन दी है। लगभग 69 एकड़ भूमि का उपयोग हाइकोर्ट के प्रशासनिक भवन, कोर्ट रूम, अधिवक्ता रूम और अन्य कार्यों के लिए किया गया है। शेष भूमि में आवासीय परिसर बनाया जायेगा। हाइकोर्ट की बिल्डिंग पूरी तरह ग्रीन है। इसमें बिजली की जरूरत को पूरा करने के लिए 2000 किलोवाट का सोलर पावर सिस्टम लगाया जा रहा है। पूरा परिसर वाई-फाई युक्त है। साथ ही सेंसर आधारित बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम का भी उपयोग किया गया है। इससे एक ही जगह से बिजली, पंखा, एसी और अन्य जरूरी चीजों को मैनेज किया जा सकेगा। बिल्डिंग में चीफ जस्टिस सहित कुल 24 कोर्ट रूम बनाये गये हैं। चीफ जस्टिस का कोर्ट रूम 80 गुणा 65 और शेष 60 गुणा 40 फीट है। कोर्ट रूम की आंतरिक सज्जा अलग तरह की है, जो देश के अन्य किसी हाइकोर्ट में नहीं है। कोर्ट परिसर में ही 540 वकीलों के बैठने के लिए अलग-अलग चैंबर भी बनाये गये हैं।

**2013 में शिलान्यास, अप्रैल 2023 में तैयार**

**हाइकोर्ट के नये भवन का शिलान्यास 9 फरवरी 2013 को सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश अल्तमस कबीर ने किया था। निर्माण 8 जून 2015 को शुरू हुआ। अप्रैल 2023 में काम पूरा होगा। इस पर 600 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसके लिए पहली बार 366 करोड़ की स्वीकृति दी गयी थी। कंट्रैक्टर के साथ 290 करोड़ का एग्रीमेंट हुआ था। उसके बाद पुनरीक्षित प्राक्कलन के दूसरी बार 106 करोड़, तीसरी बार 124 करोड़ की राशि स्वीकृत की गयी। सौर ऊर्जा के लिए 14 करोड़ की राशि अलग से दी गयी है। हाइकोर्ट शुरू होने तक 100 करोड़ और खर्च होने का अनुमान है।**

### मिड डे मील घोटाला: संजय तिवारी सहित तीन के खिलाफ आरोप गठित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मिड डे मील में 100 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोपित संजय कुमार तिवारी, अजय उरांव और राजू वर्मा के खिलाफ बुधवार को आरोप गठित किया गया। सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने संजय तिवारी सहित अन्य आरोपितों के खिलाफ लगे आरोपों को पढ़कर सुनाया। इस दौरान आरोपितों ने इसे गलत बताया। संजय तिवारी एवं अन्य की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने पैरवी की। इससे पहले 24 अप्रैल को संजय की डिस्चार्ज याचिका को सीबीआइ कोर्ट ने खारिज कर दिया था। उल्लेखनीय है कि सीबीआइ ने मिड डे मील घोटाले को लेकर अगस्त 2017 में संजय तिवारी, एसबीआइ हटिया ब्रांच के मैनेजर अजय उरांव सहित तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। वहीं दूसरी ओर वर्ष 2021 में इडी ने कांड संख्या इसीआइआर 3/2021 दर्ज कर केस को टेकओवर किया। मनी लॉड्रिंग के तहत इडी मामले की जांच कर रही है।




### हत्या का आरोपी गुमला से गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के लापुंग में सुसंती कुमारी हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसका नाम भरत बिझिया है और वह गुमला के बसिया का रहनेवाला है। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयोग किया गया खून लगा पत्थर, लाल दुपट्टा बरामद किया गया है। साथ ही दो मोबाइल फोन भी मिले हैं। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गत 24 अप्रैल को युवती के पिता बुधवा उरांव ने थाना में आवेदन देते हुए बताया था कि आरोपी भरत ने उनकी पुत्री की दुपट्टा से गला दबा कर और फिर पत्थर से कूच कर हत्या कर दी है। शव छुपाने की नियत से कोयनारा स्थित मसना के पास शव को फेंक दिया गया है। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने कई लोगों को मामले में हिरासत में लेकर पूछताछ की। टीम ने पूछताछ और दर्ज प्राथमिकी के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर घटना में शामिल आरोपी भरत बिझिया को गुमला जिले से उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयोग किया गया सामान बरामद कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि पूछताछ के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी है कि त्रिपुरा में काम करने के दौरान आरोपी और युवती की जान-पहचान हुई थी। उसी समय से इन दोनों के बीच बातचीत और मिलना-जुलना होता रहता था। इसी क्रम में 23 अप्रैल की रात युवती से मिलने के लिए भरत आया हुआ था।

# एक ही केस में झारखंड हाइकोर्ट के दो अलग अलग आदेश, सुप्रीम कोर्ट ने जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक ही मामले के अभियुक्तों को जमानत देने में झारखंड हाइकोर्ट के अलग-अलग आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जतायी है। देश की शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि झारखंड हाइकोर्ट से इस तरह का दूसरा मामला, उसके समक्ष पेश किया गया है, जिसमें एक अभियुक्त को जमानत दी गयी है, जबकि इसी प्राथमिकी के दूसरे आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया गया है। अदालत ने कहा कि एक ही मामले में परस्पर विरोधी आदेश दिया जाना उचित नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अदालत ने इस मामले में प्रार्थी को झारखंड की स्टैंडिंग कौंसिल को नोटिस जारी कर प्रतिवादी बनाने और चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि एक ही मामले की सुनवाई एक ही बेंच में किया जाना उचित है। कई हाइकोर्ट में यह व्यवस्था लागू की गयी है। इससे परस्पर विरोधी आदेश से बचा जा सकता है।

**हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को आदेश की कॉपी भेजने को कहा**

**सर्वोच्च अदालत ने झारखंड हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को इस आदेश की कॉपी भेजने को कहा है। रजिस्ट्रार जेनरल को इसे झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस के पास पेश करने को कहा गया है, ताकि वह इस पर उचित निर्देश जारी कर सकें। इस संबंध में सुजीत कुमार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की थी। इसमें कहा गया था कि एक ही एफआइआर में झारखंड हाइकोर्ट की एकल पीठ ने सह अभियुक्त को जमानत दी है, जबकि उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गयी है।**

**अवैध खनन मामला**

### हाइकोर्ट ने गृह विभाग को शपथपत्र के जरिये रिपोर्ट दाखिल करने का दिया निर्देश

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के तीन जिलों पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग की जांच के लिए झारखंड हाइकोर्ट में दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। यह सुनवाई हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ पर हुई। कोर्ट ने गृह विभाग को शपथ पत्र के माध्यम से रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। गृह विभाग को हाइकोर्ट द्वारा गठित तीन सदस्यों की कमिटी की रिपोर्ट शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल करनी है। साथ ही अदालत ने उक्त तीनों जिलों में अवैध खनन पर रोक लगाने का निर्देश भी दिया है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए अगली तारीख 3 मई को मुकर्रर की है। बता दें कि इस संबंध में आरटीआइ एक्टिविस्ट पंकज यादव ने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

### कौशल विकास विभाग के 5 अधिकारियों को शो कॉज

# बकाये भुगतान के बाद निष्पादित हुई याचिका

**रांची (आजाद सिपाही)।** कौशल विकास केंद्र में कई (वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर) के बकाया राशि का भुगतान नहीं किये जाने के खिलाफ दायर याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में इश्मत अंसारी की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान श्रम विभाग के सचिव ने अदालत को बताया कि जिन लोगों का बकाया था, उन्हें बकाया राशि का भुगतान कर दिया गया है। इसके साथ सचिव ने अदालत को यह जानकारी दी कि श्रम विभाग के अधिकारी देवेंद्र प्रसाद और अन्य पांच अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस मामले में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने अदालत में पक्ष रखा। श्रम विभाग की ओर से दिये गये जवाब से संतुष्ट होकर अदालत ने याचिका का निष्पादन कर दिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.0 °c | 21.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.14 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.20 बजे |



### प्रेस कांफ्रेंस : सरयू राय पर जम कर बरसे बन्ना गुप्ता, कहा

# चाचा गोपीचंद जासूस और उनकी पूरी गैंग ने इसकी साजिश रची

**वायरल वीडिओ प्रकरण के बाद स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने रखा अपना पक्ष**



**रांची।** आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के मामले को लेकर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता बुधवार को मीडिया के सामने आये और अपनी सफाई दी। बन्ना गुप्ता ने कहा कि हमें फंसाने की पूरी साजिश की गयी है। उन्होंने सरयू राय पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारे चाचा गोपीचंद जासूस और उनकी पूरी गैंग ने इसकी साजिश रची थी, लेकिन यह पूरी तरह से फेल हो गयी है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि पहले ट्विटर पर यह बताया जाता है कि आपत्तिजनक वीडियो है। फिर बताया जाता है महिला फर्नीचर दुकान में काम करती है, उसके बाद यह बताया जाता है कि वह लड़की एक वैगन आर से कहीं चली जाती है। आखिर इस तरह से उस लड़की का पीछा करने का अधिकार किसने दिया है। क्या यह उस लड़की की निजता का उल्लंघन नहीं है। बन्ना गुप्ता ने साफ कहा कि ये उनका वीडियो नहीं है और वीडियो से छेड़छाड़ कर उन्हें बदनाम करने की साजिश की जा रही है।

#### आरोप लगाना आदत है

बन्ना गुप्ता ने सवाल किया कि यह उन लोगों को कैसे पता चल जाता है कि महिला कहां काम कर रही है। किस गाड़ी में जा रही है, कितने लोग उस गाड़ी में बैठे हुए हैं, आखिर यह सब जानकारी इन लोगों को कैसे हो जाती है और यह वीडियो इन लोगों के पास ही कैसे पहुंच जाता है। दरअसल यह सब करना उन लोगों की आदत में शुमार है।

#### पुलिस को फोन देने को तैयार हूं

बन्ना गुप्ता ने कहा कि अगर आज पुलिस कहे तो, अपना मोबाइल तुरंत पुलिस को हैंडओवर कर सकता हूं । अगर उससे कुछ भी निकलता है तो मैं तुरंत पुलिस को अपना मोबाइल हैंडओवर करने को तैयार हूं। मैं आप लोगों के माध्यम से निवेदन कर रहा हूं कि पुलिस अभी आये और हमारा मोबाइल लेकर जाये। चाहता हूं कि मेरे मोबाइल को फॉरेंसिक लैब भेजा जाये और अति शीघ्र समयबद्ध तरीके से मोबाइल का फोरेंसिक जांच कर दूध का दूध पानी का पानी किया जाना चाहिए। मैंने जिले के एसएसपी से भी फोन पर बात कर यह अनुरोध किया है। पुलिस जब चाहे मेरा फोन से सकती है।

#### मेरे काम से पेट में दर्द हो रहा है

बन्ना गुप्ता ने कहा कि वह स्वर्णरेखा नदी की सफाई करवा रहे हैं, गंगा आरती करते हैं, जमशेदपुर में 471 करोड़ रुपये का फ्लाइओवर प्रोजेक्ट लाये हैं, इसलिए उनके पेट में दर्द हो रहा है। बन्ना गुप्ता ने कहा, मैं तो उनकी इज्जत करता हूं, चुनाव जीतने पर उनका पैर छूकर प्रणाम किया। फिर उनके पेट में दर्द क्यों हो रहा है। उन्होंने कहा कि सीपी सिंह के मामले में कोई क्यों नहीं बोल रहा है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि जब सीपी सिंह का मामला आया, तो उन्होंने कहा कि यह हनीट्रैप है और बना गुप्ता फनी ट्रैप है।

#### चाचा डीएनए टेस्ट करवायें

बन्ना गुप्ता ने कहा कि मैं दो घंटे में अपना मोबाइल देने को तैयार हूं। मैं किसी भी जांच के लिए तैयार हूं, लेकिन जो लोग आरोप लगा रहे हैं, उन्हें भी अपने बारे में सफाई देनी चाहिए। वह अपना डीएनए टेस्ट करायें तो पता चल जायेगा कि आप कितने नैतिक और चरित्रवान हैं। बन्ना गुप्ता गुप्ता ने एक फोटो साझा करते हुए सवाल पूछा कि यह महिला कौन है, जो आपके साथ बैठती है। इसे सामने आ करके बताइए। कहा कि आपकी पत्नी की जो मौत हुई है, यह स्वाभाविक मौत है या अस्वाभाविक यह भी आपको स्पष्ट करना चाहिए।

# सरयू राय ने दिया बन्ना को जवाब: मैं एनडी तिवारी नहीं, जो डीएनए टेस्ट से भागूंगा

**हिम्मत है, तो बन्ना गुप्ता मुझसे लिखित में सवाल करें, जवाब दूंगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधायक सरयू राय से कई सवाल किये हैं। इसके जवाब में श्री राय ने कहा कि मेरी पत्नी की मृत्यु 1997 में हुई। तब रांची के विधायक रहे गुलशन लाल आजमानी ने प्रेस कांफ्रेंस कर मुझ पर आरोप लगाया था कि मैंने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। इसके बाद मैंने मानहानि का केस दायर किया। उसके बाद लोअर कोर्ट ने उन पर सजा दी। उस समय उन्होंने कहा कि मुझे माफ कीजिए। जो हुआ जाने दीजिए। मेरे पास सारे कागजात हैं। अगर बन्ना गुप्ता को सवाल का जवाब चाहिए, तो वह लिखित रूप से दें। मैं उन पर भी इसी तरह का एक नया केस दायर कर दूंगा। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह की बात बन्ना गुप्ता छेड़ेंगे, तो मैं बिना देर किये 24 घंटे के भीतर रांची या जमशेदपुर कहीं भी मानहानि का केस दायर करूंगा। जहां तक रही बात महिला के साथ संबंध की, तो हम लोग पिछले 20 साल से एक साथ एक परिवार की तरह रहते हैं। उनके बच्चे, हमारे परिवार के लोग सभी साथ रहते हैं। हम लोग 20 साल से एक साथ रह रहे हैं। हमारा पता एक है। रांची में मैं उनके फ्लैट में ही रहता हूं।

उन्होंने डीएनए टेस्ट कराने के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मैं एनडी तिवारी थोड़े हूं कि डरूंगा। मैं डीएनए टेस्ट कराने के लिए तैयार हूं। बन्ना गुप्ता के पास स्वास्थ्य विभाग है। अपने लोगों को आदेश दे दें। वे मेरा डीएनए टेस्ट कर लें। और जिनके बारे में शंका है, उनका भी कर लें। उन्होंने कहा कि ये ऐसे लोग हैं, जिन्हें नारी और पुरुष के बीच का संबंध केवल देह का ही लगता है। ये नारी के शरीर से ऊपर नहीं उठ सकते हैं।

#### पूरी वीडियो 3.5 मिनट की, रिलीज सिर्फ 21 सेकेंड की हुई, पूरी वीडियो हो रिलीज

झारखंड में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के वायरल वीडियो से हड़कंप है। यहां तक कि वायरल वीडियो में जिस महिला के होने की बात कही जा रही है, उसने एक वीडियो के जरिए कहा है कि वायरल वीडियो में उसके फोटो को एडिट कर वीडियो में डाला गया है। इस बात में कितनी सच्चाई है, यह जांच का विषय है। इधर, कांग्रेस बिना किसी जांच के महिला के बयान के आधार पर बन्ना गुप्ता के बचाव में खड़ा होने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस आगे बन्ना गुप्ता पर क्या फैसला लेती है, यह देखनेवाली बात होगी। इधर, झारखंड के राजनीतिक चाणक्य कहे जानेवाले पूर्व मंत्री सरयू राय अपने बयानों से सभी को चौंका रहे हैं। वह खुल कर बन्ना गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई की मांग सीएम से कर रहे हैं।

# प्रतुल ने बन्ना से मांगा इस्तीफा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बन्ना गुप्ता से इस्तीफा मांगा है। उन्होंने कहा कि बन्ना गुप्ता जी ने आज अपनी सफाई में कहा कि एफआइआर के तीन दिनों के बाद भी पुलिस उनका मोबाइल जब्त नहीं कर रही है। हम भी तो यही कह रहे हैं आप माननीय हैं। मंत्री पद पर रहते कौन ऐसी हिम्मत करेगा? इसलिए इस्तीफा दीजिए और जांच का सामना कीजिए। दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

### जमशेदपुर पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# विधायक रामदास सोरेन के बेटे को दिया आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमशेदपुर के संक्षिप्त दौरे पर आये। वे झामुमो के घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन के जमशेदपुर के घोड़ाबांधा स्थित आवास गये। उनके पुत्र रॉबिन सोरेन के विवाह के बाद आयोजित रिसेप्सन समारोह में हिस्सा लिये। इस अवसर पर उन्होंने नवदंपती को खुशहाल जीवन के लिए बधाई, शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। इससे पहले उनका जमशेदपुर पहुंचने पर सोनारी एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया। जमशेदपुर की उपायुक्त विजया जाधव, एसएसपी प्रभात कुमार समेत अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। उनके साथ राज्य के मंत्री मिथलेश ठाकुर भी आये। वे वहां से सीधे घोड़ाबांधा स्थित उनके आवास गये। वहां पर पहले से राज्य के मंत्री चंपई सोरेन, बहरागोड़ा के विधायक समीर सरदार, पोटका के विधायक समीर सरदार समेत अन्य लोग मौजूद थे। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडिया से बातचीत करने से परहेज किया। उन्होंने कहा कि आज शादी में आये हैं। सारे लोग भोज में लगिये इसके बाद वे आगे बढ़ गये। करीब दो घंटे तक रहने के बाद मुख्यमंत्री वापस लौट गये।

# गैर जवाबदेह नेतृत्व और निरंकुश तंत्र से राज्य को नुकसान हो रहा : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** सरकार को जिन भावनाओं का सम्मान और समाधान करना था, उन भावनाओं का इन्होंने राजनीतिकरण कर दिया। इनकी नीतियों से राज्य का एक बड़ा वर्ग नाराज है। छात्र, किसान, श्रमिक, नौजवान अलग-अलग रूप से आंदोलन को बाध्य हैं। निश्चित रूप से इस भारी असंतोष और नाराजगी का राजनीतिक रूप से परिणाम आयेगा, लेकिन तब तक प्रदेश को बहुत बड़ी क्षति होगी। लोगों को जागरूक करते हुए तथा जनचेतना का विस्तार कर बड़े आंदोलन की तैयारी में हम जुटे हैं। प्रगतिशील राजनीति के लिए लोगों को गोलबंद करने की एक बड़ी जिम्मेदारी हम सभी पर है। उक्त बातें बुधवार को झारखंड के आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने धोबिया मोड़, गांडेय में आयोजित जन पंचायत को संबोधित करते हुए कहीं। राज्य का नेतृत्व करने वाले की पृष्ठभूमि संघर्ष से जुड़ा नहीं है। कभी भी आम जनमानस के बीच जाकर जनता की सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक स्थिति का इन्होंने आंकलन नहीं किया। विकास की बुनियाद आधारित राजनीति से इनका कोई वास्ता नहीं। सत्तासीन किसी भी विषय को लेकर गंभीर नहीं हैं। आंदोलन के समय से लेकर अब तक ये झारखंडी संसाधनों के संरक्षण की बात करते आये हैं, लेकिन असलियत तो ये है कि जब-जब इन्हें मौका मिला, इन्होंने लूट और दोहन के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये। राज्य की जनता से यह अपील, यह आग्रह है कि सरकार और नेता चुनने से पहले, उसे टटोले ना कि बाद में पछतायें। जनता खुद अपना मानक सेट करे और जो नेता उसमें योग्य साबित हो, उसे चुने। सरकार सवा तीन साल से स्थानीय नीति, नियोजन नीति, आरक्षण को लेकर सिर्फ राजनीति कर रही है। अगर जनविषयों को लेकर ये संवेदनशील होते, तो मुद्दों को लटकाने की बजाये, उसका हल ढूंढते। ट्रिपल टेस्ट, जातीय जनगणना को लेकर चुप्पी, सरकार की संकुचित मानसिकता को दर्शाता है। मौके पर डॉ देशमुख भगत, मो हासनी, दिनेश राणा, जिला अध्यक्ष गुड्डु यादव, गांडेय विधानसभा प्रभारी अर्जुन बैठा, सदर प्रमुख पूनम देवी, कंपू यादव प्रियंका शर्मा सहित पार्टी के कई नेताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

### जय भारत सत्याग्रह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रखा उपवास

# हमारे लिए सत्ता नहीं, जनता सर्वोपरि : राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रदेश कमेटी की ओर से बुधवार को एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम रखा गया। यह उपवास कार्यक्रम जय भारत सत्याग्रह के तहत किया जा रहा है। रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ता, पार्टी पदाधिकारी, मंत्री और विधायक उपवास पर बैठे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हमारे लिए सत्ता नहीं जनता सर्वोपरि है।

उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी पर भाजपा रोक लगा रही है। संविधान को तोड़ा जा रहा है। सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है। केंद्र सरकार सवालों से बचने के लिए सदन की प्रक्रिया को बाधित करती रही है।

मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि देश में नफरत फैलानेवाली शक्तियों से हमारी लड़ाई चल रही है, जिसका नेतृत्व राहुल गांधी कर रहे हैं। हम इस सत्याग्रह के माध्यम से लोकतंत्र और संविधान को बचाने निकले हैं।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जनता से किये वायदे को भूल कर अपने हितों के लिए काम कर रही है। हमारे नेता राहुल गांधी निडर होकर देश की जनता के मुद्दों को मजबूती के साथ उठाने का काम कर रहे हैं।

मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि इस सत्याग्रह के माध्यम से राहुल गांधी के संदेशों को घर-घर पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि देश आज विषम परिस्थिति के साथ गुजर रहा है। केंद्र सरकार के द्वारा ही राजनीतिक मर्यादाओं को तार-तार किया जा रहा है।

यह उपवास कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, अडाणी-मोदी गठजोड़, राहुल गांधी के पूछे सवालों पर पीएम मोदी की चुप्पी सहित अन्य मुद्दों को लेकर किया गया है। उपवास कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, विधायक विक्सल कोंगाडी, राजेश कच्छप, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, सुखदेव भगत, रवींद्र सिंह, ममता देवी, सुल्तान अहमद, भीम कुमार, राकेश सिन्हा, अमूल्य नीरज खलखो, विनय सिन्हा दीपू, राजीव रंजन प्रसाद, आभा सिन्हा, मंजू कुमारी, ईश्वर आनंद, विजय सिंह, मदन महतो, सूर्यकांत शुक्ला, बलजीत सिंह बेदी, अजय सिंह, अशोक चौधरी, रमा खलखो, मनास सिन्हा, गजेंद्र सिंह, गुंजन सिंह, राजेश सिन्हा सिन्नी, मनोज सहाय पिंकू, नेली नाथन, केदार पासवान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कांग्रेस की छटपटाहट जनता समझ रही : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने बुधवार को कांग्रेस के जय भारत उपवास कार्यक्रम को सत्ता के बिना कांग्रेस की छटपटाहट बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी से भारत और भारतीयता के जय की उम्मीद नहीं। यह पार्टी तो परिवार की जय में ही व्यस्त रहती है।

उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने सत्ता सुख के लिए देश का विभाजन स्वीकार किया हो, कश्मीर को भारत से अलग थलग करने की कोशिश की हो, देश के हजारों वर्ग किलोमीटर भूमि को चीन, पाकिस्तान को सौंप दिये हों, जिसने तुष्टिकरण की राजनीति में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को बदल डाला हो, जिसके युवराज ने कैबिनेट के फैसले को चौराहे पर फाड़ा हो उस कांग्रेस से भारत का जय नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि देश में कुर्सी के लिए आपातकाल थोपकर लोकतंत्र का गला घोंटना क्या भारत जय था। हजारों सिखों की हत्या क्या भारत जय था। क्या देश को घोटालों में डूबा देना भारत जय था, सर्जिकल स्ट्राइक में सेना पर सवाल खड़ा करना भारत जय था, परमाणु परीक्षण पर सवाल खड़ा करना भारत की जय था? उन्होंने कहा भारत की पहचान भगवान राम पर प्रश्न खड़ा करने वाले, उन्हें काल्पनिक बताने वाले आखिर कैसे भारत जय को साकार कर पायेंगे। उन्होंने कहा कि देश की जनता कांग्रेस को सभी तरह से परख चुकी है। जनता को पता है कांग्रेस भारत भक्ति के लिए नहीं बल्कि एक परिवार की भक्ति के लिए वेंटिलेटर पर जीवित है। इससे देश के विकास, देश की सुरक्षा की उम्मीद नहीं की जा सकती।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे दिनांक 17.05.2023 को अपराह्न 4.00 बजे अथवा उसके उपरांत खोला जाएगा। **क्रमांक एवं ई-निविदा सूचना सं., कार्य का संक्षिप्त विवरण/नाम, कार्य का विज्ञापित मूल्य, ईएमडी/बोली सुरक्षा** क्रमशः निम्नलिखित हैं: (1) **ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-एमईए-01-23, दिनांक 25.04.2023**; एमईए को पूरा करने के लिए स्टेशनों पर सुविधाओं का प्रावधान (14 स्टेशनों में प्लेटफॉर्म को ऊंचा/विस्तार करना, 05 स्टेशनों पर आरडीएसओ प्लेटफॉर्म शेड, 02 स्टेशनों पर पैदल ऊपरी पुल); रु. 25,22,033.39; रु. 50,500/-; (2) **ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-बीबी-02-23, दिनांक 25.04.2023**; कोचिंग डिपो, हटिया में वंदे भारत ट्रेन सेट के रखरखाव के लिए वाशिंग लाइन नं. 5 में बुनियादी सुविधाएं; रु. 61,37,207.14; रु. 1,22,800/-; (3) **ईएल-जी-आरएनसी-एसेट-3-23, दिनांक 25.04.2023**; रांची मंडल के अधीन विद्युतीय सम्पत्तियों तथा केबल की प्रतिस्थापना; रु. 52,82,358.42; रु. 1,05,700। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए 17.05.2023 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** **https://www.ireps.gov.in/** निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं।(PR-103)

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

**मेष** – रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा, सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।

**वृष** – लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगा, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।

**मिथुन** – गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।

**कर्क** – भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।

**सिंह** – परिस्थितियों में सुधार, विगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ।

**कन्या** – नयी आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।

**तुला** – आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे, पारिवारिक दायित्व में खर्च अधिक करेंगे।

**वृश्चिक** – रोजी-रोजगार में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।

**धनु** – किसी बृहद योजना को साकार करने में कई लोगों का साथ मिलेगा।

**मकर** – साहसिक कार्य में सफलता, विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा

**कुंभ** – परिस्थितियों में सुधार,व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**मीन** – स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।

पेज 1 का शेष

## रांची और जमशेदपुर ...

जमशेदपुर के जुगसलाई में रहनेवाले श्याम सिंह के घर को भी सर्च किया गया। वह जुगसलाई में जैन मंदिर के नजदीक गोशाला नाला रोड, शफी गंज, फ्लैट नंबर 101 में रहते हैं। इनके यहां से भी रांची जमीन घोटाले से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं। ये आइएएस अधिकारी छवि रंजन के करीबी बताये जाते हैं। जमशेदपुर में ही इडी का छापा बारगोरिया टॉवर 1/3 में पड़ा। यह घर रवि सिंह भाटिया का बताया जाता है। इनके यहां से बीस लाख रुपये नगद और जमीन के ढेर सारे दस्तावेज इडी के हाथ लगे हैं। इन पर भी आरोप है कि वह आइएएस अधिकारी छवि रंजन के करीबी हैं। इडी का यह छापा रांची के चेशायर होम रोड स्थित जमीन और हेहल की साढ़े सात एकड़ जमीन में की गयी हेराफेरी से संबंधित है। इनसे बरियातू स्थित सेना की जमीन में की गयी हेराफेरी के बारे में भी जानकारी ली गयी। इडी का यह छापा बड़गाईं अंचल के राजस्व कर्मचारी भानुप्रताप प्रसाद और अन्य से हुई पूछताछ के आधार पर हुई है। इडी ने सेना भूमि फर्जीवाड़ा मामले में 13 अप्रैल को छापेमारी के बाद अंचल कर्मी भानु प्रताप, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, रिम्स कर्मी अफसल अलि खान समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया था। इनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। उधर, इस मामले में कल्याण विभाग के निदेशक (रांची के पूर्व डीसी) छवि रंजन से 24 अप्रैल को 10 गंटे पूछताछ की गयी थी। सूत्रों के मुताबिक इन सब से इडी को खी अहम जानकारी मिले हैं, जिस आधार पर बुधवार को छापेमारी की गयी। चर्चा है कि इन लोगों का छवि रंजन के साथ भी अच्छे संबंध हैं। हालांकि इसकी अभी अधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 27 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


# रांची के छात्र की गुरुग्राम में पिटाई हुड़दंगी छात्रों ने किया हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के हटिया के रहनेवाले एक छात्र को गुरुग्राम में कुछ युवकों ने पीट कर अधमरा कर दिया है। छात्र का नाम आर्यन शर्मा है। वह एलएलबी फर्स्ट ईयर का छात्र है। आर्यन गुरुग्राम में रह कर ही एक निजी विश्वविद्यालय से एलएलबी कर रहा है। छात्र की हालत गंभीर है। फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में हुड़दंग करनेवालों की पहचान आर्यन ने पुलिस को बता दी थी। इसलिए बदमाश युवकों ने उसकी बेरहमी से पिटाई की है।

### सही जानकारी देने पर गुस्सा गये छात्र

आर्यन ने पुलिस को बताया था कि रविवार को यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम था। इस दौरान कुछ छात्र हुड़दंग करते हुए कार से स्टंट करने लगे। तभी पुलिस आ गयी। कुछ पुलिसकर्मियों ने एक कार को पकड़ लिया और पूछताछ करने लगे। लेकिन आर्यन ने पुलिस को बता दिया क यह वह कार नहीं है। जिस कार से स्टंट किया जा रहा था, वह आगे निकल गयी है। पुलिस को सही जानकारी देने पर आरोपी छात्र गुस्सा हो गये। बाद में आरोपियों ने आर्यन को रास्ते में रोक लिया और लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की।

# अवैध निर्माण नहीं हटे, तो निगम करे कार्रवाई: हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने रोस्पा टावर के बेसमेंट में बने अवैध निर्माण को हटाने का आदेश जारी किया है। कहा है कि पार्किंग के लिए छोड़ी गयी जगह का इस्तेमाल व्यावसायिक गतिविधि के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इस संबंध में रौशन कुमार सुरीन द्वारा याचिका दाखिल की गयी है। इस पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार के कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम और ब्रेस्ट फीडिंग रूम बनाने के लिए एक जगह चिह्नित करने का निर्देश दिया। अदालत ने रांची नगर निगम को निर्देश दिया है कि बेसमेंट में बने अवैध निर्माण को अगर एक सप्ताह में नहीं हटाया जाता है, तो निगम इस पर कार्रवाई करे। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पक्ष रखा।

# हाइकोर्ट ने सरकार पर लगाया दस हजार जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अवैध तरीके से बालू उठाव के मामले में जवाब दाखिल नहीं करने पर अदालत ने यह जुर्माना लगाया है।

हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने सरकार को गलत तरीके से बालू उठाव नहीं होने देने और ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अदालत अब इस मामले की अगली सुनवाई 14 जून को करेगी। इस संबंध में फेडरेशन ऑफ झारखंड एंड ट्रेडर्स

### बालू के अवैध खनन पर कार्रवाई का निर्देश

एसोसिएशन ने जनहित याचिका दायर की है। जनहित याचिका में कहा गया है कि झारखंड के नदी घाटों से बालू उठाव बिना टेंडर या बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के हो रहा है। अवैध रूप से बालू उठाव होने से राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। वहीं बालू की मनमानी कीमत वसूली जा रही है। वर्ष 2019 में बालू घाटों से बालू के उठाव को लेकर टेंडर निकाला गया था, लेकिन यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी।

# अरगोड़ा से कटहल मोड़ तक होगा सड़क का चौड़ीकरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य होगा। 5.300 किमी सड़क का चौड़ीकरण 21 करोड़ 28 लाख की लागत से होगा। सड़क चौड़ीकरण का कार्य सात महीने में पूरा करने का लक्ष्य है। इसको लेकर पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल रांची द्वारा टेंडर जारी किया गया है। टेंडर भरने की प्रक्रिया 3 मई से शुरू होगी। अंतिम तिथि 10 मई है। इसके बाद 11 मई को टेंडर खोला जायेगा। अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ तक सड़क चौड़ीकरण होने से जाम से मुक्ति मिलेगी। यह सड़क रिंग रोड और नेशनल हाइवे 23 को जोड़ती है। इसके अलावा अरगोड़ा चौक अशोकनगर, एचइसी और हरमू बाइपास रोड को भी कनेक्ट करती है। इस सड़क पर दिनभर वाहनों की आवाजाही होती रहती है, लेकिन अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ जाने के लिए कई जगहों पर सड़क की चौड़ाई काफी कम है।

## रांची जमीन घोटाला : शहर के बीचोंबीच करोड़ों की हेराफेरी

# कैसे जुड़ा आइएएस छवि रंजन से अफसर अली का तार

### बिपिन सिंह से शेखर कुशवाहा और सद्दाम से अफसर अली के तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहर के बीचोंबीच करोड़ों की जमीन की हेराफेरी हुई है। अवैध तरीके से जमीन को बेचा और खरीदा गया है। बाहर आ रही खबरों से यह प्रतीत होता है कि सारा काम छवि रंजन के रांची डीसी रहने के कार्यकाल में हुआ है। इडी ने छवि रंजन के आवास समेत कई जगहों पर छापेमारी की है। अब इडी इस पूरे प्रकरण में सभी आरोपियों के तार जोड़ रही है। बुधवार को भी इडी ने अवैध तरीके से जमीन बेचे जाने के मामले में छापेमारी की है। रांची, जमशेदपुर के करीब आधा दर्जन ठिकानों पर इडी ने छापा मारा है। ठेकेदार बिपिन सिंह के मोरहाबादी स्थित सत्येंदु अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 402 में इडी की टीम पहुंची, तो पता चला कि विपिन सिंह परिवारर के साथ बुधवार की सुबह ही फरार हो गया। इडी ने फ्लैट को सील कर दिया है। वहं इडी की टीम ने खेलगांव स्थित गाड़ी गांव निवासी जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा के यहां दबिश दी। बता दें कि जमीन घोटाले में मनी लॉड्रिंग की जांच कर रही इडी बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली, मो सद्दाम, फर्जी रैयत प्रदीप बागची सहित कुल छह जमीन माफिया को रिमांड पर लिया है, जिनसे पूछताछ चल रही है।



रिमांड पर लिये गये आरोपितों से इनपुट पर ही छापेमारी की जा रही है। रिमांड पर लिये गये आरोपितों ने इडी की पूछताछ में आइएएस छवि रंजन के सामने यह स्वीकार कर लिया है कि उन्होंने जो भी जालसाजी की है, वह आइएएस छवि रंजन के कहने पर की है। इडी आइएएस छवि रंजन के अन्य सहयोगियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### जानें, कैसे जुड़ा है आपस में सभी का तार

बुधवार को इडी की टीम जिस बिपिन सिंह और शेखर कुशवाहा के ठिकाने पर दबिश दी, ये दोनों रिम्स से निलंबित कर्मी अफसर अली और मो सद्दाम के पार्टनर हैं। नवंबर 2022 में शेखर पर फायरिंग मामले में मो सद्दाम ने जमशेदपुर पुलिस को अपने स्वीकोरोक्ति बयान में बताया था कि चेशायर होम रोड स्थित एक जमीन पर मैं, बिपिन सिंह, अफसर अली, शेखर महतो, प्रियरंजन सहाय और नेपाल महतो ने पैसा लगाया था। सभी जमीन कारोबारी हैं। इन लोगों ने मिल कर कई जमीन पर अपना पैसा लगाया है। रिम्स रेडियोलॉजी विभाग के



निलंबित रेडियोग्राफर मो अफसर अली जमीन का नेचर बदलने, खाता-प्लॉट या क्षेत्रफल बदलवाने से लेकर कोलकाता में फर्जी डीड तैयार करने का असली मास्टरमाइंड है।

### पार्टनरों के बीच हो चुका है विवाद

नवंबर 2022 में जमीन कारोबारी शेखर महतो (जिसे शेखर कुशवाहा कहा जा रहा है) पर जमशेदपुर जिले के धामूलगढ़ इलाके में फायरिंग की घटना को अफसर अली और प्रियरंजन सहाय के इशारे पर अंजाम दिया गया था। मो सद्दाम ने पुलिस को दिये बयान में यह बात बतायी थी। इस मामले में पुलिस ने बिट्टू सिंह, सद्दाम हुसैन सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपी के पास से दो पिस्टल, पांच मोबाइल और घटना में प्रयोग होनेवाली बाइक बरामद हुई थी। मो सद्दाम हुसैन ने पुलिस को पुछताछ में बताया था कि अफसर अली, शेखर महतो, प्रियरंजन सहाय, नेपाल महतो, विपिन कुमार और मैंने एक जमीन में पैसा लगाया था। शेयर को लेकर अफसर खान, प्रियरंजन सहाय और शेखर महतो के साथ विवाद हो गया, जिसके उपरांत सद्दाम ने शेखर महतो को मारने के लिए आदित्य सिंह उर्फ बिट्टू सिंह नामक अपराधी को सुपारी दी थी। अफसर अली और प्रियरंजन सहाय ने कहा था कि सद्दाम तुम शेखर को रास्ते से हटाने का प्लान करो। जितना पैसा लगेगा, हम लोग खर्चा करेंगे। इसके बाद बिट्टू सिंह को 15 लाख में सुपारी दी गयी। योजना के तहत घाटशिला के पास एनएच के किनारे बिल्लू ढाबा के पास बुलाया, और घटना को अंजाम दिया गया। मो सद्दाम प्रियरंजन के माध्यम से शेखर महतो से मिला था।

**जमीन हेराफेरी के आरोप में अफसर अली, मो सद्दाम हुसैन सहित सात इडी रिमांड पर**

रांची स्थित इडी के जोनल कार्यालय में अफसर अली, मो.सद्दाम हुसैन सहित सात आरोपियों से पूछताछ हो रही है। इनमें अफसर अली और मो सद्दाम हुसैन के अलावे सीआई भानु प्रताप, जमीन कारोबारी प्रदीप खान, इम्तियाज अहमद, ताल्हा खान, फैयाज खान शामिल हैं। इन सभी पर सेना की बरियातू स्थित 4.55 एकड़ जमीन और चेशायर होम के निकट स्थित एक एकड़ आदिवासी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री से संबंधित मामले में इडी रिमांड पर लूकर पूछताछ कर रही है। गिरफ्तारी के बाद रिम्स के रेडियोलॉजी विभाग के रेडियोग्राफर मो अफसर अली को हिरासत में लिये जाने की तिथि के प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही अफसर अली के विरुद्ध आरोप पत्र गठित करते हुए, अनुशासनिक कार्रवाई करने का भी आदेश दिया गया है।

# कांग्रेसी आलोक दुबे, लाल किशोरनाथ और राजेश गुप्ता की अगुवाई में डोरंडा में हुई संकल्प सभा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वरिष्ठ कांग्रेसी आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, रमेश उरांव, अभिषेक साहू, कुमुद रंजन, रंजीत महतो और लालजी प्रसाद ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समानांतर कार्यक्रम का आयोजन किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राहुल गांधी की सांसदी खत्म करने, अडाणी की असलियत उजागर करने और देश-संविधान की रक्षा के संकल्प के साथ प्रदर्शन किया। इनके हाथों में तख्तियां थीं, जिनमें लिखा थाः लोकतंत्र को कमजोर करने की सुनियोजित साजिश के खिलाफ संविधान की रक्षा कौन करेगा, हम करेंगे हम करेंगे, 20 हजार करोड़ रुपये का हिसाब देना होगा, घर से तो निकाल दोगे साहिब, लेकिन दिल से कैसे निकालोगे, राहुल जी सत्य की लड़ाई में पूरा देश आपके साथ है। प्रदर्शन के साथ-साथ इन लोगों ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया। यहां एक संकल्प सभा का भी आयोजन किया गया। संकल्प सभा को



संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आलोक कुमार दुबे ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा और लोकसभा की सदस्यता से अयोग्यता, सदन के अंदर उन्हें बोलने की इजाजत नहीं मिलना और घर से बेदखल करना, इस बात का मजबूत संकेत है कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र गंभीर खतरे के दौर से गुजर रहा है। राहुल गांधी लगातार विभिन्न मंचों पर मोदी अडाणी के संबंधों पर सवाल उठा रहे हैं और 20 हजार करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं, उन्हें उजागर कर रहे हैं। हम इस गलत धारणा और अयोग्यता की कड़ी निंदा करते हैं और इस नेक लड़ाई में राहुल गांधी के साथ शरीर में बहता खून का एक एक कतरा और हर सांस रहने तक राहुल गांधी के साथ खड़े रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि हमारे पास सत्य की ताकत है और सत्याग्रह का संकल्प है। भाजपा की लूट को बेनकाब करने के लिए लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए एवं संविधान की रक्षा करने के लिए आज बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष उपस्थित होकर भारत सरकार और प्रधानमंत्री के लोकतंत्र विरोधी कृतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और इस सभा में आम आम लोगों की भागीदारी के माध्यम से जनता के बीच राहुल गांधी के संदेश को पहुंचा रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे के निर्देशानुसार आज संकल्प सभा के माध्यम से हम भाजपा के अलोकतांत्रिक कार्यों को उजागर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के जनप्रतिनिधियों को संवैधानिक संस्थाओं के माध्यम से देशभर में डराने की कोशिश की जा रही है। झारखंड इसका जीता जागता उदाहरण है, जहां इडी के माध्यम से सरकार को बदनाम करने की साजिश हो रही है तो वहीं जनता के कामों में बाधा पहुंचायी जा रही है और इसलिए आज बाबा साहेब केसंविधान और प्रजातंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ता जय भारत सत्याग्रह के माध्यम से राहुल गांधी के संदेश को जनता तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

# कर्नाटक चुनाव: अविनाश पांडेय, डॉ अजय समेत पांच कांग्रेसी नेता ऑब्जर्वर नियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय समेत पांच नेताओं को कर्नाटक चुनाव के लिए ऑब्र्जबर नियुक्त किया है। इसमें अविनाश पांडेय के अतिरिक्त झारखंड से डॉ अजय कुमार, डॉ ए चेला कुमार, मानिकम टैगोर, मोहन प्रकाश आदि शामिल हैं। अविनाश पांडेय को सेंट्रल कर्नाटक, डॉ ए चेला कुमार मैसूर रीजन, मानिकम टैगोर को मुंबई, कर्नाटक रीजन, डॉ अजय कुमार कॉस्टल कर्नाटक रीजन, मोहन प्रकाश को हैदराबाद कर्नाटक रीजन का जिम्मा दिया गया है।

# राजश्री जयंती बनीं ग्रामीण बैंक में स्वतंत्र निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा नेत्री प्रशिक्षण सह प्रमुख डॉ राजश्री जयंती भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में स्वतंत्र निदेशक के रूप में मनोनीत हुई है। उन्होंने कहा- ईश्वर को व केंद्रीय नेतृत्व तथा झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश और संगठन महामंत्री का आभार प्रकट करना चाहती हूं। निदेशक बनने पर भाजपा के महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, आदित्य साहू, महिला मोर्चा की अध्यक्षा आरती कुजूर, किसान मोर्चा के अध्यक्ष के साथ सभी पदाधिकारी, राष्ट्रीय महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री आरती सिंह के साथ सभी कार्यकर्ताओं के साथ साहित्यकारों ने बधाई दी है। जयंती को साहित्य संस्कृति मंच, सृजन साहित्य मंच, शब्दकार, महिला काव्य मंच, आगमन आदि साहित्यिक प्रो संस्थाओं ने बधाई दी है। बैठक में बैंक के निदेशक पीयूष भट्ट ने उन्हें सम्मानित किया।

# टाइटेनियम महिंद्रा में न्यू मैक्स पिकअप की लांचिंग




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ओरमांझी स्थित टाइटेनियम महिंद्रा में न्यू मैक्स पिकअप की लांचिंग की गयी। इसमें काफी संख्या में ग्राहक, फाइनेंशर मौजूद थे। इस गाड़ी को एचडी सीरीज और शहर श्रृंखला दोनों में चार मॉडल के साथ उतारा गया है। 2523 सीसी की एम2डीआइ इंजन, 80 एचपी, 220 एनएम टॉर्क जो इस विभाग में सबसे ज्यादा है। डेक साइज 10 एफटी का है। इस अवसर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा के एरिया मैनेजर अजय सिंह, टाइटेनियम महिंद्रा के डीलर प्रिंसिपल उत्कर्ष सिंघानिया, जेनरल मैनेजर विकास चतुर्वेदी, शंकर झा, पिंकू कुमार, तुला कृष्णा, सभी फाइनेंशर तथा काफी संख्या में ग्राहक मौजूद थे। साथ ही साथ आये हुए ग्राहकों ने नये मैक्स पिकअप की खूबियों को जाना इसके साथ- साथ पांच गाड़ियों की बुकिंग भी की गयी।

# दुमका जेल से गैंगस्टर अमन साहू ने लातेहार एसपी को लिखा पत्र

**रांची (आजाद सिपाही)।** गैंगस्टर अमन साहू ने केंद्रीय कारा, दुमका से लातेहार एसपी के नाम एक पत्र लिखा है। पत्र में अमन साहू ने बताया है कि लातेहार जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू ने उनके विरुद्ध नामजद प्राथमिकी बालूमाथ थाना कांड संख्या 58/ 2023 दर्ज कराया है। इसमें आरोप लगाया है कि अमन के लोगों के द्वारा उनके मुकदमे में गवाही नहीं देने के लिए धमकी भरा पत्र उनके घर में फेंका गया है। अमन साहू ने अपने बंदी आवेदन में बताया है कि जिस दौरान यह आरोप लगाया जा रहा है, उस दौरान उन्हें 28 जनवरी से 13 अप्रैल तक में प्रेसीडेंसी करेक्शन होम कोलकाता, अलीपुर में रखा गया था। वहां न तो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा है और ना ही कोई फोन उन्हें आवंटित है। ऐसी परिस्थिति में उनके विरुद्ध लगाया गया यह आरोप जांच का विषय है। अमन साहू ने आरोप लगाया है कि राजेंद्र प्रसाद साहू अतिरिक्त सुरक्षा बल बढ़ाने को लेकर प्रशासन को दिग्भ्रमित करने के लिए यह मुकदमा दर्ज कराया है। इसकी जांच होनी चाहिए।

# डीएसपीएमयू जल्द ही अलग पहचान बनायेगा : प्रो. ई बालागुरुस्वामी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन के शैक्षणिक सलाहकार प्रो ई बालागुरुस्वामी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची आये। उनके साथ राज्यपाल के ओएसडी, न्यायिक मुकलेश चंद्र नारायण भी थे। प्रो ई बालागुरुस्वामी ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के प्रशासनिक और अकादमिक कार्यों की पूरी जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, कुलसचिव डॉ नमिता सिंह समेत विश्वविद्यालय के सभी डीन, एचओडी के साथ लंबी बैठक कर उनसे अकादमिक और विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचना पर संवाद किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने विश्वविद्यालय में रिसर्च और शोध की गुणवत्ता और संख्या पर प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि जल्द ही इन सब मानकों को बनाये रखने के कारण यह विश्वविद्यालय अपनी अलग पहचान बनायेगा।

उन्होंने शिक्षकों से संवाद करते हुए कहा कि हमें विद्यार्थियों को इस बात के लिए प्रेरित करना होगा कि वे जिज्ञासु बनें और शिक्षकों से अपनी शैक्षणिक समस्याओं पर निरंतर विमर्श करें। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके व्यक्तित्व विकास को निखारने की बात कही।

इसके पूर्व कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने प्रो ई बालागुरुस्वामी और ओएसडी, जे मुकलेश चंद्र नारायण का स्वागत किया और उन्हें गौतम बुद्ध की प्रतिमा भेंट की। इसके पूर्व विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी संभाग के डॉ अभय कृष्ण सिंह, के द्वारा सभागार में स्लाइड के माध्यम से पूरे विश्वविद्यालय की आधाभूत संरचना, अकादमिक स्थिति, विद्यार्थियों की संख्या, शिक्षकों की संख्या, शोध और रिसर्च जर्नल के प्रकाशन से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी।

# झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 27 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 अप्रैल को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद की बैठक गुरुवार की शाम प्रोजेक्ट भवन में होगी।

## रामगढ़ कॉलेज में साइबर डिफेंस विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया

# साइबर अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए बन रही छात्रों की टीम

**आजाद सिपाही संवाददाता**






**रामगढ़।** रामगढ़ कॉलेज परिसर में बुधवार को छात्रों को एक ऐसे विषय पर जागरूक किया गया जो आम जीवन में घटित हो रही हैं। आज के समय में साइबर क्राइम बेहद आम हो गया है। अपराधी घर बैठे लोगों को बेवकूफ बनाते हैं और उनके बैंक खाते खाली कर देते हैं। घर में बैठी महिलाएं, बच्चे, युवा उनके झांसे में आकर अपना सब कुछ लुटा रहे हैं। ऐसी स्थिति में यह बेहद जरूरी है कि युवा पीढ़ी साइबर डिफेंस के बारे में बेहतर तरीके से जाने।

**एक हजार से अधिक बच्चों को साइबर सुरक्षा के विषय में बताया गया**

मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद साइबर विद्यापीठ के निदेशक बालाजी वेंकटेश ने 1000 से अधिक बच्चों को साइबर सुरक्षा के विषय में विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने बताया कि भारत सरकार के अंतर्गत यूजीसी की ओर से एक कोर्स की शुरूआत की गई है। जिसमें बच्चों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जायेगा और उन्हें पढ़ाया जायेगा। उन्होंने बताया कि पूरे देश भर में झारखंड पहला राज्य है, जहां इस कोर्स को पढ़ाया जायेगा। साइबर अपराधियों पर आसानी से लगाम लगाया जा सकेगा बालाजी वेंकटेश ने बताया कि झारखंड में सबसे पहले इसकी पढ़ाई विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के माध्यम से कराई जा रही है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस कोर्स के लिए हर बच्चे को 60 घंटे का क्लास कराया जायेगा। जिसमें प्रैक्टिकल परीक्षा भी अलग से कराई जायेगी।

प्रैक्टिकल परीक्षा के माध्यम से हर एक विद्यार्थी को 100-100 लोगों को साइबर सुरक्षा के लिए जागरूक करना होगा। उन्होंने बताया कि इस तरह से विनोबा भावे विश्वविद्यालय में तकरीबन 30000 विद्यार्थी हैं, जो इस कोर्स को करेंगे। यदि 30000 विद्यार्थी 100 लोगों से संपर्क करेंगे तो तकरीबन 30 लाख लोगों तक साइबर सुरक्षा की जानकारी दी जा सकेगी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की ओर से यह कोर्स एक बहुत बड़े आंदोलन का रूप लेने वाला है। जिसमें हर तरह के साइबर अपराधियों पर आसानी से लगाम लगाया जा सकेगा। सेमिनार की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्या डॉ रेखा प्रसाद ने की। जबकि मंच संचालन प्रो रोज उरांव ने किया।

**ये थे उपस्थित:** इस अवसर पर आइक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर डॉ रत्ना पांडे, डॉ बक्शी, ओम प्रकाश सिन्हा, डॉ सुनील अग्रवाल, डॉ आरके उपाध्याय, डॉ प्रीति कमल, डॉ कामना, डॉ अनामिका , प्रो सरिता सिंह, प्रो गोपाल, प्रो प्रेमचंद, प्रो नेहा, प्रो डॉ बलवंत, किशुन महतो, उज्जवल, वासुदेव, सरजू महतो, वीरेंद्र उरांव, मनोज, चंदन, शिवानंद, राकेश, गौरव, उस्मान, निरंजन, और जयवीर मौजूद थे।

## झारखंड उलगुलान मोर्चा ने मंत्री बन्ना गुप्ता का पुतला दहन किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के आपतिजनक वीडियो वायरल होने के बाद कई सामाजिक संगठन सड़कों पर उतरकर बन्ना गुप्ता की बर्खास्तगी की मांग कर रहे हैं। बुधवार को झारखंड उलगुलान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि पीटर के नेतृत्व में सैंकड़ों लोग नामकुम चौक पर मंत्री बन्ना गुप्ता का पुतला दहन कर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किये। मोर्चा के अध्यक्ष रवि पीटर ने कहा कि झारखंड उलगुलान तथा आंदोलनकारीयों की धरती है। इसे मंत्री ने अपमान किया है। इसे झारखंडी समाज कभी माफ नहीं करेगा। सीएम हेमंत सोरेन से मांग किया कि अविलंब मंत्री बन्ना गुप्ता को बर्खास्त करे अन्यथा मोर्चा वृहत आंदोलन करेगी। पुतला दहन को सफल बनाने में केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अजहर मलिक, महिला मोर्चा से मुन्नी देवी, सरिता देवी, पायल कुमारी, रेखा देवी, जलेश्वरी देवी, प्रियंका महतो, रश्मि गुप्ता, कालेश्वरी मुंडा, ममता उरांव, प्रियंका बड़ाईक, हरीश महतो, सतीश बड़ाईक, बिट्ठू दास, रीमा यादव, कविता महतो, रामचरण यादव, अजय मुंडा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रामगढ़ के तीन इंस्पेक्टर का हुआ जिला ट्रांसफर

**रामगढ़ (आजाद सिपाही संवाददाता)। रामगढ़ जिले में पदस्थापित 3 इंस्पेक्टर का जिला ट्रांसफर हो गया है। डीजीपी कार्यालय से बुधवार की शाम जो सूची जारी हुई उसमें रामगढ़ जिले में पदस्थापित इंस्पेक्टर राजेश कुमार, विपिन कुमार और विद्याशंकर का नाम भी शामिल है। राजेश कुमार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, विपिन कुमार को अपराध अनुसंधान विभाग, रांची और विद्याशंकर को सिमडेगा जिला बल में पदस्थापित किया गया है।**

## टेंपो और ट्रेकर मालिकों, चालकों ने अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# प्रस्तावित टेंपो और ट्रेकर पार्किंग शुल्क में वृद्धि को वापस लेने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** टेंपो और ट्रेकर मालिक व चालकों के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में मालिक व चालकों ने बताया है की ऐसी जानकारी मिल रही है की छावनी परिषद की ओर से टेंपो का पार्किंग शुल्क 5 रूपए से बढ़ाकर 10 रूपए और ट्रेकर का पार्किंग शुल्क 15 रूपए से बढ़ाकर 20 रूपए किये जाने की योजना बनायी जा रही है। ज्ञापन में कहा है की टेंपो के पार्किंग शुल्क में 100 प्रतिशत की वृद्धि की जा रही है। जबकि ट्रेकर का पार्किंग शुल्क 5 रूपए बढ़ाये जाने की योजना है। कहा की पार्किंग शुल्क में वृद्धि की यह योजना न्यायोचित नही है। ज्ञापन में बताया की टेंपो के मालिक व चालक बैंकों से लोन लेकर टेंपो खरीद कर बड़ी मुश्किल से अपनी जीविका चलाते हैं। वहीं, हर माह उन्हें बैंकों के लोन की राशि भी देनी पड़ती है। ज्ञापन में बताया की ट्रेकर के मालिक और चालकों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही ट्रेकर के पार्टस और पूर्जे भी काफी महंगे हो गए है। जिससे वाहन के रख रखाव का खर्च बढ़ गया है। ऐसे में बढ़ाया गया पार्किंग शुल्क चुकाने हमलोगों के लिए परेशानी बढ़ाने वाला साबित होगा। इसलिए हम सबों का आपसे विनम्र अनुरोध है की पार्किंग शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि को वापस लें। इसके लिए हम सभी आपके आभारी रहेंगे। ज्ञापन की प्रतिलिपि अध्यक्ष छावनी परिषद रामगढ़, निदेशक मध्य कमान, रक्षा मंत्रालय, लखनउ, नामित सदस्य छावनी परिषद रामगढ़ को भी प्रेषित की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में रवि कुमार, अमर कुमार, संजय कुमार, बिटू सिंह, प्रदीप, कृष्णा कुमार, बुलबुल, महेश गोप, विनय गुप्ता, अमित कुमार, राजू, आदि शामिल थे।

## नमन परिवार का शहीदों को सम्मान देना नौजवानों के लिए मिशाल: शंभूनाथ सिंह



**रांची (आजाद सिपाही)।** 1857 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के शहादत दिवस पर नमन परिवार द्वारा साकची स्थित कार्यालय में संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं शहर के गणमान्यो की गरिमामय उपस्थिति में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि शंभू सिंह ने कहा मां भारती की रक्षा के लिए कर्तव्य का पालन करते हुए बलिदान दिया। उन्होंने देशभक्ति में वे आदर्श स्थापित किये जिसके लिए सम्पूर्ण देश उनका सदैव ऋणी रहेगा। मातृभूमि के लिए उनका बलिदान आज भी देश के नागरिकों में देशभक्ति की भावना का संचार करता है। आजसू नेता चंद्रगुप्त सिंह ने कहा उन्होंने भारत की आजादी के लिए अपनी कुबार्नी दी, जिसको कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। वें सदैव हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। इंटक नेता व नमन के मुख्य संरक्षक राकेश्वर पांडेय ने कहा बाबू कुंवर सिंह भारत के उन अमर स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे जिन्होंने मातृभूमि की गुलाभी की बेड़ियों को तोड़ने में अपनी ओर से पूरा प्रयत्न किया। ऐसे ही कई देशभक्तों के बलिदानों के पश्चात देश को आजादी प्राप्त हुआ। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद ने कहा कि हमें अपनी आजादी की रक्षा इन महान विभूतियों के आदर्शों पर चलकर ही करना होगा। उन्होंने देश के नवनिर्माण का जो स्वप्न देखा था, उसे हम उनके बताए मार्ग पर चलकर साकार कर सकते है। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व अध्यक्ष व नमन के संरक्षक वरुण कुमार ने कहा जी बाबू वीर कुंवर सिंह जैसे क्रांतिकारियों का देश सदा कृतज्ञ रहेगा। मौके पर नमन संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह निडर और बहादुर इंसान थे उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन को तेज धार देने के साथ-साथ समाज के हितों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रहे। मातृभूमि के लिए उनका त्याग और बलिदान अतुलनीय है। उनकी देशभक्ति, साहस और आत्म-बलिदान आज भी प्रेरणा बनकर हमारे हृदयों में विद्यमान हैं, इतिहास उन्हें कभी नहीं भुला सकता। मातृभूमि के लिए उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। इस कार्यक्रम में वरिय समाजसेवी वाई.पी. सिंह, पार्षद कविता परमार, उत्तर प्रदेश संघ के रामकेवल मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किए, संचालन राजीव कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन महेश मिश्रा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में जसवंत सिंह भोमा, बालविंदर सिंह , कश्मीर सिंह, दलबीर सिंह गोल्डी, नरेंद्र सैनी, संतलाल पाठक, कैलाश झा, गोपी कांत, सरजू राम, राजपति देवी, प्रमिला शर्मा, लख्खी कौर, आरती मुखी, काकुली मुखर्जी, बिंदिया मुखी, रिंकू दुबे, डी स्वाति देवी, उषा देवी, के विजयालक्ष्मी, प्रीति श्रीवास्तव, चंदना रानी, सविता यादव, जमुना दास, रेखा देवी, पूनम राणा, शुक्ला हलधर, गीता मुखी, ममता मुखी, नीतू देवी एवं अन्य ने सम्मिलित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## एक श्रेष्ठ शिक्षक विद्यार्थियों को जिज्ञासु बनाता है: डॉ तपन कुमार शांडिल्य



**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विभाग में सेमेस्टर तीन के विद्यार्थियों की मीडिया इकोनॉमिक्स पाठ्यक्रम से संबंधित कक्षा ली। गौरतलब है कि कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य स्वयं अर्थशास्त्र के प्रोफेसर हैं। इसी क्रम में उन्होंने बैचलर ऑफ जर्नलिज्म के सेमेस्टर 3 के पाठ्यक्रम में शामिल मीडिया इकोनॉमिक्स के टॉपिक पर पूरे एक घंटे तक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कक्षा ली। इस क्रम में उन्होंने विद्यार्थियों को अर्थशास्त्र की मूल अवधारणा से अवगत कराते हुए बताया कि अर्थशास्त्र के शाब्दिक और वास्तविक अर्थ में क्या भिन्नता है। आगे उन्होंने काफी रोचक और सरल तरीके से अपने व्याख्यान में बताया कि 1776 से पूर्व अर्थशास्त्र का अध्ययन स्वतंत्र रूप से न करके सामाजिक विज्ञान के अंतर्गत किया जाता था। 1776 में प्रो एडम स्मिथ की पुस्तक हीं डा राष्ट्र का धन प्रकाशित हुई और यहीं से अर्थशास्त्र का वैज्ञानिक अध्ययन प्रारंभ हुआ। इसके उपरांत कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने विद्यार्थियों को मीडिया अर्थशास्त्र की वर्तमान प्रासंगिकता के विषय में विस्तारपूर्वक बताया। अपने अध्यापन के क्रम में उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर संवाद करते हुए काफी सरल तरीके से सबंधित टॉपिक पर अपना व्याख्यान दिया। इसके पूर्व स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के निदेशक प्रो राजेश कुमार सिंह और विभागीय शिक्षकों और विद्यार्थियों ने कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य का स्वागत और आभार प्रकट किया।

## जमशेदपुर के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में कोरोना विस्फोट

# 148 छात्रायें संक्रमित, स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** जिले में कोरोना मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। मंगलवार को जिले में कुल तीन हजार 191 लोगों की जांच हुई, जिसमें अब तक 148 छात्राओं के कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई है। संक्रमितों में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय (केजीबीवी) की 148 छात्राये हैं। इसके अलावा 10 अन्य मरीज का इलाज टाटा मोटर्स अस्पताल में चल रहा है।

सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी ने बताया कि दो दिन में 148 छात्रा कोरोना पॉजिटिव मिली हैं। फिलहाल सभी संक्रमित छात्राओं का स्कूलों में ही आइसोलेशन वार्ड बनाकर इलाज शुरू किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की सलाह दी है। कस्तूरबा में छात्राओं के कोरोना पॉजिटिव मिलने से स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। शिक्षा विभाग ने सभी बीइओ, सभी वार्डेन, विद्यालय प्रबंधन समिति को पत्र लिखकर विशेष कदम उठाने का निर्देश दिया गया है।

## शतरंज प्रतियोगिता आचार्यकुलम विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया



**रांची (आजाद सिपाही)।** दिनांक-21/04/2023 से 23/04/2023 तक रांची जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता गुरु नानक पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में आचार्यकुलम विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिए और भव्य प्रदर्शन किये। इसमें पलक गुप्ता ने अपने चार मैच जीतकर 4 अंक प्राप्त की। अन्य छात्र-छात्राओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किये, उनमें हैं। अरनव राठौर, अभ्युदय कुमार, समर प्रताप सिंह, धृति तिवारी, अंशुमन रंजन, अनभ्या तिवारी। विद्यालय की प्राचार्या सुजाता कौर ने छात्रों के इस सफल प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें देते हुए, उन्हें प्रेरित करते हुए कहा कि-आप सभी इसी तरह मेहनत करते रहें और आने वाले भविष्य में इससे बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय एवं देश स्तरीय प्रतियोगिता में भी अव्वल आयें। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के खेल शिक्षक दीपक गोप की अहम भूमिका रही।

# श्री खाटू नरेश का केसर, चंदन तिलक लगाकर श्रृंगार किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री श्याम मित्र मंडल रांची द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया । श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि पिछली अमावस्या व उसके बाद अक्षय तृतीया के महान स्नान के बाद आज तिलक सिंगार किया गया। राजस्थान स्थित खाटू धाम के खाटू श्याम मंदिर में भी बाबा श्याम का आज केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। खाटू नरेश को नया बागा (वस्त्र) पहनाया गया कोलकाता से मंगाए गए सुगंधित फूलों जूही लाल गुलाब पीला गुलाब तुलसीदल लाल पीला गेंदा फूलों की मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। गुलाब की विशेष रूह से मसाज कर पंचमेवा का भोग अर्पित किया गया। फूलों की सुगंध से पूरा श्याम मंदिर सुगंध समय हो रहा था। गोड्डा निवासी अजय कुमार सिंह ने श्रृंगार सेवा निवेदित की। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा मंदिर के पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा अनूप दाधीच वह मंदिर के आचार्यों ने विधि विधान से खाटू नरेश का श्रृंगार किया । इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू उपस्थित थे।

### शनिवार को होगा श्री श्याम भंडारा

**हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार 29 अप्रैल को 60वा श्री श्याम भंडारा आयोजित होगा। बता दें कि हर शनिवार को श्री श्याम भंडारा आयोजित होता है। 60 वे श्री श्याम भंडारे की सेवा मेडिका अस्पताल रांची के प्रबंध व्यवस्था के प्रमुख अनिल शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट सुनीता शर्मा, रामअवतार जांगिड़, जीएम पूनम जांगिड़, ज्ञानेश झा, वित्त प्रमुख प्रियंका झा अपने अपने परिवार के साथ भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे।**

## श्रीश्री 1008 पंचमुखी हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा सह महायज्ञ में हुए कई धार्मिक अनुष्ठान

# यज्ञ मंडप की परिक्रमा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**भक्ति जयकारों से गूंजा क्षेत्र, रासलीला के दौरान भक्ति के सागर में डूबे श्रद्धालु**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**भुरकुंडा।** श्रीश्री प्राचीन मां पंच बहिनी मंदिर विकास समिति लबगा के तत्वावधान में चल रहे श्रीश्री 1008 पंचमुखी हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा सह नवापरायन 11 दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को भी पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कई धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। महायज्ञ में यज्ञाचार्य श्रीश्री 1008 प्रचेतश जी महाराज की देखरेख में आचार्य शशि मिश्रा, आचार्य धनंजय शरण, अमरेंद्र पांडेय, राजेश पांडेय, विकास पाठक, सोनू पांडेय, धर्मेश मिश्रा, दीपक शास्त्री, नर्वोत्तम पांडेय, ध्रुवेश मिश्रा, भारतेन्दु पांडेय, रूद्र प्रकाश शुल्क, श्याम किशोर मिश्रा द्वारा तीसरे दिन अणीमंथन, हवन प्रारम्भ कराया गया। वहीं महायज्ञ के चैथे दिन अन्नाधिवास, जलाधिवास, पांचवे दिन पुष्पाधिवास, फलाधिवास, छठे दिन वेदी पूजन, शय्याधिवास, सातवें दिन नगर भ्रमण और पूजन, आठवे दिन महाअभिषेक, नौवे दिन वेदी पूजन, सुंदरकाण्ड पाठ, दसवें दिन मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा और अंतिम दिन 4 अप्रैल को पूणार्हूति और भंडारा के साथ 11 दिवसीय महायज्ञ का समापन होगा। इसके पूर्व महायज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को मण्डप प्रवेश, वेदी पूजन आदि धार्मिक अनुष्ठान हुए। पूजा के दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजन-अनुष्ठान में बतौर यजमान रामेश्वर गोप, सुरेश गोप, लखन मुंडा, छठु प्रसाद, संजय प्रसाद, जनक साव, प्रकाश साव, शिव शंकर व रमेश यादव सपत्नि शामिल हुए। यज्ञ को सफल बनाने में सरंक्षक रंजीत यादव व दीनानाथ साहू, अध्यक्ष नन्दलाल महतो, कार्यकारी अध्यक्ष बादल पाहन, सचिव सुरेश गोप, कोषाध्यक्ष कैलाश मुंडा, संयोजक रामेश्वर गोप, उप संयोजक छठु प्रसाद, सह संयोजक डोमन महतो, उप कोषाध्यक्ष संदीप यादव, उपाध्यक्ष मनोज यादव, विजय साव, दिलीप साव, लखन मुंडा, अभिषेक नागवंशी, कन्हैया, उप सचिव राहुल कुशवाहा, कृष्णा प्रसाद, प्रिन्स, विनोद यादव, सागर मुंडा सहित महिला कमेटी की नीरू देवी, मंजू देवी, अनिता देवी आदि सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त कोडरमा थाना कांड सं0- 214 /17, दिनांक-28.11.2017 धारा- 414 भा0द0वि0 एवं 3 /4 /5 विस्फोटक पदार्थ अधि0 में प्राथमिकी अभियुक्त कैलाश बिरहोर पिता रामटहल बिरहोर, साकिन रतनाग, थाना लावालौंग, जिला चतरा का द0प्र0स0 की धारा 82 के अंतर्गत माननीय न्यायालय से इश्तेहार निर्गत किया गया है।

Court of Smt Vaishali Srivastv
CJM
[Form No.- 4 Schedule II Act 2 1974]
Schedule XLIII-High court (M)31C [Old Criminal Process No.-4]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure)
चूंकि मेरे पास नालिश की गई है (1)

1.नाम व पता
(1) कैलाश बिरहोर पिता रामटहल बिरहोर, साकिन रतनाग, थाना लावालौंग, जिला चतरा
2.किया है या करने का उस पर शुवहा है। जो व-मुजिब दफा मजमूअए तावीरात हिन्द
3.नाम के सदा के लायक है (2)
और व-तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआवा यकैफियत दी गई है कि (3) जब
4.फरार हुआ है या रूपोश है तके वारन्ट मजकुर उसपर जरी न हो सके। पाये नही जाते है और चूंकि ब- तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) जब
4.मोकाम।
U/S-414 भा0द0वि0 एवं 3 /4 /5 विस्फोटक पदार्थ अधि0 मजकुर इसलिए
बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि
मजकुर साकिन
ब-मोकाम(5)
6. इस अदालत रूबरू मेरे। अ-हजुर (6)
ब-तारीख 10 माह अगस्त-2022 नालिश –मजकुर
करे जवाब देही के लिए हाजिर हो
आज तारीख 27 माह जुन सन् 2022
Court Of Smt Vaishali Srivastv
CJM, Koderma

अत: सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिकी अभियुक्त कैलाश बिरहोर पिता रामटहल बिरहोर, साकिन रतनाग, थाना लावालौंग, जिला चतरा के विरूद्ध निर्गत इश्तेहार का विधिवत् तामिला दिनांक- 06.07.2022 को ही किया गया है। अगर ये कही मिलते / दिखते है तो इसके संबध मे पुलिस अधीक्षक, कोडरमा / Court Of Smt Vaishali Srivastv, CJM, Koderma के न्यायालय मे इसकी सूचना दे या निम्नांकित फोन नम्बर पर सपर्क कर इसकी जानकारी दें।

थाना प्रभारी, कोडरमा
पु.अ.नि. दिलीप कु. झा (अनुसंधानकर्त्ता) Mob. : 94317-06352, 77650-57773

# बचाव अभियान: 'आपरेशन कावेरी' और सूडान

युद्धग्रस्त सूडान में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए शुरू किया गया भारत का 'ऑपरेशन कावेरी' जारी है। भारत सरकार करीब 3,000 नागरिकों को बाहर निकालने के लिए 72 घंटे की संघर्ष-विराम अवधि का पूरा फायदा उठा रही है। इस अभियान में भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना शामिल हैं और इसका समन्वय विदेश मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। सूडान की सत्तारूढ़ परिषद के प्रमुख जनरल अब्देल-फतह अल-बुरहान, जो सूडानी सशस्त्र बलों के प्रमुख भी हैं, और अर्धसैनिक समूह आरएसएफ के उनके पूर्व डिप्टी जनरल मोहम्मद 'हेमेती' हमदान डागालो के बीच खारतूम में भारी लड़ाई को देखते हुए अधिकांश नागरिकों को सड़क मार्ग से पोर्ट सूडान लाया जा रहा है, जो एक खतरनाक यात्रा है। इन्हें हवाई और समुद्र मार्ग द्वारा बाहर निकाला जाएगा। भारत सूडान में सबसे अधिक नागरिक और संसाधन रखने वाले अन्य देशों के साथ समन्वय कर रहा है, जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब शामिल हैं। इसमें रसद, निकासी अभियानों के समय और यहां तक कि सऊदी और फ्रांसीसी विमानों का उपयोग भी शामिल है। पहले से तय कैरिबिया की अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मदद मांगने के उद्देश्य से रास्ते में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासचिव से भी मुलाकात की। यह स्पष्ट है कि सैन्यकर्मियों, अधिकारियों और राजनयिकों के लिए आने वाले कुछ दिन मुश्किल भरे होंगे क्योंकि यहां मानवीय कार्यकर्ताओं और एम्बुलेंस पर भी हमला किया गया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि उन्हें दशकों से इसी तरह के अभियानों के इकट्ठा अनुभवों से सहायता मिली है, जिनकी शुरूआत 1991 में खाड़ी युद्ध के दौरान इसी तरह के सबसे बड़े निकासी अभियान से हुई थी। सूडान को खाली कराने की घटना ने एक बार फिर उन विशेष चुनौतियों की ओर ध्यान खींचा है जिनका सामना भारत को किसी भी संघर्ष में करना पड़ता है। आज लगभग 14 मिलियन अनिवासी भारतीयों और हर साल सात मिलियन से अधिक पर्यटकों और यात्रियों के साथ देखें तो व्यावहारिक रूप से ऐसा कोई संघर्ष नहीं है जो एक भारतीय नागरिक को प्रभावित नहीं करता। सरकार की जिम्मेदारी कहीं अधिक बनती है कि वह सुरक्षित लौटने के साधनों के बगैर फंसे पड़े इन लोगों को बाहर निकालने में मदद करे। नतीजतन, एक मानक संचालन प्रक्रिया, और यहां तक कि संभवतः ऐसे संकटों से निपटने के लिए एक विशेष बल के बारे में सरकार को सोचना चाहिए, जैसा कि 2022 में विदेश मामलों के लिए संसद की स्थायी समिति द्वारा सिफारिश की गई थी। यह भी जरूरी है कि इस तरह के संकट राजनीतिक प्रदर्शन या किसी को दोषी ठहराने से मुक्त हों। भारत की प्रतिष्ठा दुनिया के किसी भी कोने में हर नागरिक को बचाने में अपने सभी संसाधनों का उपयोग करने की क्षमता में निहित है, जब भी उन्हें जरूरत हो। यह प्रतिष्ठा बरकरार रहनी चाहिए।

**सूडान को खाली कराने की घटना ने एक बार फिर उन विशेष चुनौतियों की ओर ध्यान खींचा है जिनका सामना भारत को किसी भी संघर्ष में करना पड़ता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दुनिया में तेल की खोज 1859 में मानी जाती है। भारत में 1967 से ही असम में तेल निकलने लगा था, अर्थात दस साल के अंदर ही। लेकिन तब से भारत में तेल की खोज और निकासी का काम सामान्य रफ्तार से नहीं हुआ। बाद में इस चीज की जरूरत महसूस होने पर तेल और पेट्रोलियम गैस निगम की स्थापना हुई जो आज सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी है।**

# भारत में तेल की खोज और निकासी का काम सामान्य रफ्तार से नहीं हुआ



अरविंद मोहन



**नब्बे के दशक तक भारत अपनी जरूरत का एक तिहाई पेट्रोलियम देसी स्रोतों से जुटा लेता था जो अब बारह फीसदी से जरा ऊपर रह गया है। इस बीच बाम्बे हाई के तेल और गैस का उत्पादन भी बढ़ा है। पर दो चीजें हुई हैं- एक तो तेल की खपत ज्यादा तेजी से बढ़ी है (इस साल भी करीब दस फीसदी वृद्धि बताई गई है)। दूसरे ऊर्जा के दूसरे स्रोतों की तलाश और उपयोग का काम ढीला छोड़ दिया गया है।**

खबर दसेक दिन पहले आई थी लेकिन किसी भी अखबार और चैनल पर चर्चा नदारद रही। दस दिन बाद एक अंग्रेजी अखबार ने खबर छापी है तो उसके उसे ऋणात्मक पक्ष की चर्चा नदारद है जो असल में खबर है। और यह पक्ष है कि भारत भले ही मेक इंडिया का शोर मचाए उसकी तेल के मामले में विदेशों पर निर्भरता बढ़ती गई है और वह देसी उत्पादन में पिछड़ता जा रहा है। नब्बे के दशक तक भारत अपनी जरूरत का एक तिहाई पेट्रोलियम देसी स्रोतों से जुटा लेता था जो अब बारह फीसदी से जरा ऊपर रह गया है। इस बीच बाम्बे हाई के तेल और गैस का उत्पादन भी बढ़ा है। पर दो चीजें हुई हैं-एक तो तेल की खपत ज्यादा तेजी से बढ़ी है (इस साल भी करीब दस फीसदी वृद्धि बताई गई है)। दूसरे ऊर्जा के दूसरे स्रोतों की तलाश और उपयोग का काम ढीला छोड़ दिया गया है। भारत ने 2022-23 में कुल 158 अरब डालर का तेल आयात किया जबकि 2021-22 में यह 121 अरब डालर का था। इस अवधि में देसी उत्पादन का हिस्सा 85.5 फीसदी से बढ़ाकर 87.3 फीसदी रह गया है। 2018-19 में यह 83.8 फीसदी था अर्थात पांच सालों में पांच फीसदी की गिरावट आई है जबकि पिछले एक साल में ही लगभग दो फीसदी की कमी हो गई है।

**अब लगता है कि कुछ सालों में ही हमारा अपना उत्पादन दिखाने या सूंघने भर का रह जाएगा।**

पहले हम सार्वजनिक परिवहन की जगह निजी परिवहन को बढ़ावा देने जैसी नीतिगत कमियों का शोर मचाते थे लेकिन अब तो यही लगता है कि तेल आयात का खेल अर्थव्यवस्था से ज्यादा सरकार को रास आ रहा है और इसमें देश का चाहे जितना धन बाहर जाता हो सरकार अपने लिए कर राजस्व से खजाना भरने का जो रास्ता खोज चुकी है वह उसे लाभदायक लग रहा है। दुनिया में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत गिरने के बावजूद सरकार ने ग्राहकों को वह लाभ नहीं दिया और पंद्रह लाख करोड़ से ज्यादा का कर राजस्व बढ़ा लिया। और इस बार तो एक और खेल हुआ है जिसका ब्यौरा अभी तक बहुत साफ ढंग से उपलब्ध भी नहीं कराया गया है। सरकार ने यूक्रेन युद्ध के चलते संकट में फंसे रूस से रियायती दर पर तेल खरीदना शुरू किया है। ऐसा दुनिया के अनेक ऐसे देशों ने भी किया है जो यूक्रेन के पक्ष में खड़े दिखते हैं। इसलिए उस नैतिकता वाले पक्ष को ज्यादा भाव नहीं दिया जा सकता। जिस रफ्तार में रूस हमारा सबसे बड़ा तेल निर्यातक बना है वह चौंकाने वाला है और भले ही दुनिया को यह बताना जरूरी न हों कि संकट के समय रूस किस दर से तेल हमें बेच रहा है। लेकिन इस सस्ते तेल का लाभ तो भारतीय उपभोक्ताओं को मिलना चाहिए।

यह इस मामले का एक पहलू है लेकिन बड़ा नहीं है। दुनिया में तेल की खोज 1859 में मानी जाती है। भारत में 1967 से ही असम में तेल निकलने लगा था, अर्थात दस साल के अंदर ही। लेकिन तब से भारत में तेल की खोज और निकासी का काम सामान्य रफ्तार से नहीं हुआ। बाद में इस चीज की जरूरत महसूस होने पर तेल और पेट्रोलियम गैस निगम की स्थापना हुई जो आज सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी है। शुरू में काम तेजी से हुआ लेकिन नए इलाकों में अपेक्षा से कम लाभ दिखने से यह मंदा पड़ा। धीरे-धीरे सरकारी कंपनियां तेल आयात करके और साफ करके बेचने के खेल में जुड़ गईं जो मुनाफा देता ही देता है। फिर इस काम में निजी क्षेत्र को भी लगाया गया। तब यह माना गया कि सरकारी कंपनी को पीछे करके निजी कंपनियों को आगे किया जा रहा है। उन कंपनियों से उत्पादन के 'बाई बैक' सौदे जिस दर पर हुए उसकी भी चर्चा रही। एक बार तेल की कीमत विदेशी बाजार में ऊपर पहुंचते ही इन कंपनियों को भी ऊंची कीमत पर माल बेचने की इजाजत दे दी गई। बीच में यह शिकायत भी आई कि खुली बिक्री की इजाजत न होने से उन्होंने तेल का उत्पादन कम कर दिया। और जब सरकारों ने तेल की कीमतें बढ़ाने पर अपनी झोली भरनी शुरू कर दी तो यह चर्चा भी गायब हो गई।

इस पूरे झमेले में देसी उत्पादन का मसला ही कहीं पीछे छूट गया। और अब लगता है कि कुछ सालों में ही हमारा अपना उत्पादन दिखाने या सूंघने भर का रह जाएगा। कोई कह सकता है कि आज खपत ज्यादा तेजी से बढ़ी है। देसी उत्पादन उस रफ्तार से पिछड़ा है। यह बात सही हो सकती है। पर खपत बढ़ने की चिंता हमारे कर्ताधर्ताओं को दिखती नहीं है। वे आपदा में अवसर देखते हुए हर संकट में खजाना भरने में लगे हैं। निश्चित रूप से खपत बढ़ाने वाली एक चीज सार्वजनिक की जगह निजी परिवहन है। आर्थिक गतिविधियों का बढ़ना एक जायज वजह है। फिर यह भी हुआ है कि देश में तेल उत्पादन की क्षमता तो ज्यादा नहीं बढ़ी, रिफाइनिंग क्षमता ज्यादा तेजी से बढ़ी है। इसलिए पेट्रोलियम आयात के साथ निर्यात भी बढ़ा है। लेकिन यह भी हुआ है कि देश में सबसे ज्यादा कोयला होते हुए भी हम विदेशी कोयले का आयात बढ़ाते जा रहे हैं। इसी तरह के एक सौदे में प्रधानमंत्री ने अपने मित्र गौतम अडानी को आस्ट्रेलिया में एक खदान का सौदा कराने के बाद स्टेट बैंक से हजारों करोड़ का ऋण देने की घोषणा की जिसकी काफी चर्चा होती रही है।

ऐसी चर्चा श्रीलंका में उनको बिजली का ठेका दिलाने की पैरवी की नहीं हुई जबकि इस प्रकरण को सार्वजनिक करने वाले राजनयिक की छुट्टी भी हो गई। और माना जाता है कि अडानी समूह समेत की निजी बिजली कंपनियों से 'बाई-बैक गारंटी' वाला करार होने के चलते (ऐसे काफी सारे करार यूपी शासन के समय के भी हैं) सरकार के हाथ बांध से गए हैं और वह ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को आगे बढ़ाने का काम उस रफ्तार में नहीं कर रही है जैसा कि होना चाहिए। बाई बैक सौदे छह रुपए यूनिट के हैं जबकि आजकल बैटरी की क्वालिटी सुधारने से सोलर बिजली दो से ढाई रुपए यूनिट तक पर बनाने लगी है। अपने यहां सूर्य की रोशनी की उपलब्धता जैसी है उसमें सोलर बिजली हमारे लिए सबसे उपयुक्त है पर जब गले में छह रुपए यूनिट का पत्थर बंधा हो तो इस तरफ ध्यान देना कहां संभव है। और जब तेल आयात सरकार और उसकी कंपनियां ही नहीं उसकी चहेती निजी कंपनियों के लिए भारी लाभ का सौदा है तो वह देसी उत्पादन के लिए प्रयास क्यों करे?

## जमशेदपुर की खबरें

### चाकुलिया में निर्माणाधीन चेकडैम कार्य में अनियमितता की शिकायत

# ग्रामीणों ने बंद कराया काम, संवेदक ने सभी आरोपों को बताया निराधार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाकुलिया।** चाकुलिया प्रखंड की कालियाम पंचायत के बुरूजबनी गांव में लाखों की लागत से स्वीकृत चेकडैम निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा काफी अनियमितता बरती जा रही है. निर्माण कार्य में गुणवत्ता पूर्ण सामग्री का प्रयोग नही किया जा रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया दासो हेंब्रम को दी। ग्रामीणों की शिकायत पर मुखिया दासो हेंब्रम कार्य स्थल पहुंचकर योजना का निरीक्षण किया। मजदूरों ने बताया कि संवेदक द्वारा मजदूरों को 260-280 रूपये की दर से मजदूरी दी जा रही है।



ग्रामीणों ने कहा की चेकडैम निर्माण में संवेदक द्वारा काफी अनियमितता बरती जा रही है और पूर्ण गुणवत्ता के साथ योजना का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। कार्यस्थल पर अबतक प्राक्कलन बोर्ड भी नहीं लगायें गये हैं जिससे लोगों को योजना की पूर्ण जानकारी नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों ने मुखिया के नेतृत्व में योजना की जांच की मांग करते हुए कार्य को बंद करा दिया है। मौके पर मुखिया ने कहा कि जबतक चेकडैम निर्माण कार्य की जांच नहीं होता है तब तक कार्य बंद रहेगा।

#### संवेदक से दूरभाष पर की बात

वहीं इस संबंध में संवेदक से दूरभाष पर बात कर मामले की जानकारी ली गई तो संवेदक ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा उनपर लगाये गये आरोप निराधार है। उन्होंने कहा कि योजना निर्माण पूर्ण गुणवत्ता के साथ और सामग्री भी उच्च क्वालिटी का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे मजदूरों को मजदूरों की मांग पर हर मजदूर को 300 रूपये की दर से भुगतान करने की बात कही।

### केंद्रीय सदस्य ने स्वर्गीय लखन मुर्मू की पत्नी से की मुलाकात

चाकुलिया (आजाद सिपाही)। चाकुलिया प्रखंड के दिघी गांव निवासी सह झारखंड आंदोलनकारी नेता लखन मुर्मू का विगत दिनों निधन हो गया था। बुधवार को सूचना पाकर झामुमो के केंद्रीय सदस्य आदित्य प्रधान दीघी गांव पहुंचकर उनकी पत्नी पानो मुर्मू से मिलकर सांत्वना दी। विदित हो कि स्व. मुर्मू का कोई संतान नहीं है। इसके चलते उनकी भरण पोषण में काफी कठिनाई हो रहा था। जब उनके घर श्री प्रधान पहुंचे तो उनकी पत्नी फफक फफक कर रो पड़ी.श्री प्रधान ने उन्हें ढांढस बंधाया और उन्हें आर्थिक सहयोग किया और भविष्य में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया है। मौके पर वार्ड पार्षद रायसेन सोरेन, केंद्रीय सदस्य ललित मांडी, प्रखंड के 20 सूत्री सदस्य डोमन माझी, विकास महतो, झामुमो नेता टुलू साव, मिठू हांसदा, लाल मांडी, मंगल हांसदा, राजाराम हांसदा, टेंपा मुर्मू, शकीला मुर्मू समेत अन्य उपस्थित थे।

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन

**लखनऊ से आये यूनियन एवं कंपनी के पदाधिकारी का किया गया भव्य स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर के टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को यूनियन अध्यक्ष गुरमीत सिंह व महामंत्री आरके सिंह के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में लखनऊ से आए यूनियन के पदाधिकारी व कंपनी के पदाधिकारी का भव्य स्वागत किया गया। महामंत्री व अध्यक्ष ने सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर टाटा मोटर्स लखनऊ के एचआर आमोद कुमार, यूनियन के सचिव भूपेश चंद्र राय सहित अन्य शामिल रहे। महामंत्री




आरके सिंह ने कहा लखनऊ और जमशेदपुर के टाटा मोटर्स प्लांट राम लक्ष्मण की जोड़ी है। सभी का विचार और लक्ष्य एक ही है। एक दूसरे के मन मिलाप से अच्छे गुणों का अदान प्रदान करने का अवसर मिलता है। कई नयी जानकारी हासिल होती है। इससे अच्छे विचारों को सीखना व अच्छे कार्य शैली को जानने का अवसर प्राप्त होता है। यह परंपरा वर्षों से चलती आ रही है। आशा है लखनऊ से आये पदाधिकारी और बेहतर ढंग से कंपनी का निरीक्षण करेंगे। हम सभी कोई भी कसर मेहमान नवाजी का नहीं छोड़ेंगे। अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने कहा लखनऊ से जमशेदपुर टाटा मोटर्स में आए सभी अतिथियों का टाटा मोटर्स यूनियन को ओर से बहुत-बहुत स्वागत है। उन्होंने कहा जमशेदपुर प्लांट की कार्यशैली को देखने आए हैं यह हमारे लिए खुशी की बात है। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन प्रकाश विश्वकर्मा व धन्यवाद ज्ञापन अनिल शर्मा ने किया। मौके पर यूनियन अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह, एचआर हेड अमित रॉय, राजू श्रीवास्तव, अंकुर सिंहा सहित यूनियन के अधिकारी शामिल रहे।

# पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के बिरसानगर में बिजली की समस्या से अवगत हुए झामुमो नेता

**जनता के बीच अधिकारी से की वार्ता, मिला समस्याओं के समाधान का आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के बिरसानगर जो नंबर 3 मे घरो के ऊपर से बिजली के तार जाने की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों का परेशानी बढ़ने लगी है।

बुधवार को स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना झामुमो नेता प्रह्लाद लोहरा को दी। सूचना मिलने पर उन्होंने मौके पर पहुचकर लोगों की परेशानी से अवगत हुए। उन्होंने तत्काल फोन में वार्ता कर समाधान के लिए बिजली विभाग



से आग्रह किया गया। मौके पर प्रह्लाद लोहरा ने बताया कि बिरसानगर जोन नंबर 3 में कई घरों के ऊपर से बिजली के तार जाने की समस्या की जानकारी मिली है। इसके लिए तत्काल विभाग के पदाधिकारी को सूचित किया गया।

प्रह्लाद लोहरा ने बताया कि फिलहाल विभाग के इंजीनियर ने बस्ती का दौरा कर जल्द समस्या का हल निकालने का आश्वासन दिया।

मौके पर बस्ती के गुड्डु साहू, श्याम नाग, राम गोपाल दास, नरेश राव, अजीत लोहरा,भोला सहित बस्ती के माताएं, बहने एवं बुजुर्ग शामिल रहे।

### जेकेएम कॉलेज में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**गालूडीह (आजाद सिपाही)।** बुधवार को जेकेएम कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस एंड कॉमर्स सालबनी में गोद लिए हुए सालदोहा गांव में स्वच्छता अभियान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में अनुमंडल अस्पताल घाटशिला के डॉ नमिता झा, डॉ अर्चना सिंह, गोविंद रजक, नीलिमा तिग्गा, सरिता पन्ना की पुरी टीम ने स्त्री- पुरुष एवं बालक बालिकाओं का निः शुल्क स्वास्थ्य जांच की। राष्ट्रीय सेवा योजना के तरफ से सभी ग्रामवासियों को दवा भी दी गयी। शिविर की देखरेख प्रोफेसर सुशांती कुमारी ने की। जांच शिविर में कालेज के सचिव डॉ नारायण प्रसाद एवं सभी एनएसएस स्वयंसेवक एवं सेविकाओं की भी अहम भूमिका रही।

### ग्रेजुएट कॉलेज के बीएड विभाग में शिक्षक और अभिभावक की बैठक

# अभिभावकों ने अभ्यास शिक्षण समेत अन्य बातों को शिक्षकों के समक्ष रखा

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के द ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वीमेन के बीएड विभाग में शिक्षक-अभिभावक बैठक संपन्न हुआ। इसके मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ मुकुल खंडेलवाल थे। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या, को-ऑर्डिनेटर और कुछ अभिभावकों के साथ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्या ने कहा कि हमारे महाविद्यालय में अनुशासन में रहकर सभी छात्राओं का नियमित कक्षा गुणवत्तापूर्ण बीएड शिक्षक, शिक्षिकाओं के द्वारा



प्रतिदिन कराया जाता है। आप लोगों से भी सहयोग की अपेक्षा है। बीएड के को-ऑर्डिनेटर डॉ भारती कुमारी ने कहा कि हमारे महाविद्यालय का एनसीटीई नयी दिल्ली के सभी शर्तों को पूरा करता है और छात्राओं के लिए सुविधाजनक है। कुछ अभिभावक इस बात से चिंतित थे कि विद्यालय में अभ्यास-शिक्षण के लिए महाविद्यालय से दूर देहातों में भेजा जा रहा है। जिसका निदान महाविद्यालय करें। इसके उत्तर में बीएड के विभागाध्यक्ष डॉ विशेश्वर यादव ने कहा कि महाविद्यालय परिवार छात्राओं की सुविधा का ध्यान आज तक रखा है। जबकि यह आदेश झारखंड सरकार द्वारा आया है और अब अभ्यास-शिक्षण के लिए विद्यालय का आवंटन रांची से होगी और महाविद्यालय का अधिकार सीमित है। फिर भी छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एनसीटीइ के नियमानुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध किया जायेगा की छात्राओं के सुरक्षा को देखते हुए शहर के विद्यालय में अभ्यास-शिक्षण करायें।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 27 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in 07

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जिला भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रवास कार्यक्रम का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला गढ़वा के द्वारा एक दिवसीय प्रवास का कार्यक्रम भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सह गढ़वा जिला प्रभारी के नेतृत्व में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सह महिला बाल विकास प्रकोष्ठ के जिला विधायक प्रतिनिधि अनीता गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रवास का मुख्य उद्देश्य भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात का 100वां एपिसोड को सुनने और सुनाने को लेकर चर्चा की गयी। प्रवास के दौरान गढ़वा जिला की आम महिलाएं मोदी जी की मन की बात को सुनने तथा भाजपा के प्रति काफी उत्सुक दिखाई दी। प्रवासी महिलाओं को नमीता कश्यप एवं कंचन जयसवाल ने अपने यहां भोजन कराया तथा कंचन जसवाल ने भाजपा के सभी बहनों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी करने का काम किया। इस मौके पर भाजपा की वरिष्ठ नेत्री बीना पाठक, अंजली गुप्ता, पार्वती सिंह, उषा देवी, मीरा यादव, गायत्री देवी आदि महिलाएं उपस्थित थीं।

### इंदिरा सिंह बीएड कॉलेज का छात्र पलामू प्रमंडल में हुआ टॉप



गढ़वा (आजाद सिपाही)। डीएलएड सत्र 2020-22 का परीक्षा परिणाम आने के बाद प्रदीप कुमार गुप्ता ने 1225 अंक लाकर पूरे पलामू प्रमंडल में प्रथम स्थान लाया। इस अवसर पर महाविद्यालय में खुशी की लहर व्याप्त है। सचिव गिरिनाथ सिंह ने उक्त छात्र को सम्मानित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि छात्र के मेहनत का परिणाम है एवं यहां के शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहता है। प्राचार्य के साथ सभी शिक्षकों ने प्रदीप कुमार गुप्ता के मंगल भविष्य की कामना की है।

### निमिया स्थान में तीन दिवसीय यज्ञ का आयोजन 30 अप्रैल से



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के निमिया स्थान विकास समिति द्वारा तीन दिवसीय यज्ञ कराने का निर्णय लिया गया है। 30 अप्रैल दिन रविवार को शिवढ़ोड़ा मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा स्टेशन रोड होते हुए निमिया स्थान मंदिर में पहुंचेगी। उक्त बातें निमिया स्थान विकास समिति के संयोजक पिंटू कुमार ओला, संजय केसरी, मिलन सोनी ने संयुक्त रूप से बुधवार को निमिया स्थान मंदिर परिसर में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उक्त लोगों ने कहा कि 1 मई को सुबह 6:00 बजे से पूजा पाठ किया जाएगा। पूजा पाठ के बाद कलश स्थापना किया जाएगा। जबकि 3 मई को यज्ञ की पूणार्हुति की जाएगी। 3 मई की शाम में सूर्य भगवान, बजरंगबली मूर्ति का शहर में भ्रमण कराया जाएगा। शहर भ्रमण करने के बाद निमिया स्थान मंदिर परिसर में मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन किया जाएगा। उक्त लोगों ने बताया कि कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल रहेंगे। इस मौके पर प्रीतम गोड़, कंचन साहू, रामजी सोनी, गौतम कुमार, बंशीधर प्रसाद, सोनू कुमार, पिंटू प्रजापति, विशु राज, गणेश केसरी, नितिन कुमार, बाबूलाल, मनीष प्रजापति, सुमित गौड़ आदि लोग उपस्थित थे।

### दरीदह गांव बजरंगबली मंदिर में चैता दुगोला महामुकाबला का हुआ आयोजन

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के दरीदह गांव स्थित बजरंगबली मंदिर के पास मंगलवार रात चैता दुगोला का महामुकाबला का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार के सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक मगध सम्राट सुदर्शन यादव बनाम झारखंड की ओर से शिवशंकर यादव के बीच चैता-दुगोला गीत संगीत के समर में दोनों कलाकार बराबरी पर रहे। दोनों कलाकार की ओर से सुमिरन व मानस की पंक्तियों से निर्मित चैता पर लोग रात भर खूब झूमे। उसके बाद दोनों कलाकारों के हास्य सवाल जवाब का कड़ा मुकाबला हुआ। उसके पहले डुमरसोता पंचायत के मुखिया राजेश शर्मा, प्रखंड प्रमुख पिंकू पांडेय, बीससूत्री अध्यक्ष बिकास उपाध्याय, उप प्रमुख नारायण यादव, जिलापरिषद कांडी उत्तरी के प्रतिनिधि दिनेश राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर कार्यक्रम का शुरूआत किया। सभा में पहुंचे कलाकारों को मुखिया ने अंगवस्त्र व उपहार दे कर सम्मानित किया। निर्णायक मंडली में शिव सिंह व रोहित शास्त्री ने मुख्य भूमिका निभाया। मौके पर लालजी सिंह, पप्पू सिंह, निर्मल विश्वकर्मा, रामचंद्र चौधरी सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

**बैठक :** कांडी, बरडीहा और मझिआंव प्रखंड पहुंच उपायुक्त ने की योजनाओं की समीक्षा, कहा

# संबंधित पदाधिकारी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कार्यों को पूर्ण करायें

**कांडी में आंगनबाड़ी सेविका के अनुपस्थित पाए जाने पर उपायुक्त ने कार्यमुक्त करने का दिया निर्देश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का ससमय अनुश्रवण को लेकर आज प्रखंड सह अंचल कार्यालय, कांडी, बरडीहा एवं मझिआंव के रामपुर पंचायत भवन के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी, काण्डी, बरडीहा एवं मझिआंव द्वारा अपने प्रखण्ड में संचालित कार्यों की अद्यतन प्रतिवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण, 15वें वित्त के तहत संचालित योजना, मनरेगा, जेएसएलपीएस, राजस्व संग्रहण, दाखिल खारिज, अन्य रेवेन्यू एवं विकास योजनाओं से संबंधित मामले की गहन समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने एक एक कर प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़ी जानकारी लेते हुए कार्यों की वर्तमान स्थिति एवं आगे के कार्यप्रणाली को लेकर योजनाबद्ध तरीके से बेहतर कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मनरेगा कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने एंप्लॉयमेंट जेनरेशन, 100 डेज एंप्लॉयमेंट, लंबित योजनाएं, एरिया मॉनिटरिंग, आंगनबाड़ी केंद्र, आधार एंट्री, रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, स्कीम कंप्लीशन समेत अन्य की बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं भीमराव अंबेडकर आवास योजना की भी समीक्षा कर ससमय किस्त की राशि का भुगतान लाभुकों को करने एवं लंबित योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत खेल मैदान निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृत करने हेतु निर्देश दिया गया। साथ हीं कन्वर्जेंस स्किम यथा वर्मी कंपोस्ट, सोकपिट एवं अन्य कार्य कराने हेतु निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने पद के अनुसार जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कार्यों को पूर्ण करने की बात कही।

बैठक से पूर्व उपायुक्त ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कांडी प्रखंड के श्रीनगर नाव घाट, बन रहे पुलिया, विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया एवं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया।

आंगनबाड़ी केंद्र निरीक्षण के क्रम में सेविका सुनैना देवी अनुपस्थित पाई गई, साथ हीं आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को गर्म भोजन नहीं दिए जाने की भी शिकायत मिली, उपायुक्त ने सेविका के कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं सीडीपीओ कांडी को तत्काल प्रभाव से अनुपस्थित सेविका के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए कार्यमुक्त करने का निर्देश दिया।

## फर्जी पत्रकार के विरुद्ध मुखिया ने थाना में दिया आवेदन

**गलत खबर प्रकाशित कर की गयी है मुखिया और ब्लॉक के अधिकारियों की छवि धूमिल करने की कोशिश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत की मुखिया ललीता कुमारी ने मंगलवार को केतार थाना में आवेदन देकर एक अखबार में निराधार एवं आधारहीन खबर संबंधित पत्रकार को नजरंदाज कर फर्जी पत्रकार द्वारा खबर प्रकाशित करने पर कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। आवेदन में उल्लेख है कि उक्त फर्जी पत्रकार द्वारा अखबार में पंचायत के मुखिया और ब्लॉक के अधिकारियों की छवि धूमिल करने वाली खबर प्रकाशित की गयी है। जिस कारण इस प्रखंड के लोगों का विश्वास इस अखबार से उठ गया है। इस संबंध में जब मेरे द्वारा इस अखबार के केतार प्रखंड रिपोर्टर और जिला ब्यूरो से बात की गयी तो बताया गया कि यह खबर रांची एडिशन के बजाय जमशेदपुर एडिशन में प्रकाशित की गयी है, जो एक सोची समझी साजिश के तहत भवनाथपुर के पत्रकार पुटून रावत के द्वारा जमशेदपुर एडिशन से खबर प्रकाशित करायी गयी है। इस संबंध में जब भवनाथपुर के पत्रकार पुटून रावत से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि केतार के गौतम पाल द्वारा यह खबर भेजी गयी थी। मुखिया ललीता देवी ने बताया कि इस खबर में बीडीओ, बीपीओ और जेई का पक्ष भी गलत प्रकाशित है। जिस कारण मेरी और प्रखंड के अधिकारियों की छवि धूमिल हुई है। उन्होंने पुटून रावत भवनाथपुर और गौतम पाल केतार पर कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है ताकि उक्त लोगों द्वारा भविष्य में किसी भी तरह की गलत खबर प्रकाशित नहीं की जाये।

इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि हमसे बिना बात किए गलत तरीके से खबर प्रकशित कर हमारी छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है, जिसकी जांच करवा कर कार्रवाई की जाएगी।

वहीं इस मामले में थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। इस मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## कसौधन वैश्य समाज ने सांसद वीडी राम को सौंपा ज्ञापन

**कसौधन जाति को ओबीसी में शामिल करने और समाज का धर्मशाला बनवाने की मांग की**



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कसौधन वैश्य समाज, गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में उमेश कश्यप ने समाज के वरिष्ठ 15 सदस्यों को लेकर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के पलामू आवास पर (कसौधन जाति) को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल कराने को लेकर एवं कसौधन समाज के धर्मशाला का सांसद मद से निर्माण कराने के लिए सांसद विष्णु दयाल राम से डालटेनगंज स्थित आवास पर सभी सदस्यों के साथ मुलाकात की एवं सांसद को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। सांसद ने बहुत गंभीरता से उनकी बातों को सुना एवं अध्यक्ष उमेश कश्यप एवं पूरी टीम को आश्वासन दिया कि मैं आपके समाज का नाम केंद्रीय ओबीसी सूची में जुड़वाने का पूरी कोशिश करूंगा एवं अपने सांसद निधि मद से धर्मशाला का निर्माण करवाऊंगा।

मौके पर समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कश्यप, सचिव संतोष कश्यप, कोषाध्यक्ष मनोज कश्यप, उप सचिव विवेक कश्यप, मीडिया प्रभारी आशीष कश्यप, संरक्षक रघुवीर कश्यप, पृथ्वीनाथ कश्यप, लखन प्रसाद कश्यप, संतोष कश्यप, सदस्य अंकित कश्यप आदि उपस्थित थे।

### धुरकी थाना प्रभारी ने फरार आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** न्यायलय के निर्देश व वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार अपने दल बल के साथ बुधवार को एक नामजद आरोपी के घर ढोल बाजे के साथ आत्मसमर्पण करने हेतु विधिवत रूप से इश्तेहार चिपकाया है। इस संबंध में थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया की धुरकी थाना क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में लगे लोगों को जेजेएमपी संगठन के नाम से धमकी देने के प्राथमिक अभियुक्त छोटेलाल यादव पिता रामबृक्ष उर्फ रामगति यादव गांव डोल के विरुद्ध धुरकी थाना में मामला दर्ज है।थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के घर कई दिनों से पकड़ने के लिए छापेमारी की गई लेकिन आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा है। फरार चल रहे प्राथमिक अभियुक्त के घर पुलिस ने विधिवत रूप से इश्तेहार चिपका कर चेतावनी दिया गया की न्यायलय अथवा पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण करे, अन्यथा कुर्की जब्ती की जाएगी।

**निरीक्षण :** ग्रामीण विकास विभाग की अनुसमर्थन समिति की टीम ने भंडरिया एवं बड़गड़ में संचालित विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

# कार्यस्थल पर योजनाओं की जांच कर अधिकारियों ने संतोषजनक बताया

**कहा- हमने यहां योजनायें देखी हैं, अपने मन्तव्य के साथ रिपोर्ट सबमीट करेंगे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भण्डरिया।** राज्य सरकार द्वारा गठित ग्रामीण विकास विभाग के अनुसमर्थन समिति की एक टीम ने बुधवार को भण्डरिया एवं बड़गड़ पहुंच कर यहां संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। साथ ही उनके द्वारा पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । अनुसमर्थन दल में शामिल पदाधिकारियों में ग्रामीण विकास विभाग के अवर सचिव अरुण कुमार सिन्हा, प्रशाखा पदाधिकारी विनय कुमार सिंह एवं मनरेगा सेल रांची के सहायक मो. असराहुल के नाम शामिल हैं। पदाधिकारियों द्वारा मुख्य रूप से भण्डरिया क्षेत्र के मदगड़ी एवं जनेवा पंचायत के विभिन्न गांव में संचालित पीएम आवास, मनरेगा, 15वें वित्त, जेएसएलपीएस की योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बड़गड़ पंचायत अन्तर्गत गड़िया गांव में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित चीक हार्डनिंग योजना का निरीक्षण किया। उक्त योजना महिला स्वयं सहायता समुह के मुनी बाखला द्वारा संचालित की जा रही है। साथ ही साथ पदाधिकारियों ने बढ़नी गांव पहुंच कर मनरेगा से संचालित प्रेम सहाय बाखला का कूप निर्माण, बैजनाथ यादव का आम बागवानी योजना, अजय यादव का कूप निर्माण तथा कामेश्वर यादव का टीसीबी निर्माण योजना का निरीक्षण किया।

पूछे जाने पर ग्रामीण विकास विभाग के अवर सचिव अरुण कुमार सिन्हा ने बताया कि राज्य अनुसमर्थन दल का मतलब यह है कि ग्रामीण विकास विभाग कि गढ़वा में जो टीम है, उसको सपोर्ट करने हमलोग आये हुये हैं। इसका मुख्य उदेश्य यह है कि ग्रामीण विकास विभाग कि योजनायें कैसे चल रही हैं, योजनाओं को पूर्ण कराना और आगे इस पर क्या काम कराना है राज्य सरकार के द्वारा इस पर कार्रवाई की जाती है। इसी क्रम में हमलोग बड़गड़ प्रखण्ड पहुंचे हुये हैं। उन्होंने बताया कि हमने यहां योजनायें देखी हैं, रिपोर्ट सबमीट करेंगे अमने मन्तव्य के साथ। योजनायें धरातल पर हैं व चल रही हैं। उन्होंने कहा कि रिमोट विलेज में मनरेगा कि योजनायें मजदूरों के लिये अर्थोपार्जन का मुख्य साधन बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं की जांच में यहां के बीडीओ बिपिन कुमार भारती ने काफी सहयोग किया। इनकी देखरेख में योजनाओं कि स्थिति संतोष जनक है।

इस मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे मनरेगा बीपीओ हासीम अंसारी, एई विकास कुमार सिंह, पंचायत सचिव मंगल यादव, विश्वनाथ राम, आरियल कच्छप, जेई यशवंत सिंह, प्रिंस, रविंद्र मिंज, रोजगार सेवक प्रभा देवी , सुनिला एक्का, प्रधान सहायक बिरेंद्र मांझी, उपेंद्र कुमार, जेएसएलपीएस कि रितिका कुमारी आदी उपस्थित थे।

### अमृत सरोवर मिशन के कार्यों में तेजी लायें : उप विकास आयुक्त



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में मिशन अमृत सरोवर को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक की गयी। जिसमें गढ़वा जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे। अमृत सरोवर मिशन के तहत योजनाओं की पूर्णता, इसके सक्सेस स्टोरी एवं योजना स्थलों के बारे में चर्चा की गई। विदित हो कि राज्य और केंद्र स्तर से मिशन अमृत सरोवर की एक समीक्षात्मक बैठक दिनांक- 28 अप्रैल 2023 को किया जाना है। उक्त निर्धारित तिथि को किए जाने वाले समीक्षा बैठक को लेकर अमृत सरोवर मिशन अंतर्गत कार्य की पूर्णता एवं इससे संबंधित सक्सेस स्टोरी तथा योजना स्थलों के हाई रिजोल्यूशन फोटोज के साथ उपरोक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को तैयारी करने हेतु निदेशित किया गया। बैठक के दौरान बताया गया कि इस योजना के तहत कुल प्राप्त लक्ष्य 150 है, जिसके विरुद्ध 49 अमृत सरोवरों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उप विकास आयुक्त, श्री राय ने पूर्ण किए गए कार्यों का शत-प्रतिशत प्रविष्टि करते हुए सक्सेस स्टोरी बनाने के साथ-साथ लक्ष्य प्राप्ति करने हेतु कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया। उक्त मौके पर कार्यालय प्रबंधक मिथिलेश कुमार भी उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

**शुद्धि-पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/SVS (JJM)/Med-34/2022-23 (2nd Call) जो PR No. 295751 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, निविदा वेबसाईट पर अपलोड नहीं होने के कारण तिथि निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि / समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 24.04.2023 / 12.30 P.M. | 25.04.2023 / 12.30 P.M. |
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 29.04.2023 / 05.00 P.M. | 01.05.2023 / 05.00 P.M. |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

PR 295994 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

**झारखण्ड राज्य सहकारी मत्स्य संघ लिमिटेड**
**(झास्कोफिश)**
**बटन तालाब, डोरण्डा, राँची**

**आवश्यक सूचना**

झास्कोफिश से संबद्ध मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिए **टाना जाल, इलेक्ट्रॉनिक बैलेंस** तथा **अस्थाई मछली बिक्री केन्द्र–सह–कार्यालय शेड** की योजना की स्वीकृति सरकार द्वारा प्रदान की गई है। इसका लाभ मात्र उन्हीं मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को प्राप्त होगा जो निम्नांकित सूचनाएँ झास्कोफिश कार्यालय में अविलम्ब उपलब्ध कराएँगी :

1. समिति के सदस्यों की अद्यतन सूची (नाम, पता सहित)
2. समिति के कार्यकारिणी सदस्यों के नाम, पता तथा मोबाईल न0
3. समिति के विगत चुनाव का प्रमाण पत्र
4. समिति के पासबुक की छायाप्रति
5. समिति के विगत अंकेक्षण का वित्तीय वर्ष
6. समिति का ई–मेल एड्रेस अथवा अध्यक्ष, सचिव, सदस्यों के कम से तीन व्हाट्स एप नम्बर
7. समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सूची

समिति को स्वीकृत योजना का लाभ "पहले आओ पहले पाओ" के सिद्धांत पर स्वीकृत भौतिक लक्ष्यों के अन्तर्गत तभी प्रदान किया जाएगा जब उनके द्वारा उपर्युक्त सूचनाएँ झास्कोफिश को उपलब्ध करा दी जाएँगी।

प्रबंध निदेशक

PR295989 (Jharkhand State Co-Operative Fisheries Federation Ltd)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल,**
**बूटी, राँची–834009**

**प्रेस विज्ञप्ति**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, बूटी अन्तर्गत लीकेज एवं जलापूर्ति से संबंधित शिकायत Toll Free No 1800 419 2628 पर त्वरित कार्रवाई हेतु सूचना दिया जा सकता है :–

टौल फ्री नं0 – 1800 419 2628

लीकेज एवं जलापूर्ति से संबंधित शिकायत करने हेतु निम्नलिखित मोबाईल नं0 पर भी सूचना दी जा सकती है।

एक्वाफिल पोलिमर कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड
प्रोजेक्ट मैनेजर – श्री कमल कुमार – 63012 99392
सुपरवाईजर श्री राजमंगल – 88969 43929
सुपरवाईजर मो0 फैजान फारूकी – 97608 27860
कन्ट्रोल रूम बूटी – श्री प्रेम कुमार करमाली
मोबाईल नं0 – 8863016796

सहायक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा
वितरण अवर प्रमंडल सं0– 01, रांची

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा
वितरण प्रमंडल, रांची

PR 295957 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

**उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(जिला योजना)**

**अति अल्पकालीन निविदा**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में विशेष केन्द्रीय सहायता मद अन्तर्गत सड़क दुर्घटनाओं से आमजनों के जान–माल के क्षति के रोकथाम के लिए वाहन जाँच हेतु विभिन्न उपकरण/सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्त्ति हेतु मानक स्तर के कम्पनियों/प्रमाणित बिक्रेताओं/ उनके अधिकृत बिक्रेताओं से विभिन्न शर्त्तों के साथ मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक कम्पनियां/प्रमाणित बिक्रेताएं/उनके अधिकृत बिक्रेताएं दिनांक 06.05.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक निम्नांकित शर्त्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद निविदा एवं विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, विकास भवन, खूँटी में जमा कर सकते हैं, निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 08.05.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे जिला क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा की अन्य शर्त्तें, उपकरण/सामग्रियों एवं उसका Specification इत्यादि समाहरणालय, खूँटी के वेबसाईट https://www.khunti.nic.in से डाऊनलोड किया जा सकता है अथवा जिला योजना कार्यालय, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,
खूँटी

PR 295974 Planning and Development (23-24)_D

# साइबर ठग ने ओटीपी लेकर ग्राहक के उड़ाये 1.25 लाख

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत साहेदा गांव के एक युवक के खाता से साइबर ठगों द्वारा ओटीपी की मदद से 1.25 लाख रुपये उड़ा लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवक ने इस बाबत सिल्ली थाना में एक शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित साहेदा गांव निवासी राजकुमार महतो के पुत्र पिंटू कुमार महतो के मुताबिक उसके मोबाइल फोन पर 22 अप्रैल की रात 8 बजे एक महिला का फोन आया। महिला ने बैंक का हवाला देते हुए उनके क्रेडिट कार्ड पर इंश्योरेंस पॉलिसी की जानकारी है। साथ ही सालाना दो हजार रुपए की प्रिमियम की जानकारी देते हुए बीमा करने की सलाह दी। पिंटू ने बीमा नहीं करने कि बात करते हुए फोन काट दिया। इसके बाद 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे फिर से उसी नंबर पर फोन आया। महिला की आवाज में फोन करने वाले ने कहा कि बीमा करना है या उसे बंद करना है। इस पर पिंटू ने कहा कि वह बीमा नहीं करना चाहता। यही नहीं, उसने सोमवार को बैंक जाकर इसकी जानकारी लेने की बात कही। इस पर महिला ने जवाब दिया कि ठीक है बंद ही करना है तो एक ओटीपी जा रहा है। वह ओटीपी बता दे, तो उसका बीमा पॉलिसी बंद कर दिया जाएगा। इस पर पिंटू मोबाइल रख कर घर से बाहर चला गया। इसी बीच उसी नंबर पर पुनः कॉल आया तो पिंटू की पत्नी ने फोन रिसीव किया। महिला ने उससे तुरंत बीमा पॉलिसी बंद करने की बात कहकर ओटीपी मांगा। उसकी पत्नी ने मोबाइल पर मैसेज देखकर ओटीपी बता दिया। इसके ठीक 10 मिनट के बाद ही उसके खाते से रुपए की निकासी होने की सूचना मिली। जिस पर पिंटू ने सोमवार को बैंक जाकर संबंधित जानकारी ली, तो बैंक के अधिकारियों ने कहा कि उसका अकाउंट हैक कर लिया गया था। वहीं से पैसे की निकासी की गयी है। उधर, पैसे चले जाने से पिंटू एवं उनके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## झारखंड मिलेट्स प्रदर्शनी एवं सम्मेलन आज से, केंद्रीय सचिव करेंगी उद्घाटन

# किसानों को उन्नत कृषि गतिविधियों से जोड़ने का बेहतर प्रयास : उपायुक्त

**कहा-प्रगतिशील किसानों को मिलेगा मंच, विशेषज्ञ देंगे जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय और पीएचडीसीसीआइ के तत्वावधान में गुरुवार-शुक्रवार को बिरसा कॉलेज के बहुउद्देशीय भवन में दो दिवसीय झारखंड मिलेट्स प्रदर्शनी एवं सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में नवाचार, विपणन क्षमता और स्वाद पर विशेषज्ञ चर्चा सत्र भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की सचिव अनिता प्रवीण करेंगी। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक की गई। डीसी ने आयोजन की तैयारियों को लेकर विस्तार में चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। कहा कि कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर सभी बीडीओ और सभी संबंधित विभाग के अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें। डीसी ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान कुल 30 स्टॉल लगाए जायेंगे, इसमें विभिन्न विभाग एवं संस्थानों की प्रदर्शनी और मिलेट्स की विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उन्होंने सभी कार्यों के बेहतर संचालन को लेकर वॉलेंटियर्स की प्रतिनियुक्ति की। कहा कि मिलेट्स प्रदर्शनी सह सम्मेलन के आयोजन से प्रगतिशील किसान लाभावित होंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को उन्नत कृषि गतिविधियों से जोड़ने का बेहतर प्रयास है। इसके माध्यम से उन्हें नई चीजों को जानने के अवसर मिलेंगे। साथ ही उन्हें चर्चा के लिए एक मंच मिल सकेगा। इसका आयोजन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय और पीएचडी चेंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कर रहे हैं। बताया गया कि गुरुवार को सुबह नौ बजे से पंजीकरण प्रारंभ कर दिया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मुख्य रूप से भारत के प्रस्तावित और 70 से अधिक देशों के समर्थित एक संकल्प को अपनाया है, जिसमें वर्ष 2023 को मोटे अनाज का अंतरराष्ट्रीय वर्ष घोषित किया गया है। कार्यक्रम में नवाचार, विपणन क्षमता और स्वाद पर विशेषज्ञ अलग- अलग सत्र में प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत सलाना लगभग 16 मिलियन मीट्रिक टन मोटे अनाज का उत्पादन करता है। पोषण के पावर हाउस के रूप में जाने जानेवाले सुपर फूड्स को मान्यता देने के लिए सम्मेलन का आयोजन हो रहा है।



मेले की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

# मेला आयोजन के लिए दोनों कमेटियों को अनुमति मिले या दोनों की रद्द हो

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** विगत दिनों श्रीश्री राधा रानी मंदिर समिति और श्रीश्री मौसी बाड़ी मंदिर समिति के बीच मतभेद के चलते उठे विवाद को लेकर बुंडू प्रशासन की ओर से एक नई कमेटी श्री श्री राधा रानी मेला आयोजक समिति का गठन किया गया था। जिसके अध्यक्ष विकास गोराई एवं सचिव बुंडू प्रमुख राजकुमार बिझिंया बनाए गए थे। वर्तमान में बुंडू में दो जगह मेला लगाया जा रहा है। पहला मौसी बाड़ी मंदिर परिसर और दूसरा बुंडू जिला परिषद में जिसमें मौसी बाड़ी कुंभ मेला लगाने के लिए प्रशासन की ओर से अनुमति मिल चुकी है। लेकिन जिला परिषद में लगे मेला को सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रशासन ने अनुमति नहीं दी है। जिला परिषद में लगे मेला को अनुमति देने के लिए मेला आयोजक समिति के अध्यक्ष विकास गोराई द्वारा बुंडू एसडीओ, डीएसपी और बुंडू थाना प्रभारी को आवेदन देते हुए मांग की है कि जिला परिषद में लगे मेला को अनुमति दें। अन्यथा दोनों मेला की अनुमति को रद्द करने की मांग की है।

## सिल्ली पॉलिटेक्निक की छात्रा कंचन कुमारी का कमिंस इंडिया में हुआ चयन



**सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली पॉलिटेक्निक में ऑनलाइन कैंपस सेलेक्शन आयोजन किया गया। जिसमें पूणे की कंपनी कमिंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के एचआर द्वारा साक्षात्कार लिया गया। पॉलिटेक्निक के इलेक्ट्रिकल संकाय के 10 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें कंपनी द्वारा कंचन कुमारी का चयन किया गया। जानकारी के मुताबिक कंचन का फाइनल परीक्षा के बाद ज्वाइनिंग होगा। इस ऑनलाइन साक्षात्कार में कॉलेज के प्राचार्य समीर शर्मा, प्लेसमेंट अधिकारी दीपक कुमार महतो एवं राजेश गुरिया मौजूद रहे। प्राचार्य समीर शर्मा ने सफल छात्रा को बधाई दी और कहा की सिल्ली पॉलीटेक्निक में आगे भी इस तरह के साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। जिसे छात्र-छात्राओं को कॉलेज के प्रागंण से ही बेहतर नौकरियां मिल सके।**

# तेजस्विनी क्लब महिलाओं का ऊर्जावान संगठन : किशन यादव

**फुदी पंचायत के राई गांव में हुआ मोमबत्ती प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** प्रखंड के फुदी पंचायत के राई गांव स्थित तेजस्विनी क्लब में बुधवार को मोमबत्ती प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन तेजस्विनी परियोजना के जोन -2 के किसन यादव ने किया। उन्होंने तेजस्विनी परियोजना के तहत किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि तेजस्विनी परियोजना किशोरियों एवं युवतियों का ऊजार्वान संगठित समूह है। परियोजना की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए क्लब में किशोरी एवं युवतियों को बैठक में भाग लेना होगा, ताकि परियोजना द्वारा मिलने वाला लाभ क्लब की सभी सदस्य को मिल सके। उन्होंने कहा कि किशोरियों एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण की आवश्यकता है। मोमबत्ती के महत्व की चर्चा करते हुए उन्होंने क्लब की सदस्यों से अपील की कि मोमबत्ती का निर्माण कर व्यवसाय को आगे बढ़ाने का प्रयास करें। वहीं, फूदी की मुखिया अनिमा कच्छप ने कहा कि तेजस्विनी परियोजना का काम बहुत ही अच्छा है। इस परियोजना की गतिविधियों को आगे बढ़ाने की दिशा में वह सहयोग के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मोमबत्ती प्रशिक्षण केंद्र में अगर अधिक मात्रा में मोमबत्ती का निर्माण किया जाएगा, तो वह निर्मित मोमबत्तियों को बाजार से जोड़ने में सहायता करेंगी। वहीं, तेजस्विनी परियोजना के कालू राम शर्मा ने कहा कि तेजस्विनी परियोजना का मुख्य उद्देश्य किशोरियों एवं युवतियों का आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण करना है। उन्होंने कहा कि किशोरी एवं युवतियां आगे निकलकर अपनी समस्या को समाज के समक्ष रखने में समक्ष हो रही हैं। कई किशोरियां ऐसी भी हैं जो बाल विवाह को रोकने के दिशा में सकारात्मक पहल भी कर रही हैं। कार्यक्रम में तेजस्विनी परियोजना की प्रखंड समन्वयक संगीता देवी, क्षेत्र समन्वयक पार्वती देवी, संकुल समन्वयक सुनीता टूटी, युवा उत्प्रेरक नीलिमा मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।



प्रशिक्षण शिविर में शामिल महिलाएं।

# आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** गोमिया प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ कपिल कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के नीति आयोग द्वारा पूरे देश में 500 ब्लॉक को आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत जोड़ा गया है, जिसमें बोकारो जिला के गोमिया ब्लॉक भी शामिल है। इसके तहत पूरे प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि,पेयजल आदि के क्षेत्र में अव्वल बनाना है। इसके लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में इन सुविधाओं के उपलब्ध हो जाने के बाद केंद्र सरकार के नीति आयोग द्वारा सर्वेक्षण कराया जाएगा। जो प्रखंड इसकी अहर्ता रखेगा, उस प्रखंड को सम्मानित किया जाएगा। इसी के तहत पिरामल फाउंडेशन संस्था की ओर से कार्यशाला में गोमिया प्रखंड कई पंचायतों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, पेयजल आदि के क्षेत्र में सर्वेक्षण कर रही है। इस दौरान अभी तक किये गए सर्वेक्षण की रिपोर्ट पेश किया गया। संस्था के प्रोग्राम मैनेजर रोबिन राजहंस ने बताया कि इस प्रखंड में स्वास्थ्य, शिक्षा व पोषण के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जा सकता है। इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों व सरकारी कर्मचारियों व पदाधिकारियों को मिलजुलकर कार्य करना होगा। इसके बाद प्रोजेक्टर के माध्यम से भी उपस्थित लोगों को जानकारी उपलब्ध कराई। इस मौके पर उप प्रमुख अनिल महतो, गोमिया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जितेंद्र कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नंदलाल महतो, सीडीपीओ अल्का रानी, बीपीओ पवन कुमार गुप्ता, मुखिया रियाज अंसारी, पंचायत सेवक धनपत कुमार, आंचल कुमार, पवन कुमार, नरोत्तम कुमार, रोजगार सेवक कपिल रविदास, विनय गुरु, शिवशंकर रविदास आदि थे।

# खलारी पुलिस ने अवैध कोयला लदे दो ट्रक जब्त किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी पुलिस ने मंगलवार की रात अवैध कोयला लदे दो ट्रकों को जब्त किया। खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फरीद आलम के निर्देश पर सीआइएसएफ के सहयोग से एएसआई संदीप कुमार ने रात की गश्ती के दौरान कोयला लदे ट्रक को जब्त किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पिपरवार थाना क्षेत्र के सीमा से सटे भेलवाटांड़ से दोनों कोयला लदे ट्रकों को जब्त किया गया है। वहां खड़े एक खाली ट्रक को भी पकड़ा गया है। हालांकि ट्रकों के चालक पुलिस को देखकर मौके से भाग गए। खाली ट्रक वहां क्यों खड़ा था इसकी जानकारी ली जा रही है। बताया गया कि पिपरवार थाना क्षेत्र के पड़ेरिया जंगल से अवैध कोयला ट्रकों पर लादा गया था।

## सीएमओआइ की बैठक में कोयला चोरों के हमले पर जतायी गयी कड़ी प्रतिक्रिया



**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय में बुधवार की शाम बरोरा एरिया कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन (सीएमओआई) की आपात बैठक हुई। जिसमें कोयला चोरों द्वारा बरोरा एरिया के सहायक प्रबंधक अनिल ओझा पर किये गए जानलेवा हमला पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गयी। पीड़ित अधिकारी ने बताया कि मंगलवार की देर रात एएमपी कोलियरी के डेको पैच में कार्य के दौरान कोयला चोरों ने अचानक हमला कर दिया। जिससे उनका बांया हाथ टूट गया। शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई। वहीं, बरोरा जीएम पीयूष किशोर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान सीएमओआई सदस्यों ने भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसको लेकर विचार विमर्श किया। महाप्रबंधक ने बताया की घटना को लेकर बीसीसीएल के निदेशक (पी एंड पी) एवं निदेशक (तकनीकी) ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। साथ ही जरूरत पड़ने पर उपायुक्त एवं एसपी के सामने भी इस मुद्दे को उठाने का भरोसा दिया। बैठक में ये तय किया गया की आउटसोर्सिंग पैच में कार्यरत अधिकारी किसी भी खतरे की आशंका होने पर सीआईएसएफ क्यूआरटी टीम को बुला कर ही ऐसे जगहों का इंस्पेक्शन करेंगे। बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधक (उत्खनन), क्षेत्रीय प्रबंधक(वित्त), परियोजना पदाधिकारी एएमपी एवं दामोदा कोलियरी, क्षेत्रीय प्रबंधक(सुरक्षा), के अलावे अन्य अधिकारी शामिल थे।

## संयुक्त ग्रामीण एकता मंच 30 को करेगा खेमका आउटसोर्सिंग का चक्का जाम

**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** संयुक्त ग्रामीण एकता मंच की ओर से बुधवार को प्रेस वार्ता कर 30 अप्रैल को ईस्ट बसुरिया कोलियरी अंतर्गत संचालित खेमका प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग का चक्का जाम करने की घोषणा की गई। संगठन के मानिक बाउरी ने कहा कि संयुक्त ग्रामीण एकता मंच के बैनर तले पूर्व में भी प्रबंधन को पत्राचार के माध्यम से स्थानीय बेरोजगार युवकों को नियोजन नीति के तहत 75 फीसदी रोजगार देने की मांग की गई थी। लेकिन प्रबंधन ने उनकी हर मांगों की अनदेखी कर सौतेला व्यवहार किया। इसराफिल उर्फ लाला के नेतृत्व में आंदोलन किया जाएगा।

# सोनाहातू में बनेंगे 26.60 लाख की लागत से दो तालाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के नापड़ा ओर दुलमी में दो तालाब निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सुदेश महतो के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह और चितरंजन महतो ने बुधवार को किया। जल-भूमि संरक्षण विभाग से नापड़ा गांव में 13 लाख 75 हजार और दुलमी गांव में 12 लाख 95 हजार से तालाब निर्माण किया जाना है। हर गांव में जल स्त्रोत को मजबूत करने जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर तालाब निर्माण किया जा रहा है। इस मौके पर अभिराम महतो, बसंत कुमार महतो, विशेश्वर महतो, जतरु सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।



# जनसेवक संघ ने झारखंड सरकार का पुतला फूंका




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड राज्य जन सेवक संघ की खूंटी इकाई ने बुधवार को कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का पुतला दहन किया। इस दौरान जिले के जन सेवकों ने जिला कृषि कार्यालय संयुक्त कृषि भवन के सामने कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का पुतला बनाकर नारेबाजी की और झारखंड सरकार द्वारा जन सेवकों का ग्रेड पे हटाए जाने का विरोध किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा राज्य के जन सेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2000 रुपया कर दिया गया है, यह कहीं से भी उचित नहीं है। जहां एक ओर महंगाई बढ़ती जा रही है, वहीं सरकार द्वारा जन सेवकों पर अत्याचार किया जा रहा है। इसलिए आज राज्य के जनसेवको द्वारा कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का पुतला दहन किया गया।

## कोयला खदान और उत्पादन को देखने की लंबे अर्से की इच्छा आज हुई पूरी

# कोल इंडिया के मजदूरों को दिल से सलाम : सोनम वांगचुक

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** हिमालयन इंस्टिट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख के संस्थापक पद्मश्री सोनम वांगचुक ने बुधवार को खलारी स्थित सीसीएल के एनके एरिया के चूरी भूमिगत खदान का निरीक्षण किया। सबसे पहले सोनम वांगचुक डकरा वीआईपी क्लब पहुंचे, जहां महाप्रबंधक संजय कुमार ने उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से सीसीएल में होने वाले खनन कार्य और सीएसआर से होने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। जिसके बाद सोनम वांगचुक ने सीसीएल अधिकारियों को किस तरह से सीएसआर को बेहतर बनाया जा सके उसकी जानकारी दी। बैठक के बाद वे चूरी भूमिगत खदान का निरीक्षण किये। जहां महाप्रबंधक संजय कुमार और चूरी के खान प्रबंधक शैलेंद्र कुमार ने लगातार माइनर मशीन से कोयला उत्पादन की जानकारी दी। खदान से बाहर निकलने के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए सोनम वांगचुक ने कहा कि भारत को ऊर्जा प्रदान करने वाले सभी कोयला कामगारों को मेरा सलाम है। उन्होंने कहा कि कोयला खदान और कोयले उत्पादन होते देखने-समझने की लंबे अर्से से इच्छा थी जो आज पूरी हुई। मैंने यहां देखा लगातार माइनर मशीन से कोयले का बेहतरीन उत्पादन हो रहा है। वहीं, महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि सोनम वांगचुक का चूरी आना एक यादगार पल है। मेरे साथ उन्होंने जो समय बिताया है और मुझसे उन्होंने जितनी जानकारी ली है मुझे लगता है वह लद्दाख में जाकर भी मुझे नहीं भूलेंगे। इनकी सोच देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की ओर प्रेरित करता है। इस मौके पर पुरनाडीह परियोजना पदाधिकारी नरेश सिंह, रोहिणी पीओ दिलीप कुमार सिंह, चुरी पीओ कमल माजी सहित कई अधिकारी और कामगार मौजूद थे।



चूरी खदान का निरीक्षण करती सोनम वांगचुक व अन्य।

## कौन हैं सोनम वांगचुक

सोनम वांगचुक के व्यक्तित्व को फिल्म 3 इडियट में दर्शाया गया है। इस फिल्म में आमिर खान की ओर से निर्बंधित फुनसुख वांगडू के काल्पनिक चरित्र को प्रेरित किया गया था। वे लद्दाख में अभिनव स्कूल, स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मोमेंट ऑफ लद्दाख के लिए जाने जाते हैं।

## तमाड़ पुलिस ने छापामारी कर 100 किलो महुआ और शराब की भट्ठी नष्ट की

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना अंतर्गत ग्राम सोसोडीह में अभियान चलाकर पुलिस ने करीब 100 किलो जावा महुआ के साथ ही शराब बनाने की भट्ठी को नष्ट कर दिया। पुलिस ने कहा कि अभियान लगातार जारी रहेगा।

## अनगड़ा पुलिस ने अवैध शराब से भरी एक कार को किया जब्त, चालक फरार





**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के साल्हन फुटबॉल मैदान के पास गत मंगलवार की रात एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान अनगड़ा पुलिस ने अवैध शराब से भरी एक कार नं. यूपी-32जेएक्स-8702 को जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि फुटबॉल मैदान के पास एक कार संदिग्ध हालत में खड़ी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार की तलाशी ली तो देखा कि अंदर शराब भरी हुई है। पुलिस कार को जब्त कर थाने ले आई है। कार में 30 बोतल बेलेंडर प्राइड एवं 21 बोतल सिग्नेचर ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। पुलिस के आने की भनक लगते ही चालक कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## एक दिवसीय जिला स्तरीय खो-खो ऑफिशियल ट्रेनिंग सेमिनार आयोजित



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड राज्य खो-खो एसोसिएशन के निर्देशानुसार रांची जिला खो-खो संघ के तत्वावधान में बुधवार को बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सेकटर 2 धुर्वा रांची के सभागार में एक दिवसीय जिला स्तरीय खो-खो के ऑफिशियल प्रशिक्षण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में रांची जिला के लगभग 35 लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने खो-खो खेल के सभी सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर मैदान बनाने एवं सभी खेल नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर एसोसिएशन के पर्यवेक्षक अमित कुमार पाण्डेय ने भी सेमिनार में भाग ले रहे सभी प्रशिक्षुओं को खो-खो खेल के बारे में बताया। बाद में सभी प्रतिभागियों की लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा ली गई। सेमिनार को सफल बनाने में राष्ट्रीय निर्णायक संगीता कुमारी, विवेक कुमार, सुभाष गांगुली, संजय कुमार, कौशल कुमार, एम मोदस्सर आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## सहकारी बैंक की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने मांडर शाखा में सदस्यों के साथ की बैठक



**मांडर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड मांडर शाखा में नवनिर्वाचित अध्यक्ष विभा सिंह का निदेशक मंडल के सदस्यों के साथ सदस्यता अभियान को लेकर आगमन हुआ। उनके साथ बैंक के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं मांडर शाखा के खाताधारी तथा विभिन्न प्रखंडों के बीसी भी उपस्थित हुए। शाखा प्रबंधक अमित कुमार सिन्हा द्वारा अध्यक्ष तथा निदेशक मंडल के सदस्यों को बुके देकर स्वागत किया गया। शाखा प्रबंधक से अधिकारियों ने शाखा के सभी समस्याओं जैसे कर्मचारियों की कमी, माइक्रो एटीएम, मोबाइल बैंकिंग, ग्राहकों की समस्या इत्यादि से अवगत कराया। अध्यक्ष द्वारा 6 महीने के अंदर सभी समस्याओं का निराकरण करने की बात कही गई। इस मौके पर राजेश तिवारी सेवानिवृत्त प्रबंधक मांडर शाखा, सहायक उदेश्वर प्रसाद सिंह, मनीष कुमार दुबे, राजकुमार साहू, बैंक के पूर्व कर्मचारी आदम अंसारी, बीसी साबिर अंसारी, हसन अंसारी सहित सभी बैंक मित्र उपस्थित थे।

## हरातू ग्राम शिव मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव भव्य भंडारे के साथ संपन्न



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे के हरातू ग्राम शिव मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव भव्य भंडारे के साथ समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार, मुखिया नूतन पाहन, संसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, पुजारी मधु सूदन पांडे, विश्वकर्मा महतो, सिंधु महतो, अरविंद महतो, शंकर बैठा, रामचरण पाहन, रामसाय मुंडा, सुमित्रा देवी, उषा देवी, विष्णु मुंडा, सुखवंती देवी, राजकिशोर महतो, पूनम देवी, सविता देवी, भोला ठाकुर आदि ने कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। भंडारे का शुभारंभ मुख्य अतिथि जैलेंद्र कुमार ने किया।

## आजसू पार्टी हरातू पंचायत ग्राम कमेटी की बैठक आयोजित



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी हरातू पंचायत में बुधवार को पंचायत प्रभारी वरीय जिला उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी की अध्यक्षता में सभी ग्राम प्रभारियों की बैठक की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी पूर्व विधायक प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि खिजरी विधानसभा का विकास आजसू पार्टी ही कर सकती है, क्योंकि यहां की जनता सड़क, बिजली, पानी आदि समस्याओं से त्रस्त है। खिजरी के विधायक रुपया बनाने में मस्त हैं। इसलिए गांव टोला से महिला पुरूष को जागरूक कर खिजरी विधानसभा में बदलाव की रूपरेखा तैयार की जा रही है। बैठक में ग्राम प्रभारी आसाराम महतो, प्रदीप महतो, छोटन मुंडा, अनिल मुंडा, परमेश्वर महतो, राहुल मुंडा, किशोर मुंडा, सूरज मुंडा, नरेश महतो, बालेश्वर महतो, जुलेश महतो, आकाश रजवार, संदीप रजवार, शैलेन्द्र महतो आदि पार्टी संगठन के लोग मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** विधायक ने केसी भगत कॉलेज में नये भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# शिक्षा से मानव समाज की दशा व दिशा बदलती है : शिल्पी नेहा तिर्की

**शिक्षा से ही व्यक्ति जीवन पथ पर चरित्रवान, ज्ञानवान और प्रभावशाली व्यक्तित्व का धनी बनता है : बंधु तिर्की**





आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** कॉलेज का नवनिर्माण होगा तो विद्यार्थियों को और बेहतर शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध होगी। शिक्षा से मानव समाज की दशा व दिशा बदलती है। उक्त बातें विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कही। वे करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के परिसर में बुधवार को आयोजित शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। उन्होंने कॉलेज के समग्र विकास के लिए 13 करोड़ रुपये की लागत से उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के लिए नये भवन का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि नये भवन के निर्माण से महाविद्यालय को आधारभूत संरचना व सुविधा का लाभ मिलेगा। जो कालान्तर में शिक्षा जगत के लिए वरदान और मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में यह कॉलेज को हम सभी के सहयोग से विश्वविद्यालय का स्वरूप देने में कामयाब हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय से क्षेत्र के बच्चों का समय और धन की बचत होगी एवं स्थानीय स्तर पर ही उच्च अध्ययन के अवसर मिलेंगे। इससे बेटियों की शिक्षा में बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा जगत में पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. करमचंद भगत के द्वारा किए गए अमूल्य योगदानों को भूलाया नहीं जा सकता। साथ ही उन्होंने ग्राम सभा को मजबूत बनाकर गांवों की तस्वीर को बदलने की अपील की।

समारोह में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि शिक्षा अनमोल धन है। शिक्षा से ही व्यक्ति जीवन पथ पर चरित्रवान, ज्ञानवान और प्रभावशाली व्यक्तित्व का धनी बनता है। उन्होंने कहा कि अविभाजित बिहार में पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. करमचंद भगत ने अपने कार्यकाल के दौरान तीन महाविद्यालय और प्रोजेक्ट बालिका स्कूल की स्थापना कर एक उत्कृष्ट कार्य किया था, जो अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा यह कॉलेज क्षेत्र में एक अच्छे शैक्षणिक संस्थान के रूप में उभरेगा व विकास में एक नया आयाम स्थापित होगा।

समारोह में रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रॉक्टर डा. दिवाकर मिंज ने कहा कि नए भवन के बनने से महाविद्यालय आधारभूत संरचना से सुसज्जित हो जाएगा। विद्यार्थियों को सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य का निर्धारण कर पढ़ाई लिखाई करने की बात कही। जिससे मानव जीवन में सफलता और लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। इसके पूर्व समारोह में अतिथियों ने पूर्व शिक्षा मंत्री सह महाविद्यालय के संस्थापक स्व. करमचंद भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही विद्यार्थियों ने परंपरागत नाच गान प्रस्तुत किया। वहीं शिक्षकों व विद्यार्थियों ने अतिथियों व भू-दाताओं को बूके और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। समारोह में स्वागत भाषण व अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डा. राजा अजीत कुमार ने किया।

समारोह का संचालन शिक्षक राजा कुमार, प्रो. अरविंद बिलूंग व धन्यवाद ज्ञापन डा. डेलमयी हंसदा ने किया। मौके पर बीडीओ डा. प्रवीण कुमार, सीओ सुमंत तिर्की, नवल किशोर सिंह, मजकूर आलम, करमा उरांव, धनंजय यादव, जिपस पश्चिमी बेरोनिका उरांव, श्रीमंत चटर्जी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## बीआरसी अनगड़ा में शिक्षक विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते बल्कि रिटायर होने के बाद भी समाज में शिक्षा का अलख जगाते रहते हैं : विमलकांत झा**



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ अनगड़ा इकाई के तत्वावधान में बुधवार को बीआरसी भवन में शिक्षक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी विमलकांत झा थे जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर बीइओ भरोसी मुंडू, सलीम सहाय तिग्गा, कृष्णा शर्मा एवं संतोष कुमार उपस्थित हुए।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों को विदाई दी गई तथा उन्हें शॉल ओढ़ाकर और उपहार देकर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों में लोतेम रायेम केरकेटा, पुष्पा देवी, बसंती देवी, सुलामी होरो, धनमनी देवी, बकिमचंद्र महतो आदि शामिल थे। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विमलकांत झा ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते हैं बल्कि रिटायर होने के बाद भी समाज में शिक्षा का अलख जगाते रहते हैं। उन्होंने सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों को अपनी जिंदगी की दूसरी पारी में भी सेवा के दायित्व को बरकरार रखने का आग्रह किया। अध्यक्षता भीमसिंह मुण्डा ने तथा संचालन गोर्वधन महतो ने किया। कार्यक्रम में हरेकृष्ण चौधरी, अनुप केसरी, मदन स्वांसी, गौतम प्रसाद, राजीव रंजन, दिलीप शर्मा, रिपूदमन बेदिया, प्रेमचंद बेदिया, मनीषा एक्का, रूपा रानी, बैद्यनाथ महतो, प्रयाग महतो, निशी पुष्पा सिंह, संगीता कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## जशपुरिया बीएड कॉलेज का रिजल्ट 100% रहा

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी की गयी डीएलएड बैच 2020-22 का परीक्षा में जसपुरिया बीएड कॉलेज गेतलसूद अनगड़ा के प्रशिक्षुओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। प्रशिक्षु अर्चना कुमारी ने 83.14% अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सूजन बागे ने 80.64% अंक लाकर द्वितीय एवं कीर्ति कुमारी ने 80.28% अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया और परीक्षा में शामिल 80% प्रशिक्षुओं ने डिस्टिंक्शन से पास हुए एवं 20% प्रशिक्षुओं ने प्रथम श्रेणी से पास किया। संस्था अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, निदेशक शालिनी प्रिया एवं डीएलएड प्रभारी श्रीमती वर्षा रानी ने सभी प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कलश यात्रा के साथ 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ शुरू



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महादानी मैदान में अखिल विश्व गायत्री परिवार,प्रज्ञा मंडल बेड़ो के तत्वावधान में चार दिवसीय 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ को लेकर बुधवार को यजमान रमेश प्रसाद गुप्ता सपत्नी की अगुवाई में यज्ञ स्थल से गाजे-बाजे के साथ संगीतमय भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान बेड़ो में मां गायत्री के जयकारों से गूंज उठा। कलश यात्रा मे जिप सदस्य पार्वती कुमारी बीडीओ डा प्रवीण कुमार,अशोक पंडा, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, भीखा उरांव, विश्वनाथ गोप, गंदुर गोप, जगरनाथ भगत, मुकेश कुमार राय शामिल हुए। मौके पर जिप सदस्य पार्वती भगत ने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और मन में अच्छे विचार आते हैं। धर्म की बात एक साथ मिल बैठकर सुनने से आपस में भाईचारा बढ़ता है। साथ ही एक-दूसरे के प्रति दुर्भावना खत्म होती है। कलश यात्रा महावीर चौक बाजार टांड़,देवी मंडप चौक, साईं मंदिर रोड होते हुए डुकु तालाब पंहुची। जहां गायत्री परिवार के परमेश्वर साहू,फौजदार पांडेय व राजेश्वर सिंह ने वैदिक मन्त्रों के बीच भूमि,कलश और जल पूजन का धार्मिक अनुष्ठान पूरा किया। इसके बाद कन्याओं व महिलाओं का जत्था जल कलश को अपने माथे पर लेकर यज्ञ स्थल पहुंचा। जहां कलश स्थापना का कार्य संपन्न हुआ। महायज्ञ को सफल बनाने में फौजदार पांडेय, राजेश्वर सिंह, विजय कुमार, जगदीश प्रसाद गुप्ता लक्ष्मण मंडल, रमेश प्रसाद गुप्ता, करुणानिधि, मनोज बड़ाईक, अंजू देवी, कमला देवी, चंपू देवी,केशव सहित ग्रामवासी लगे हुए है।

**बैठक:** केसारो गांव में शिव मंडा पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक में संचालन कमेटी का गठन

# शिव मंडा पूजा धूमधाम से 6-7 मई को मनाने का निर्णय

**77वां शिव मंडा पूजा को भव्य बनाने के लिए प्रचार प्रसार पर जोर दिये जाने पर किया गया विचार विमर्श**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के केसारो गांव में शिव मंडा पूजा को लेकर बुधवार को दजनों ग्रामीणों की बैठक नगड़ी प्रखंड प्रमुख मदुआ कच्छप उर्फ मधु कश्यप की अध्यक्षता में की गई। बैठक में 77वां शिव मंडा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। आगामी 6 मई को फुलबूंदी, जागरण एवं छऊ नृत्य प्रतियोगिता तथा 7 मई को झूलन समारोह के साथ-साथ रात्रि में नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 77वां शिव मंडा पूजा को भव्य बनाने के लिए प्रचार प्रसार पर जोर दिए जाने पर विचार विमर्श किया गया। मंडा पूजा को सफल बनाने के लिए सर्वसम्मति से एक संचालन समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नगड़ी प्रखंड प्रमुख मदुआ कच्छप उर्फ मधु कच्छप, एड़चोरो पंचायत के मुखिया सामाजिक कार्यकर्ता परना खलखो महासचिव, कोषाध्यक्ष विकास कच्छप और कार्यकारी सदस्य समाजसेवी समाजसेवी बजरंग कच्छप, सुनील कच्छप, शिवम गोप, घसिया कच्छप, कृष्णा गोप, विकास कच्छप, प्रवीण तिर्की, रोशन मिंज, सुरज कच्छप, सुनील मिंज, लक्की गोप, अमन उरांव, छोटू कच्छप, अंकित कुजूर, निशांत कच्छप, विवेक कच्छप, सोनु मिंज, करन टोप्पो, संजय खलखो, आकाश कुजूर, अनुराग कुजूर, प्रकाश कुजूर, पवन तिर्की, महावीर कच्छप, संजय कच्छप और दशरथ लकड़ा सहित 21 कार्यकारी सदस्य बनाए गए हैं।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## बरगावां मुखिया ने पीसीसी पथ और गार्डवाल का किया शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम प्रखंड अंतर्गत बरगावां पंचायत में सपही नदी से श्मशान घाट तक पीसीसी पथ एवं गार्डवाल का शिलान्यास बरगावां मुखिया अनीता तिर्की, भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह एवं रामानंद पांडे ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। मौके पर मुखिया अनीता तिर्की ने कहा कि नदी के समीप श्मशान घाट जाने के लिये ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। पिछले कई वर्षों से ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुये प्राथमिकता के साथ बुधवार को इसका शिलान्यास किया गया। मौके पर उपमुखिया सुबोध सिंह टनटन, प्रदीप सिंह, वार्ड सदस्य राजेश, डॉ विनोद कुमार, कृष्णा गोप, अंजन तिर्की, विवेक तिर्की आदि उपस्थित थे।

## निक्षय मित्र बनकर टीबी मुक्त अभियान में योगदान दे रहा है वाइबीएन विश्वविद्यालय



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** मोदी सरकार ने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। इस मुहिम में वाईबीएन विश्वविद्यालय भी अपना सहयोग दे रहा है। निक्षय मित्र योजना के तहत वाईबीएन विश्वविद्यालय आसपास के गांव के टीबी मरीजों को गोद लिया है। 6 महीने तक टीबी मरीजों को पोषण उपलब्ध कराने के साथ-साथ गांव में टीबी के बारे में जागरूकता पैदा की जायेगी। टीबी रोग से ग्रसित अधिकतर लोग समाज के गरीब वर्ग के हैं। ऐसे में न्यू इंडिया के साथ बढ़ रहे झारखंड के लोगों के स्वास्थ्य को लेकर वाईबीएन विश्वविद्यालय गंभीर एवं प्रयासरत है। वाईबीएन विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर रामजी यादव के निर्देशानुसार उन्नत भारत अभियान के तहत लिये गये गांव के टीबी मरीजों के बीच पूरक पोषण वितरण किया गया। विश्वविद्यालय के द्वारा अगले 6 महीनों तक हर महीना लगातार फूड बास्केट उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर रजिस्ट्रार डॉ. श्रीरमन दुबे, डिप्टी रजिस्ट्रार संजय तिवारी, सहायक कुलसचिव डॉ. ज्योति रानी, सीएसआर परियोजना समन्वयक मिस्टर धर्मेंद्र कुमार, ब्लॉक टीबी सुपरवाइजर सुशांती तिर्की, टीबी चैम्पियन अंजना मेरी टोप्पो, उन्नत भारत अभियान की समन्वयक डॉ मिस्फिका हसन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का तृतीय अंतर योगा प्रतियोगिता का शुभारंभ




**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का तृतीय अंतर योगा प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ नगड़ी के सेंबो स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केन्द्र में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस महानिरीक्षक विशन स्वरूप शर्मा के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता में रिजर्व पुलिस बल के 21 सेक्टरों के 181 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता 29 अप्रैल तक चलेगी। प्रतियोगिता में महिला और पुरुष दोनों संवर्ग के प्रतिभागी चार आयु वर्ग में भाग ले रहे हैं। मौके पर उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक विशन स्वरूप शर्मा ने कहा कि योग हमें अपने परिवार अपने समाज और अपने सूक्ष्म शरीर से समस्त संसार के साथ जुड़े होने का अनुभूति प्रदान करता है। योग स्वास्थ्य तन और मन के लिए मददगार है। योगाभ्यास तनाव से मुक्ति पाने और मन को शांति प्रदान करने में काफी कारगर है। यह धर्म, पंथ, जाति, उम्र और राष्ट्र के बंधन और सीमाओं से परे है। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक लारेन्स बांडों, ग्रुप केन्द्र रांची के कमांडेंट नरेंद्र कुमार, उप कमांडेंट पंकज कुमार सिंह, चित्रेश कुमार सहित सीआरपीएफ के अन्य पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।

## नर्सिंग कौशल कॉलेज चान्हों में छठे बैच के लिए कैपिंग और लैंप लाइटिंग समारोह आयोजित



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** नर्सिंग कौशल कॉलेज चान्हों में छठे बैच के लिए कैपिंग और लैंप लाइटिंग समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष मौके पर शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक मांडर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। इसके अलावा मुखिया चटवल और मुखिया रघुनाथपुर भी आमंत्रित किए गए थे। रॉबिन लकड़ा यूनियन बैंक मांडर मैनेजर विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। समारोह में छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कॉलेज के डायरेक्टर कर्नल रंजन चौधरी ने सभी आगंतुक मेहमानों का धन्यवाद ज्ञापन किया और इस दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि क्षेत्र के लिए नर्सिंग कॉलेज गौरव का विषय है। जहां से नर्सिंग की पढ़ाई कर छात्राएं देश के अन्य शहर के बड़े अस्पतालों में सेवा दे रही हैं। मैं इसके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं और भविष्य में हरसंभव सहयोग के लिए आश्वस्त करती हूं। वहीं एचडीएफसी बैंक परिवार को भी हृदय से धन्यवाद दिया जिनके निरंतर सहयोग और सौजन्य से छात्राएं लाभान्वित हो रही हैं। इस अवसर पर छात्राओं ने विशेष प्रार्थना की और शपथग्रहण किया। रॉबिन लकड़ा ने विद्यालय के उत्तरोत्तर तरक्की के लिए शुभकामना दी। कर्नल स्निग्धा ने समारोह के समापन पर धन्यवाद ज्ञापित किया। सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कृष्णा बैठा को बनाया गया पलामू जिला पैक्स संघ का नया अध्यक्ष



पलामू के नये पैक्स अध्यक्ष के साथ सदस्यगण।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के पुनर्गठन को लेकर जिला सहकारिता भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में बुधवार को जिले के सभी अध्यक्षों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष श्याम बिहारी सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पैक्स की मजबूतीकरण के लिए एक कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया। पैक्स अध्यक्षों ने कहा कि यह संगठन किसानों का है। इसमें जिले के हजारों किसान सदस्य है, लेकिन किसान आज कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। किसानों की सभी समस्याओं को जोरदार तरीके से पैक्स अध्यक्ष ने एक पटल पर रखकर आगे लड़ाई को बढ़ाने का संकल्प लिया। इसी कड़ी में सर्वसम्मति से कृष्णा बैठा को अध्यक्ष घोषित किया गया। लगे हाथ कार्यकारिणी सदस्य का भी गठन किया गया। बाकी शेष पदाधिकारियों का चयन अगली बैठक में की जाएगी। सदस्य के रूप में निर्मल तिवारी, शिवनारायण मेहता, अरविंद सिंह, सत्यनारायण तिवारी, अभय सिंह, मनोज कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, क्रोम देव सिंह, कन्हाई राम, सुरेश पांडे, मुस्ताक अंसारी, संतोष सिंह, कृष्णा गिरी, मिथिलेश सिंह, जग नारायण दूबे, नीलम देवी, रंजन दूबे शामिल हैं।

# जपला आरपीएफ ने चैन पुलिंग के आरोप में दो युवकों को किया गिरफ्तार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** ट्रेन में सवार होकर चलती ट्रेन में बिना वजह वैक्यूम कर ट्रेन को रोकने वाले मनचलो की अब खैर नहीं है। इसे लेकर जपला आरपीएफ लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में जपला आरपीएफ ने उंटारी रोड स्टेशन से अप पलामू एक्सप्रेस ट्रेन से दो युवकों को एसीपी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस बाबत आरपीएफ के प्रभारी पुलिस निरीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि उंटारी रोड स्टेशन के समीप दो मनचलो ने अप पलामू एक्सप्रेस में एसीपी कर-के रोक दिया। इस दौरान ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षा बल के जवान ने उंटारी थाना क्षेत्र के विकेश ठाकुर व महेंद्र मेहता को पकड़ लिया। उक्त दोनों को बिना किसी उचित कारण के वैक्यूम कर ट्रेन को रोकने के आरोप में रेल अधिनियम के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। गस्ती दल में सहायक उप निरीक्षक प्रमोद कुमार, कांस्टेबल सुभाष चंद्र और विकास कुमार शामिल थे।

# आवास योजना में बिचौलियों से बचें : बीडीओ



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बीडीओ रतन कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर बिचौलियों से सावधान रहने को कहा। इस बाबत बीडीओ ने एक सूचना भी जारी की है। जिसमें उन्होंने कहा कि यदि कोई बिचौलिया किसी भी लाभुक से किसी तरह बरगलाकर पैसे की मांग करता है, तो उसकी शिकायत खुद उनसे या कार्यालय में लिखित रुप से करें। इसके बाद त्वरित कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि अभी लाभुकों का सत्यापन किया जा रहा है। ऐसे में बिचौलिए लाभुक से बरगला कर पैसा मांगने की कोशिश करेंगें, लेकिन लाभुक उन्हें पैसे ना दें। यदि वे योग्य होंगे तो उन्हें आवास योजना का लाभ जरूर मिलेगा। लाभुक को 22 मामलों का शपथ देना होता है। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति गलत तरीके से पीएम आवास योजना का लाभ लेता है तो उसके विरुद्ध भी कानूनी कारवाई की जाएगी।

## निर्देश : पलामू डीसी ने की जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा परामर्शी समिति के साथ बैठक

# प्रतिबंधित पानमसाला की खरीद-बिक्री पर रोक लगाने को चलायें नियमित छापामारी : उपायुक्त

फूड सेफ्टी को लेकर चलायें जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** समाहरणालय के एनआइसी सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा परामर्शी समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी सह खाद्य सुरक्षा परामर्शी समिति के अध्यक्ष आंजनेयुलू दोड्डे ने की। बैठक में जिला खाद्य कारोबारियों का एफएसएसएआई लाइसेंस, पंजीकरण, नमूना संग्रहण की स्थिति, नमूनों के जांच प्रतिवेदन, निरीक्षण और दंड अधिरोपण, खाद्य कारोबारियों के प्रशिक्षण, ईट राइट चैलेंज अंतर्गत संचालित कार्यक्रम, ईट राइट स्कूल, ईट राइट कैंपस, हाइजीन रेटिंग, फोस्ट टेक ट्रेनिंग अंतर्गत संचालित कार्यक्रम, प्रतिबंधित पान मसालों के संबंध में आदेशों का प्रवर्तन समेत अन्य बिंदुओं पर किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। डीसी ने प्रतिबंधित पानमसाला रजनीगंधा, पान पराग, बिमल, बहार, शिखर, दिलरूबा, राजनिवास, मुसाफिर, मधु, सेहरत, पान पराग प्रीमियम के विरुद्ध चलाए गए अभियान की समीक्षा की। पदाधिकरियों को पानमसाला आदि के विरुद्ध नियमित छापामारी करने का निर्देश दिया।



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे।

### शिक्षण संस्थानों में आपूर्ति हो रही खाद्य पदार्थों की होगी नियमित जांच

डीसी ने आवासीय विद्यालयों, अन्य विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में आपूर्ति किए जा रहे खाद्य पदार्थों का नियमित रुप से जांच करने का निर्देश दिया। जिले में मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोईया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्ट्रीट फूड भेंडर को फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एवं सर्टिफिकेट देने का प्रावधान है। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह, सदर एसडीओ राजेश कुमार, छतरपुर एसडीओ नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, हुसैनाबाद एसडीओ कमलेश्वर नारायण, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुलाब लकड़ा, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी मौके पर उपस्थित थे।

### खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस और पंजीकरण की हुई समीक्षा

डीसी ने एफएसएसएआई के निर्धारित मानक के अनुसार जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की दी गई लाइसेंस और पंजीकरण की समीक्षा की। उन्होंने कार्य में गति लाने का भी निर्देश दिया। डीसी ने एफएसएसएआई के निर्धारित मानक के आधार पर खाद्य पदार्थों के लीगल सर्विलांस सैंपल संग्रह कार्य को भी गति देने को कहा।

# ईंट लदे ट्रैक्टर की ट्रॉली पलटने से एक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** ईंट से लदे ट्रैक्टर ट्रॉली के पलट जाने से उनके नीचे दबकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान तपसी यादव के रूप में हुई है। वह पिपरा थाना क्षेत्र के बलहा गांव का रहने वाला था। घटना मंगलवार देर शाम की बताई जा रही है। उधर, घटना के बाद मची चीख-पुकार सुनकर आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पीपरा पुलिस को दी। वहीं, कुछ देर में ही मौके पर पहुंची पीपरा पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। बुधवार कि सुबह पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। वहीं, मृतक के रिश्तेदार सह जदयू के पलामू युवा जिला अध्यक्ष अमरजीत कुमार यादव ने बताया कि तपसी यादव अपने घर से दक्षिण चहका सोने जा रहे थे तभी सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। इससे अनियंत्रित ईद लदे ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई जिसके नीचे दबकर उनकी मौत मौके पर ही हो गई। ट्रैक्टर नबीनगर थाना अंतर्गत मुंगिया सरातू गांव निवासी राहुल सिंह की बताई जाती है। मृतक का दाह संस्कार गांव स्थित श्मशान घाट पर किया गया।

# जनसेवकों के पे ग्रेड घटाने के निर्देश से नाराज जनसेवक संघ ने फूंका झारखंड सरकार का पुंतला

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य जनसेवक संघ पलामू इकाई के बैनर तले मेदिनीनगर के छह मुहान चौक में झारखण्ड के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, कृषि सचिव अबुबकर सिद्दकी एवं कृषि निदेशक चंदन कुमार का पुतला दहन किया गया। विदित हो कि 2012 में झारखंड सरकार में तत्कालीन कृषि एवं गन्ना विकास विभाग जो अब कृषि पशुपालन व सहकारिता विभाग द्वारा कृषि क्षेत्र में सवार्गीण विकास के लिए 1836 रिक्त पदो के लिए जनसेवकों की नियुक्ति हुई थी। राज्य सरकार की अधिसूचना संख्या 1411 25 मई 2011 की ओर से जनसेवक भर्ती एवं सेवा शर्त नियमावली 2011 को अधिसूचित करते हुए संपूर्ण झारखण्ड में वर्णित विभिन्न प्रावधानों के आलोक में जनसेवकों विज्ञापन में स्पष्ट रूप से वेतनमान 5200-20,200 ग्रेड पे 2400 के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रण की सूचना दी गई थी। नियुक्ति के 10 वर्षों के उपरांत दिनांक 25 अप्रैल 23 को सरकार की ओर से 2400 ग्रेड पे को घटाते हुए 2000 करने का आदेश निर्गत किया गया है, जिससे नाराजगी है। इसके विरोध में झारखण्ड राज्य के जनसेवकों में उबाल है। बताते चलें कि नियुक्ति काल से ही राज्य के विभिन्न विभागों यथा पंचायती राज, खाद्य आपूर्ति, चुनाव कार्य आदि में जनसेवकों के सहयोग से कार्यों का निष्पादन किया जाता रहा है। राज्य के विभिन्न प्रखण्डों में सभी प्रर्यवेक्षक पद यथा प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड कल्याण, प्रखण्ड सांख्यिकी, प्रखण्ड आपूर्ति, सहायक गोदाम प्रबंधक, प्रखण्ड पंचायती राज जैस महत्वूर्ण पदों पर जनसेवकों द्वारा काम लिया जाता रहा है। यानी की एक वेतन काम अनेक। यह सरकार की मनमानी नही चलने दिया जायेगा। 2012 में नियुक्त जनसेवक संवर्ग का एक षड़यंत्र के तहत कृषि विभाग के ग्रेड पे कम करने जैसे तुगलकी आदेश का जनसेवक संघ विरोध करता है। यदि सरकार तत्काल अपना आदेश वापस नही लेता है तो झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने को विवश होगा। अनिश्चित कालीन हड़ताल के साथ राज्य के सारे विकासात्क कार्य को ठप्प कर दिया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदेही राज्य सरकार एवं कृषि विभाग की होगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष आलोक पांडेय, सचिव अभिषेक कुमार, उपाध्यक्ष ललन कुमार पासवान, मीडिया प्रभारी शिव नारायण उरांव, अमरेश कुमार, पंकज कुमार, सुशांत पाठक, देवप्रिय, अजीत मिश्रा, मनोज कुमार आदि थे।




झारखंड सरकार का पुतला दहन करते संगठन के लोग।

# न्यू महिंद्रा बोलेरो पिकअप मैक्स का फीचर लाजवाब : आकर्ष



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महिंद्रा के अग्रणी डीलर आनंद मोटर्स में न्यू महिंद्रा बोलेरो पिकअप मैक्स का बुधवार को लॉन्चिंग किया गया। नावा टोली स्थित शोरूम में आयोजित लांचिंग समारोह में आनंद मोटर्स के निदेशक आकर्ष आनंद, महिंद्रा फाइनेंस के राजेश पांडे, एचडीबी फाइनेंस के नवीन कुमार एवं चोलामंडलम फाइनेंस के अमित सिंह ने कार्यक्रम की संयुक्त रूप से शुरूआत की। इस मौके पर आनंद मोटर्स के महाप्रबंधक प्रमोद श्रीवास्तव एवं सेल्स मैनेजर गणेश प्रसाद ने बताया कि न्यू महिंद्रा बोलेरो पिकअप मैक्स अनेक खूबियों से भरा है। उसके बेहतरीन फीचर दमदार लुक एवं बेहतर माइलेज और ज्यादा माल ढोने की क्षमता ही इसकी अपनी पहचान है। यह गाड़ी दो वेरिएंट्स में आती है। एचडी सीरीज और सिटी सीरीज में यह गाड़ियां उपलब्ध है। 100 प्रतिशत ऋण की सुविधा इस गाड़ी पर फाइनेंस कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई है। लॉन्चिंग के अवसर पर 11 गाड़ियों की बुकिंग की गई एवं एक गाड़ी की डिलीवरी भी की गई। यह गाड़ी दो टन में पासिंग है साथ ही इसका डाला 10 फीट लंबा और 5.9 फीट चौड़ा चौड़ा है। इसमें आईमैक्स टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है जो ग्राहकों के लिए बहुत सुविधाजनक है। एचडी सीरीज का शुरूआती मूल्य 9.47 लाख से है। जबकि मैक्स सिटी का शुरूआती मूल्य 7.91 लाख है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन मनप्रीत सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर एचडीबी फाइनेंस के ब्रांच मैनेजर अनूप पाठक, महिंद्रा फाइनेंस के रवि पाठक, आनंद मोटर्स वर्कशॉप मैनेजर अगस्त तिवारी, सेल्स मैनेजर निखिल कुमार, आलोक राज, राजमणि विश्वकर्मा, एचआर मेनेजर कृति सिन्हा, स्वेता सिंह, अर्चना सिंह, आरती कुमारी, पूजा रानी आदि मौजूद थे।

# जल ही जीवन है : अविनाश देव




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बढ़ती गर्मी के मद्देनजर एईके अकेडमी सतबरवा के निदेशक आफताब आलम ने पनशाला खोला। झारखण्ड स्टेट स्कूल एशोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव को आफताब आलम ने बतौर मुख्यातिथि आमंत्रित किया, जिन्होंने पनशाला का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने राहगीरों को पानी पिलाकर पनशाला की शुरूआत की। संक्षिप्त संबोधन में कहा कि जहां पलामू में पारा 43 डिग्री पार कर गया हो, नदी, नाले, आहर, पोखर, तालाब के पानी सूख गए हों। भू-गर्भिये जल पाताल पकड़ लिया हो पानी के लिए हाहाकार मचा हो तब ऐसी विकट स्थितियों में पनशाला खोलना बहुत ही सराहनीय कार्य है। क्योंकि जल ही जीवन है और इसी को रहीम ने कहा था कि रहीमन पानी राखिए बिन पानी सब सून ...मतलब पानी के बिना सब सूना है। इसी बात को आफताब आलम ने सुना और प्यास बुझाने के दिशा में पनशाला का उद्घाटन करवाया। उन्होंने कहा कि हम आफताब आलम अपील करते हैं कि अन्य जीवों के लिए भी पानी का इंतजाम करवाएं। इस मौके पर झारखण्ड स्टेट स्कूल एशोसिएशन के संस्थापक सदस्य गिरिज कुमार, नंदकिशोर भारती, रमाकांत मेहता मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने खराब फॉर्म में चल रहे टीम इडिया के कप्तान रोहित शर्मा को कुछ समय के लिए आइपीएल से ब्रेक लेने की सलाह दी है। ऐसा कर वे खुद को विश्व टेस्ट चैंपियनशीप के लिए तैयार कर सकते हैं।

## भारतीय कप्तान को दी विराट कोहली की तरह फैसला लेने की सलाह

# रोहित शर्मा को लेना चाहिए ब्रेक : सुनील गावस्कर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआइ) को मंगलवार को आईपीएल में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद भारत के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने खराब फॉर्म से जूठ रहे रोहित शर्मा को एक खास सलाह दी है। उन्होंने कहा कि मुंबई इंडियंस के कप्तान को आईपीएल से कुछ दिन के लिए ब्रेक लेना चाहिए। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने भी पिछले साल कुछ दिन के लिए ब्रेक लिया था। वह तरोताजा होकर लौटे और फिर जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं। रोहित शर्मा मुंबई के खिलाफ आठ गेंद पर दो रन बनाकर आउट हुए। गावस्कर ने हिटमैन को सलाह दी है कि रोहित को आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल पर अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी क्रम में कुछ बदलाव देखना चाहूंगा। ईमानदारी से मैं यह भी कहूंगा कि रोहित को इस समय ब्रेक लेना चाहिए और खुद को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए फिट रखना चाहिए। वह अंत में कुछ मैचों के लिए फिर से वापस आ सकते हैं। अभी उन्हें खुद को राहत देनी चाहिए। वह थोड़ा चिंतित दिख रहे हैं। पूर्व कप्तान ने आगे कहा कि हो सकता है कि इस स्तर वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के बारे में सोच रहे हो। हालांकि, मुझे इस बारे में नहीं पता। मुझे ऐसा लगता है कि उन्हें ब्रेक की जरूरत है। वह अंतिम दो-तीन मैच में लौटे ताकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए खुद को लय में रखे।






### डब्ल्यूटीसीएफ के लिए चुनी गयी भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, केएल राहुल, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दूल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट।

### पिछली बार टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में मिली थी हार

भारतीय टीम लगातार दूसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंची है। उसे पिछली बार 2021 में खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। टीम इंडिया ने टेस्ट चैंपियनशिप के 2021-23 सीजन में शानदार प्रदर्शन किया। वह ऑस्ट्रेलिया के बाद अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रही।

# किडनी से पीड़ित पुत्र के इलाज के लिए पिता ने लगायी मदद की गुहार



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटैया निवासी शिवशंकर सिंह के 36 वर्षीय पुत्र विश्वजीत रंजन पटेल किडनी की परेशानी से जूझ रहा है। पैसे के अभाव में पिता उसका ठीक से इलाज नहीं करा पा रहे हैं। पीड़ित के पिता शिवशंकर सिंह ने दान दाताओं से इलाज के लिए सहयोग की गुहार लगाई है। बताया कि कुछ महीने पूर्व मजदूरी करने के लिए बाहर गया था। बुखार लगना शुरू हुआ तो जैसे तैसे इलाज करा कर घर लौटा। यहां, रांची के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पता चला कि बेटे की दोनों किडनी खराब हो गयी है। जिसके बाद पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने किडनी प्रत्यारोपण की बात कही। बताया कि विश्वजीत रंजन पटेल घर का एक मात्र कमाउ पुत्र है। जिससे छह लोगों का भरण पोषण होता था।

# बराही धाम परिसर को किया जायेगा विकसित : रमन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी के निर्देश पर बुधवार को जिला योजना पदाधिकारी रमन कुमार ने क्षेत्र के सुविख्यात धार्मिक स्थल बराही धाम का निरीक्षण किया। इसके पूर्व उन्होंने धाम परिसर में स्थित देवी मंदिर, देश की सबसे ऊंची दक्षिणमुखी 105 फिट हनुमान जी की प्रतिमा का दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बराही धाम में स्थित हनुमान जी की विशाल मूर्ति पलामू के साथ ही झारखंड का गौरव है। इस धाम परिसर को प्राथमिकता के साथ विकसित किया जायेगा, ताकि दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो। उन्होंने कहा कि मुख्य सड़क से धाम परिसर तक आने वाले रास्ते के किनारे स्ट्रीट लाइट व धाम परिसर में हाई मास्ट लाईट, पानी के शुद्ध पानी की मशीन, धाम परिसर की घेराबंदी और सड़क के चौडीकरण का कार्य किया जायेगा। इन सब कार्यो के लिए जिला से एक अभियंता दल को भेज कर मापी कराने के साथ ही प्राक्कलन बना कर कार्य को पूरा किया जायेगा। उन्होंने धाम समिति व ग्रामीणों से कहा कि शीघ्र ही स्ट्रीट लाईट और हाई मास्ट लगवाने की प्रक्रिया पूरी कर कार्य को पूरा किया जायेगा। इस मौके पर कनीय अभियंता गुप्ता आदि मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को बनाना है ऐतिहासिक : रागिनी




**झरिया (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को सफल बनाने को लेकर बुधवार को झरिया कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य रागिनी सिंह ने की। बैठक में झरिया विधानसभा क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ता शामिल थे। इस दौरान रागिनी सिंह ने कहा कि हम सभी के लिए यह गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 30 अप्रैल को 100वां एपिसोड का प्रसारण होने जा रहा है। भाजपा धनबाद जिला महानगर में भी अधिकांश जगहों पर इस कार्यक्रम के प्रसारण का निर्णय लिया है। ऐसे में पार्टी के हर कार्यकर्ता की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि ऐतिहासिक प्रसारण को सफल बनायें। इसे लेकर झरिया विधानसभा में 100 बूथों पर 100 लोगों के साथ मन की बात को देखना है। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि मन की बात कार्यक्रम को हर बूथ पर वहां के स्थानीय लोगों के साथ देखकर सफल और ऐतिहासिक बनायें। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, उमेश यादव, मन की बात कार्यक्रम के संयोजक वीरेंद्र हंसदा, सुमन अग्रवाल, शैलेश सिंह चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

## एना कोलियरी में दो पक्षों में मारपीट, महिला सहित दो घायल





**धनसार (आजाद सिपाही)।** झरिया थाना अंतर्गत भगतडीह ऐना कोलियरी में बुधवार को दो पड़ोसियों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष के विजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज धनबाद एनएमसीएच अस्पताल में चल रहा है। वहीं दूसरे पक्ष की पुष्पा देवी को भी चोटे आई है। एक पक्ष के सुरेश यादव की पत्नी पुष्पा देवी ने झरिया थाना में लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया कि बुधवार की सुबह विजय सिंह मेरे घर में बुरी नीयत से घुस गया और गलत व्यवहार करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। साथ ही झूठा केस में फंसाने का धमकी भी दी। वहीं, विजय सिंह व उसकी पत्नी अन्नू देवी ने भी झरिया पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए कहा कि सुरेश यादव मेरे घर में घुसकर मारपीट की और अकेला पाकर अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर मुझे व मेरे पति विजय सिंह को जान से मारने की धमकी देने लगा। तभी पति विजय सिंह पहुंच गए जिनसे मारपीट कर घायल कर दिया। दूसरी ओर, पुलिस ने दोनों पक्षों की लिखित आवेदन मिलने के बाद कार्रवाई करते हुए सुरेश के भाई दिलीप को हिरासत में ले लिया और पूछताछ कर रही है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों पक्षों में बीसीसीएल की जमीन पर अपना कब्जा जमाने को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। दोनों पक्ष उक्त खाली पड़ी जमीन पर घेराबंदी करना चाहते हैं। इसी बात को लेकर कुछ दिनों में दोनों के बीच तनाव चल रहा था।

## झारखंड राज्य जनसेवक संघ ने फूंका कृषि मंत्री, सचिव व निदेशक का पुतला



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य जनसेवक संघ के सदस्य पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला परिषद से पैदल मार्च करते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंचे, जहां कृषि मंत्री, कृषि सचिव एवं कृषि निदेशक का पुतला दहन करने के साथ ही कलम बंद कार्य बहिष्कार किया। झारखंड राज्य जनसेवक संघ के प्रवक्ता ने कहा कि 28 अप्रैल को रांची कृषि निदेशालय के सम्मुख पुतला दहन किया जाएगा। झारखंड जन सेवक संघ 4200 ग्रेड पे एवं ससमय प्रोन्नति की मांग कर रहे थे। पुतला दहन कार्यक्रम में संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश महतो, कोषाध्यक्ष रंजीत शर्मा, जनसेवक मो नसीम अख्तर, संतोष सौरभ, सुनील पांडे, पंकज अग्रवाल, कुलदीप महतो आदि उपस्थित थे।

## वेदांता इएसएल बना झारखंड में वनीकरण का विश्वस्तरीय तकनीक लाने वाला पहला संस्थान



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** वेदांता इएसएल वनीकरण की जापानी पद्यति मियावाकी तकनीक से झारखंड को और भी हरा भरा राज्य बनाने में जुटा है। इसी संदर्भ ने वेदांता इंएसएल ने चमराइडीह गांव में एक मियावाकी वन स्थल स्थापित किया जिसका उद्घाटन बोकारो के क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक आईएफएस डी वेंकटेश्वरलू ने चमराइडीह गांव में ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीईओ आशीष गुप्ता और अन्य कार्यकारी सदस्यों की उपस्थिति में किया। इस दौरान मुख्य अतिथियों ने स्थल पर वृक्ष भी लगाए। कहा कि यह कदम वेदांता की सकारात्मक परिवर्तन लाने के जज्बे का एक उदहारण है। चाहे वह समाज, राज्य के लिए हो या पूरे भारत के लिए हो। झारखंड को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए मियावाकी वन स्थल एक उल्लेखनीय आधार साबित होगा। कांजी, शीशम, कदम, कचनार/कंचन, इमली, महोगनी, अनार आदि सहित विभिन्न प्रजातियों के 53000 से अधिक पौधों के साथ चमराईडीह गांव में 2.64 एकड़ भूमि को कवर करने वाली परियोजना के साथ, संगठन राज्य और समाज कल्याण का अपना वादा रखता है। यह संगठन इस प्रकार के कार्यों के माध्यम से एक बेहतर झारखंड बना रहा है। जापानी वनस्पतिशास्त्री डॉ अकीरा मायावाकी द्वारा विकसित वनीकरण की इस विधि में, न्यूनतम 15-20 विभिन्न प्रजातियों के साथ प्रति वर्ग मीटर 3-5 पौधे लगाए जाते हैं, जिससे एक बहुस्तरीय हरा-भरा जंगल बन जाता है। दो वर्षों के बाद कोई आवश्यक रखरखाव नहीं होता है। वन स्थल की जैव विविधता को बढ़ाने और देशी वन्यजीवों के लिए एक सुरक्षित आश्रय प्रदान करने के लिए और पक्षियों के लिए पानी का स्रोत प्रदान करने के लिए, एक तालाब भी बनाया गया है।

## दामोदर नदी में नहाने के दौरान डूबने से युवक की हुई मौत



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** कांडरा दामोदर नदी में नहाने के दौरान डूबने से 34 वर्षीय एक युवक की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान शक्ति सिंह के रूप में हुई है। वह हेट कांडरा का रहने वाला था। उसके पिता नंदकिशोर सिंह की पहले ही मौत हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक शक्ति बुधवार की सुबह 10 बजे नदी में नहाने गया था। अचानक गहराई में चले जाने से डूब गया। आसपास के लोगों ने उसे किसी तरह नदी से बाहर निकाला और चासनाला स्वास्थ्य केंद्र ले गये। वहां से एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक पेशे से मजदूर था।

### चास -बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी को अपने स्तर से प्रगति पर सतत निगरानी रखने का निर्देश

# झारखंड नियोजन पोर्टल पर निबंधन करें निजी कंपनियां : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में झारखंड राज्य निजी क्षेत्र स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन अधिनियम 2021 और नियमावली 2022 का अनुपालन सुनिश्चित करने को लेकर बुधवार को जिला अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी कुलदीप चौधरी ने की। बैठक में अधिनियम के तहत जिले में संचालित कंपनियों में 75 फीसदी स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराने को लेकर अब तक की गई कार्रवाई का डीसी ने जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मंजित से जानकारी प्राप्त की। नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि विभाग



जिला अनुश्रवण समिति की बैठक करते बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी।

द्वारा जिले में छोटे-बड़े 750 कंपनियों को चिन्हित किया है, जिसमें से 344 कंपनियों ने झारखंड नियोजन पोर्टल झारनियोजन.झारखंड.जीओवी.कॉम पर निबंधन करवाया है। शेष को निबंधन करने के लिए विभाग द्वारा तामिला किया गया है। कुछ कंपनियों ने कर्मचारी का भी विवरण पोर्टल पर किया है ,लेकिन इसकी रफ्तार काफी धीमी है। इस पर डीसी ने कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर जल्द निबंधन कार्य पोर्टल पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी कंपनियों की सूची तैयार कर जनप्रतिनिधियों एवं जिला को भी उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही, अंचल स्तर पर रोस्टर जारी कर 15 दिनों के अंदर सभी अंचलों में संबंधित क्षेत्रों में संचालित कंपनी प्रतिनिधियों/जन प्रतिनिधियों आदि की उपस्थिति में बैठक कराना सुनिश्चित कराने को कहा। अंचलाधिकारी कंपनियों का निबंधन एवं कर्मचारियों का विवरण पोर्टल पर अपलोड करने के कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित कराएंगे। वहीं, चास एवं बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी अपने स्तर से प्रगति का सतत निगरानी करेंगे। अगर कंपनियां इस कार्य में गंभीरता नहीं दिखाती हैं तो नियमानुसार उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो, बोकारो विधायक प्रतिनिधि संजय त्यागी, तेनुघाट नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार, नियोजन पदाधिकारी पी. टुडू, जिला कौशल पदाधिकारी प्रवीण कुमार आदि मौजूद थे।

## नाली विवाद को लेकर दो पड़ोसियों के बीच जमकर चले लात-घूंसे और लाठी, तीन घायल







आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/धनसार।** झरिया थाना क्षेत्र के चौथाईकुल्ही में नाली विवाद को लेकर बुधवार की सुबह दो पड़ोसी के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान जमकर लात-घूंसे और लाठियां भी चली, जिसमें दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज स्थानीय नर्सिंग होम में करवाया गया। वहीं दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ झरिया थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पहले पक्ष के राजकुमार दूबे ने बताया कि पिछले छह महीने से मेरे घर से सटे नाली में मल-मूत्र बहाया जा रहा है। कई बार भरत साव, पप्पू साव व उनका भतीजा संतोष साव को टंकी साफ करने को कहा लेकिन वे लोग नहीं मानें। इस दिन सुबह भी नालियों में मल-मूत्र को देखा तो उन लोगों से नाली साफ कराने की बात कही। इसी बात पर वे लोग पूरे परिवार के साथ मेरे घर पहुंच गए और गालीगलौज करते हुए मारपीट करने लगे। वहीं, दूसरे पक्ष के संतोष साव ने बताया कि कई वर्ष पुरानी नाली को राजकुमार दूबे व उनके परिजनों द्वारा बार-बार बंद कर दिया जाता रहा है। इस दिन एक बार फिर से राजकुमार ने नाली को बंद कर दिया। जब हमलोग मना करने गए तो राजकुमार और उसके भाई विजय दूबे अपने परिजनों साथ मिलकर लाठी डंडे से हमला कर दिया। दो हजार रुपए व सोने की चेन भी छीन ली। उधर, दोनों पक्षों की शिकायत मिलने के बाद झरिया पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

## कोयला तस्कर डीएन के अवैध कोयला डिपो में एसडीएम ने की छापामारी, लोडेड ट्रक सहित भारी मात्रा में कोयला जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** खरखरी ओपी अंतर्गत बीसीसीएल एरिया एक के अंतर्गत मधुबन कोलियरी ऑफिस कॉलोनी के समीप स्थित झाड़ियों में छिपाकर कोयले का अवैध भंडारण करने की गुप्त सूचना पाकर बुधवार की सुबह धनबाद एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी ने मधुबन पुलिस के सहयोग से छापामारी की। इस दौरान वहां से कोयला लदे दो ट्रक के अलावा भारी भारी मात्रा में अवैध कोयला भी जब्त किया है। जिसे एसडीएम ने अग्रिम कार्रवाई के लिए खरखरी पुलिस को सौंप दिया। बतातें चले कि कोयला तस्कर डीएन के इशारे पर कई महीनों से खरखरी ओपी क्षेत्र में अवैध कोयला का काला कारोबार चलाया जा रहा था। जबकि स्थानीय पुलिस मूक दर्शक बनी रही। एक ओर जिले के वरीय



पुलिस अधीक्षक अवैध कोयले की तस्करी रोकने के लिए सख्त निर्देश जारी कर रहे हैं, वहीं उनके हर एक प्रयास को कुछ स्थानीय पुलिस और छुटभैया नेताओं द्वारा धूमिल करने का लगातार प्रयास किया जा रहा हैं। वहीं तस्कर डीएन का खरखरी ओपी के अलावा बांसजोड़ा में भी अवैध कोयला का कारोबार संचालित है। एसडीएम की कार्रवाई के बाद अवैध कोयला कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ हैं। वहीं उनके गुर्गे इस मामले को दबाने के लिए काफी जद्दोजहद करते नजर आये।

### क्षेत्र में अवैध कार्य बर्दाश्त नहीं करेंगे : ओपी प्रभारी

खरखरी ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता ने बताया कि धनबाद एसडीएम के सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो ट्रक को पकड़ा गया है। वहीं एक ट्रक कोयला से लदा था। मौके से अवैध कोयला भी जब्त किया गया हैं। कहा कि किसी भी हालत में अवैध कोयला संचालित करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। कार्रवाई की जा रही हैं। संलिप्त लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### धनबाद के पहला कदम स्कूल पहुंची वृंदावन की भागवत कथा वाचिका

# हर बच्चे में है नारायण का वास: राधा किशोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित विशेष बच्चों की स्कूल पहला कदम में बुधवार को वृंदावन से भागवत कथा वाचक राधा किशोरी पहुंची। उन्होंने सभी दिव्यांग बच्चों से मिलकर प्रसन्नता जाहिर की। साथ ही सभी के शीघ्र स्वस्थ होने का शुभ आशीर्वाद भी दिया। कहा कि हर बच्चों में नारायण का वास होता है। इन बच्चों की सेवा ही नारायण की सेवा है। सर्वश्रेष्ठ सेवा नर सेवा जो कि नारायण सेवा है। वहीं, अनीता अग्रवाल ने कहा कि राधा किशोरी के मुख से अमृत वाणी का श्रवण कर और उनके शुभागमन से पहला कदम की भूमि पावन हो गई। उनके मुख से भजन सुनकर सभी



भागवत कथा वाचक राधा किशोरी का स्वागत करते पहला स्कूल के प्रबंधक।

लाभावित हुए हैं। इस मौके पर स्कूल की सचिव अनिता अग्रवाल, महेश संघई, संतोष संघई और मयंक संघई ने राधा किशोरी को तुलसी का पौधा और शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। वहीं, नेत्रहीन छात्र द्वारा स्वागत गीत और मुकबधिर बच्चों द्वारा झारखंड की संस्कृति की दर्शनीय प्रस्तुति की गई। इसके बाद सभी बच्चों और पहला कदम परिवार ने प्रसाद ग्रहण किया।


JHRKHAND STATE BEVERAGES CORPORATION LTD. RANCHI
(A GOVT. OF JHARKHAND UNDERTAKING)
Corporate Identification No :-U51228JH2010SGC014519,
TIN No – 20520108277
Utpad Bhawan, Ground Floor, Near New Police Station,
Kanke Road, Ranchi - 834008 E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com

Letter No :-851 **Corrigendum** Date- 26/04/2023

E- Tenders are invited for empanelment of placement agency for supply of manpower for retail vending shops of JSBCL in the designated Two (02) zones within the state of Jharkhand through e-tender process vide E Tender Notice No :- JSBCL/09, Dated :- 21.04.2023, PR No.-295650 have been ammended as follows.

**Important dates**

| | | Previous | | Extended | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.N. | Particulars | Date | Time | Date | Time |
| 1 | Last date/closing date for submission of E-Tender | 28/04/2023 | 04:00 P.M. | 08/05/2023 | 04:00 P.M. |
| 2 | Last date for submission of document (Hard copy) in the JSBCL office. | 28/04/2023 | 06:00 P.M. | 08/05/2023 | 06:00 P.M. |
| 3 | Online opening of Technical Bid. | 29/04/2023 | 11:00 A.M. | 09/05/2023 | 11:00 A.M. |

**Note :-**
1) For details of tender terms & conditions please visit website https://jharkhandtenders.gov.in & http://jsbcl.in from the dates mentioned above.
2) Bidders has to submit their bids online through https://jharkhandtenders.gov.in and physical copy of the same is to be submitted in JSBCL (HQ) at Ranchi.

Sd/- Managing Director,
Jharkhand State Beverages Corporation Ltd.
Jharkhand, Ranchi

PR 295996 (Excise)23-24*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, बूटी, राँची–834009**

**आम सूचना**

निम्नलिखित रांची शहरी क्षेत्र में बेहतर जल प्रबंधन एवं पेयजलापूर्ति की बर्बादी रोकने एवं शुद्ध पेयजलापूर्ति से संबंधित समस्याओं का त्वरित अनुरक्षण कर निराकरण के उद्देश्य से शहरीवासियों को आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल अन्तर्गत किये जा रहे जलापूर्ति का संचालन एवं सम्पोशण कार्य नवनियुक्त एजेन्सी एक्वाफिल पोलिमर कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किया जा रहा है।
नगरवासियों की सुविधा हेतु एजेन्सी M/S Aquafil के माध्यम से बूटी में स्थित Control Room की व्यवस्था किया गया है। जहां नगरवासियों के द्वारा किसी प्रकार की जलापूर्ति से संबंधित शिकायत एवं सूचना **Toll Free No** 1800 419 2628 एवं निम्नलिखित मोबाईल संख्या पर दर्ज करायी जा सकती है।

प्रोजेक्ट मैनेजर – श्री कमल कुमार – 63012 99392
सुपरवाईजर श्री राजमंगल – 88969 43929
सुपरवाईजर मो0 फैजान फारूकी – 97608 27860
कन्ट्रोल रूम बूटी – श्री प्रेम कुमार करमाली
मोबाईल नं0 – 88630 16796

| क्र0 सं0 | जलमीनार (प्रशाखा कार्यालय) | सहायक अभियंता/कनीय अभियंता से संबंधित क्षेत्र | प्रभारी कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | जिला स्कुल | कोटसराय रोड, पिंजरा टोली, गोषाला कम्पाउड, चौधरी बगान, मार्केट रोड ईस्ट व वेस्ट, रंधीर प्रसाद स्ट्रीट, दिनबंधु लेन, प्यादा टोली, गोपालगंज, भट्टाचार्य लेन, गोरखनाथ लेन, विष्णु टाकीज लेन, रूपाश्री लेन, विनोद आश्रम गली, जिला स्कुल कम्पाउड, बुचरगली, लेक रोड, भुईया टोली, पुरानी राँची, करीम लेन, बंगला स्कुल रोड, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, पाउण्डस लेन, डेली मार्केट, कैलाश बाबु स्ट्रीट, हिन्दपीढ़ी 3rd स्ट्रीट, 2nd स्ट्रीट, सेन्ट्रल स्ट्रीट, खेत मोहल्ला, लाहफैक्ट्री रोड, नूरनगर, मुजाहिद नगर, निजामुद्धीन नगर, हरिजन बस्ती, माली टोला, हिन्दपीढ़ी साउथ स्ट्रीट, ग्वाला टोली, बड़ी मस्जिद गली, तिवारी स्ट्रीट, तिवारी टैंक रोड, मुस्लिम कॉलोनी, गोपाल प्रेस, डाईभरसन रोड, नाला रोड हिन्दपीढ़ी एवं आसन्न क्षेत्र। | 1. श्री प्रभात कुमार, कनीय अभि0 मो0–9031000628 |
| 2 | सिरमटोली | ओल्ड थाना रोड, मुर्खासाह लेन, राजाबली स्ट्रीट, शरदबाबु लेन, कोनका, सिरमटोली, दिपुटोली, गुगुंटोली, क्लब रोड, राजाबंगला कम्पाउण्ड, राज ट्रांसपोर्ट कम्पाउण्ड, डॉ फतेहउल्लाह लेन, पाराडाईज लॉज, विश्वकर्मा मंदिर, गोपाल प्रेस, डाईभरसन रोड, पी0पी0 कम्पाउण्ड,, सेठिया कम्पाउण्ड, पुल टोली, ओल्ड ए0जी0 कॉलोनी कडरू, हरमु बस्ती का भाग, हाई कोर्ट कॉलोनी, फोरटाईप हरमु कॉलोनी, न्यु ए0जी0 कॉलोनी, बंसत विहार, ढेलाटोली, रामनगर एवं आसन्न क्षेत्र। | 1. श्री जयप्रकाश बड़ाईक, कनीय अभियंता मो0–9431519778 |
| 3 | चर्चरोड | चर्चरोड का भाग, गुदरी रोड का भाग, कर्बला टैंक रोड, डोम टोली, इस्लाम नगर, नया टोली, बसर टोली, पोल्टेकनिक कम्पाउण्ड, चटर्जी कम्पाउण्ड, डंगरा टोली, आईडियल लैण्ड, नया टोली का भाग, पत्थल कुदुवा, बैंक लाईन, आजाद बस्ती, पुरूलिया रोड का भाग, संत लुईस कम्पाउण्ड, काली स्थान रोड, दालपटट्टी रोड, रंगसाज मस्जिद लेन, नाजिर अली लेन, बलदेव सहाय लेन, मिशन कम्पाउण्ड, संत जेवियर कॉलेज कम्पाउण्ड, संत जॉन स्कुल, सर्जना चौक से काली स्थान, चर्चरोड का पूर्वी भाग एवं आसन्न क्षेत्र। | 1. श्री प्रभात कुमार, कनीय अभि0 मो0–9031000628 |
| 4 | कॉटाटोली | ओल्ड एच0बी0 रोड, खोरहाटोली, कॉटाटोली, कसाई मोहल्ला, इदरीस कॉलोनी, हरिजन मोहल्ला, लोवाडीह, शांति नगर, आजाद कॉलोनी, इस्लाम नगर, खातून नगर, शंकर नगर, चुटिया सामलोंग का भाग, चुटिया मेनरोड का उत्तरी भाग, हाईटेंशन इन्सुलेटर कॉलोनी, धुमासा टोली, रिफ्युजी कॉलोनी, टंगटंग टोली, टुंकी टोली, कटहल टोली, कॉटाटोली, मकचुन्द टोली, चुटिया महादेव टोली, तेली टोली, चुटिया मेन रोड का दक्षिणी भाग, साई टोली, गोसाई टोली, बेनी साहु गली, पावर हाउस, किषन सिंह कॉलोनी, एफ0सी0आई0 गोदाम, भट्ठा टोली एवं आसन्न क्षेत्र। | 1. श्री जयप्रकाश बड़ाईक, कनीय अभियंता मो0–9431519778 |
| 5 | लालपुर | पीसरोड, इन्डस्ट्रीयल एरिया, कुम्हार टोली, पुरूलिया रोड, मोहरम बस्ती, जेवियर नगर, बिरसा मुण्डा समाधी स्थल, कानवेंटलाईन, उद्धवबाबु लेन, थरपखना, बड़ई टोली, पी0एन0बोस कॉलोनी, ईस्ट जेल रोड, राधागोविन्द स्ट्रीट, गोपीनाथ लेन, मोतीबाबु लेन, कालीचरण लेन, साउथ समाज लेन न0–1,2, ताराबाबु लेन, महेन्द्र महिला कॉलेज काम्पाउण्ड, न्यु नगरा टोली, करमटोली, महिला महा विद्यालय, आदिवासी हॉसटेल, वर्दमान कम्पउण्ड का हिस्सा, धोबी घाट रामेष्वरम्, गौतमबुद्ध रोड, अहिर टोली रोड, सैनिक स्कुल लेन, षिवदायल सहाय रोड, श्रद्धानन्द रोड, नौवाटोली, कालीबाबु स्ट्रीट, जगतपाल स्ट्रीट, नीलरतन एवं आसन्न क्षेत्र। | 1. श्री प्रभात कुमार, कनीय अभि0 मो0–9031000628 |
| 6 | आवास प्रशाखा | शंकर टोली, भरणटोली, हिलव्यू रोड, श्रेया इनकेल्वभ, तेतर टोली, बनिया टोली, बड़गाई टोली, नालन्दा कॉलोनी, चित्रगुप्त कॉलोनी, बुटी बस्ती, आनन्द नगर, पी0एच0ई0डी0 कॉलोनी, रामटहल चौधरी हाई स्कुल, जयप्रकाश नगर, बरियातु हाउसिंग कॉलोनी, मेडिकल कॉलेज, रानी बगान, जोड़ा तलाब, बरियातु बस्ती, सत्तार कॉलोनी, बरियातु स्टाफ क्वाटर, हैदर नगर, चेशायरहोम रोड, युनिवरसिटी कॉलोनी एवं आसन्न क्षेत्र। | 1. श्री जयप्रकाश बड़ाईक, कनीय अभियंता मो0–9431519778 |
| 7 | बुटी जलागार | पम्प हाउस कैम्पस के सभी अवयव एवं पम्प हाउस से बूटी पहाड़ी जलागार के सभी राईजिंग पाईप लाईन एवं बूटी पहाड़ी जलागार से मेडिकल/जिला स्कूल/रातु रोड पाईप लाईनें, डी0ए0भी0 नन्दराज स्कूल के सामने चेक पोस्ट, बूटी तक। | 1. श्री अजित कुमार तिवारी, कनीय अभि0 मो0–8409448014 |

**नोट** – स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल अन्तर्गत पाइप लाइन मरम्मति से संबंधित कार्यो के समाधान हेतु अवर प्रमंडलीय कार्यालय में भी शिकायत पंजी उपलब्ध है।

सहायक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा
वितरण अवर प्रमंडल सं0– 01, रांची

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा
वितरण प्रमंडल, रांची

PR 295951 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कार्यशाला को संबोधित किया

# भारत और सिंगापुर दोनों भविष्य के लिए मिल कर काम कर सकते हैं: धर्मेंद्र प्रधान




### शिक्षा और कौशल को समान महत्व दिया

उन्होंने कहा कि जब तक हम अपनी युवा जनसांख्यिकी को कौशल, पुनः कौशल और कौशल उन्नयन प्रदान नहीं करते हैं और उन्हें भविष्य के काम के लिए तैयार नहीं करते हैं, तब तक हम वैश्विक जिम्मेदारियों को पूरा नहीं कर सकते हैं। श्री प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में परिकल्पित एनइपी 2020 पर प्रकाश डाला, जिसमें शिक्षा और कौशल को समान महत्व दिया गया है। इसने नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के माध्यम से स्कूली शिक्षा और स्किलिंग, हॉरिजांटल और वर्टिकल मोबिलिटी को एक साथ लाने का मार्ग प्रशस्त किया है और भारत के कौशल इकोसिस्टम को फिर से परिभाषित किया है। श्री प्रधान ने जोर देकर कहा कि भारत सिंगापुर के बीच संयुक्त कार्यशाला सिंगापुर की विशेषज्ञता और ज्ञान का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करेगी और कौशल में बाधाओं को दूर करने और भारतीय कौशल इकोसिस्टम को और बदलने के लिए अनुभवों को साझा करने की सुविधा प्रदान करेगी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलबार को भुवनेश्वर में वर्क ऑफ फ्यूचर स्किल आर्किटेक्चर एंड गवर्नेंस मॉडल्स ऑफ इंडिया एंड सिंगापुर पर कार्यशाला को संबोधित किया। भारत में सिंगापुर गणराज्य के उच्चायुक्त साइमन वोंग, सिंगापुर के शिक्षा मंत्रालय की उपसचिव (उच्च शिक्षा एवं कौशल) मेलिसा खू, पूर्ण सत्र में उपस्थित थे। उच्च शिक्षा सचिव के. संजय मूर्ति, कौशल विकास और उद्यमिता सचिव अतुल कुमार तिवारी, स्कूल शिक्षा और साक्षरता सचिव श्री संजय कुमार और शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यशाला में भाग लिया। इस अवसर पर श्री प्रधान ने जी-20 तीसरी इडीडब्ल्यूजी बैठक से इतर आयोजित होने वाली एक-दिवसीय कार्यशाला में भारत और सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल, कौशल इकोसिस्टम के हितधारकों, शिक्षाविदों और छात्रों के बीच उपस्थित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। श्री प्रधान ने कहा कि कौशल विकास और ज्ञान आधारित सहयोग रणनीतिक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण तत्व है। विशेष रूप से भविष्य के लिए तैयार कार्यबल तैयार करने की दिशा में आपसी प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए भारत और सिंगापुर दोनों के लिए मिलकर काम करने की अपार संभावनायें हैं। उन्होंने कहा कि हमें कौशल को फिर से परिभाषित करना होगा और नये सिरे से कल्पना करनी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि स्किलिंग एक जीवन-पर्यंत घटक है। सदी के अगले चौथाई हिस्से में, वैश्विक कामकाजी आबादी का 25 प्रतिशत हिस्सा भारत का होगा। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कार्य का भविष्य के संदर्भ में, भारत और सिंगापुर तीन प्रमुख पहलुओं पर समग्र रूप से विचार-विमर्श कर रहे हैं। साइमन वोंग ने अपने संबोधन में सिंगापुर के भारत के साथ घनिष्ठ संबंधों के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि सिंगापुर पहला देश है, जिसने अपनी तीव्र भुगतान प्रणाली पे-नाव के माध्यम से यूपीआइ के साथ संबंध स्थापित किया है। साथ ही, कुछ दिन पहले भारतीय रॉकेट पीएसएलवी ने सिंगापुर के दो उपग्रहों को कक्ष में स्थापित किया था। उन्होंने कहा कि इस सहयोग को स्किलिंग के क्षेत्र में विस्तारित करने का एक बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि सिंगापुर किसी को पीछे नहीं छोड़ने, अच्छी नौकरियों के लिए प्रशिक्षण और एक आत्मविश्वास से भरे राष्ट्र के निर्माण के कौशल दर्शन का अनुसरण करता है क्योंकि अच्छी नौकरी से व्यक्तियों और उनके परिवारों का आत्मविश्वास बढ़ता है। इस कार्यशाला के तीन 3उद्देश्य थे। (ए) शिक्षा और कौशल के क्षेत्र में प्रगतिशील सुधार के समृद्ध इतिहास वाले दो देशों भारत और सिंगापुर के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान को उत्प्रेरित करना। आज की कार्यशाला में चर्चाओं ने सर्वोत्तम तौर-तरीकों और नीति प्रतिक्रियाओं के बारे में सीखने की सुविधा प्रदान की जो मजबूत शिक्षा और कौशल संबंधी इकोसिस्टम के विकास को सक्षम बनाती हैं।

























# नीट यूजी की परीक्षा 7 मई को, बायोलॉजी में पहले जूलॉजी के सवाल हल करें, फिर लोअर प्लांट के सवाल



### जूलॉजी के सवाल को पहले हल करें

बायोम संस्थान के डायरेक्टर पंकज सिंह ने बताया कि जूलॉजी के सवाल बॉटनी से ज्यादा आसान होते हैं। इसलिए जूलॉजी के सवाल को पहले हल करें। लोअर प्लांट के सवाल को सबसे आखरी में बनाएं। इकोलॉजी में डेटा से संबंधित सवाल होते हैं, इसे अच्छे से पढ़ लें। असर्सन रीजनिंग के सवाल थोड़े लेंदी होते हैं, पहले रीजन को फिर असर्सन को पढ़ें। सवाल समझने में आसानी होगी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देश के मेडिकल संस्थानों में नामांकन के लिए ली जाने वाली नीट यूजी 2023 की परीक्षा 7 मई को होने वाली है। जो पेन पेपर मोड पर दोपहर दो बजे से शाम 5.20 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए इंग्लिश माध्यम चुनने वाले छात्रों को सिर्फ इंग्लिश में टेस्ट बुकलेट दिया जाएगा। वहीं हिंदी भाषा चुनने वालों को हिंदी और इंग्लिश में टेस्ट बुकलेट दी जाएगी। इसके अलावा क्षेत्रिय भाषा चुनेन वाले छात्रों को क्षेत्रीय भाषा व इंग्लिश में टेस्ट बुकलेट दिया जाएगा। नीट परीक्षा एक्सपर्ट के अनुसार परीक्षा के लिए बचे हुए दिन काफी महत्वपूर्ण हैं। जिसमें अपनी एक्युरेसी व छोटी-छोटी गलती पर पकड़ बना कर परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। एक्युरेसी के लिए सवाल को दो पार्ट में सॉल्व करें। पहली बार में आसान सवालों को हल करें। वहीं दूसरी बार में छोड़े हुए सवालों को सॉल्व करें।

### इंटरनल कैलकुलेशन से बचें पेपर पर ही कैलकुलेशन करें

छात्र मैकेनिक्स के कैलकुलेशन वाले सवाल में गलतियां करते हैं। इससे 50 से 60 अंक के सवाल होते हैं। इसमें इंटरनल कैलकुलेशन से बचना चाहिए, पेपर पर ही कैलकुलेशन करें। स्टेप स्कीप ना करें, सही फॉर्मूला अप्लाई करें। मॉटटेस्ट देकर, एनालिसिस जरुर करें।

### ऑर्गेनिक केमेस्ट्री के लिए रिएक्शन को याद रखें

फिजीकल केमेस्ट्री में कैलकुलेशन ज्यादा होते है। इक्वीलिब्रियम के सवाल नहीं हल हो रहे हों तो छोड़ कर आगे बढ़ें, दूसरे अटेंप्ट में हल करें। ऑर्गेनिक केमेस्ट्री में रिएक्शन को अच्छे से याद कर लें। छात्र पॉलीमर, एवरीडे लाइफ, सरफेस केमेस्ट्री के चैप्टर को को छोड़ देते हैं। इससे भी सवाल पूछे जाते हैं, इसे भी अच्छे से पढ़ लें।

# रेलवे संरक्षा कर्मचारी हुए सम्मानित

**उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** सत्यबान बारिक, स्टेशन मास्टर, बामूर, आर. अंजनेयुलु, मालगाड़ी प्रबंधक, टिटिलागढ़, जालंधर, पॉइंट्समैन-बी, कोमाखान और एसके जंघेल, पॉइंट्समैन-ए, महासमुंद को संरक्षा में उनकी सतर्कता और संरक्षा नियमों और विनियमों का पालन करने, ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर, विनीत सिंह ने अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक तन्मय मुखोपाध्याय, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी एसके. नंदा और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

### सोआ छात्रों के स्टार्ट-अप को जी-20 'फ्यूचर वर्क स्टाइल्स एंड स्किल्स' प्रदर्शनी में सम्मानित किया गया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** आइएमएमटी परिसर में आयोजित जी-20 एजुकेशन वर्किंग ग्रुप की बैठक के मौके पर आयोजित 'भविष्य की कार्य शैलियां और कौशल' प्रदर्शनी के तीसरे दिन, एआईसीटी के अध्यक्ष प्रोफेसर टी.जी. सीताराम ने शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) छात्रों के स्टार्ट-अप की प्रशंसा की। प्रो. सीताराम ने सोआ के सीआइआइ प्रदर्शक बूथ का दौरा किया और छात्रों द्वारा विकसित स्टार्ट-अप की सराहना की। इस अवसर पर सोआ के अतिरिक्त डीन (छात्र मामले) आइटीइआर प्रोफेसर रेणु शर्मा और सोआ के अध्यक्ष ओएसडी प्रीतम नायक सहित सोआ के छात्रों उपस्थित थे।

### दुनियाभर के लोगों तक हेल्थकेयर पहुंचाना हमारा लक्ष्य: मोदी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित हो रहे 'वन अर्थ, वन हेल्थ' समिट का वर्चुअली उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर के लोगों तक हेल्थकेयर को पहुंचाना और इसे अफॉर्डेबल बनाना है। कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग भी शामिल हुए। पीएम ने आगे कहा- मेड इन इंडिया कोविड वैक्सीन और दवाओं के जरिए लोगों की जिंदगी बचाने के मिशन में भारत ने कई देशों की मदद की है। भारत ने कोविड महामारी के दौरान 30 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन डोज 100 से ज्यादा देशों में पहुंचाई हैं। यह हमारी क्षमता और प्रतिबद्धता को दिखाता है।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**